UPSC

IAS PRELIMS

General Studies & CSAT

SOLVED PAPERS

यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स

संघ लोक सेवा आयोग

# UPSC IAS

2025

BILINGUAL HINDI & ENGLISH

प्रारम्भिक परीक्षा

# सॉल्व्ड पेपर्स

1993-2024

## सामान्य अध्ययन & CSAT

परीक्षा ज्ञान कोश

अध्यायवार सटीक विश्लेषण एवं व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र

संघ लोक सेवा आयोग की ANSWER-KEY द्वारा प्रमाणित

# विषय सूची : सामान्य अध्ययन

## भाग-I : आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा प्रथम प्रश्न-पत्र


■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 1993 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........3-35
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 1994 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........36-66
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 1995 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........67-97
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 1996 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........98-125
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 1997 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........126-155
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 1998 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........156-188
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 1999 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........189-223
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2000 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........224-258
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2001 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........259-293
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2002 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........294-329
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2003 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........330-362
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2004 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........363-398
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2005 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........399-430
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2006 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........431-466
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2007 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........467-496
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2008 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........497-523
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2009 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........524-551
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2010 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........552-584
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2011 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........585-610
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2012 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........611-639
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2013 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........640-663
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2014 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........664-687
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2015 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........688-711
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2016 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........712-739
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2017 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........740-764
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2018 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........765-795
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2019 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........796-824
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2020 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........825-852
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2021 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........853-882
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2022 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........883-912
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2023 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........913-942
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2024 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........943-974


## भाग-II : आई. ए. एस. परीक्षा (सीसैट) द्वितीय प्रश्न-पत्र


■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2011 सी-सैट द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल........1-23
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2012 सी-सैट द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल........24-48
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2013 सी-सैट द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल........49-72
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2014 सी-सैट द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल........73-95
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2015 सी-सैट द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल........96-120
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2016 सी-सैट द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल........121-144
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2017 सी-सैट द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल........145-167
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2018 सी-सैट द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल........168-193
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2019 सी-सैट द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल........194-220
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2020 सी-सैट द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल........221-248
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2021 सी-सैट द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल........249-280
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2022 सी-सैट द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल........281-304
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2023 सी-सैट द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल........305-336
■ आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2024 सी-सैट द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल........337-368

# आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 1993
# सामान्य अध्ययन
### हल प्रश्न-पत्र
### (अध्यायवार विश्लेषण सहित व्याख्या)

## प्राचीन इतिहास

## वैदिक सभ्यता

**1. The term nishka, which meant an ornament in the Vedic period, was used in later times to denote a/an:**
**वैदिक काल में निष्क शब्द का प्रयोग एक आभूषण के लिए होता था किन्तु परवर्ती काल में उसका प्रयोग इस अर्थ में हुआ :**

(a) Weapon/शस्त्र
(b) Agricultural implement/कृषि औजार
(c) Script/लिपि
(d) Coin/सिक्का

**उत्तर –(d)**

**व्याख्या–** वैदिक काल में गले के आभूषण के लिए 'निष्क' शब्द का प्रयोग किया जाता था, परन्तु परवर्ती काल में 'निष्क' का प्रयोग सिक्के के लिए किया जाने लगा।
**(स्त्रोत - प्राचीन भारत का इतिहास - के. सी. श्रीवास्तव)**

## बौद्ध, जैन, भागवत एवं शैव धर्म

**2. The Buddhist sect Mahayana formally came into existence during the reign of:**
**बौद्ध धर्म की महायान शाखा औपचारिक रूप से किसके शासन काल में प्रकट हुई?**

(a) Ajatashatru/अजातशत्रु (b) Ashoka/अशोक
(c) Dharmapala/धर्मपाल (d) Kanishka/कनिष्क

**उत्तर –(d)**

**व्याख्या–**प्रथम शताब्दी ईस्वी में कुषाण वंश के सर्वाधिक योग्य एवं महान शासक तथा बौद्ध महायान शाखा के अनुयायी कनिष्क के शासन काल में कश्मीर के कुण्डलवन में बौद्ध धर्म की चतुर्थ एवं अन्तिम बौद्ध संगीति का आयोजन वसुमित्र की अध्यक्षता में (उपाध्यक्ष- अश्वघोष) हुआ। इसी संगीति में बौद्ध धर्म औपचारिक रूप से दो भागों - हीनयान तथा महायान में विभाजित हो गया। हीनयानी हीनमार्गी तथा रूढ़िवादी थे, इन्होंने बिना किसी परिवर्तन के बुद्ध के मूल उपदेशों को ग्रहण किया। महायानी उत्कृष्टमार्गी तथा सुधारवादी थे। उन्होंने बुद्ध को अवतार मानकर उनकी मूर्ति पूजा प्रारम्भ कर दी। इस समय तिब्बत, चीन, कोरिया, मंगोलिया एवं जापान में महायानी तथा लंका, बर्मा, जावा आदि देशों में हीनयानी फैले हैं। हीनयान के दो सम्प्रदाय हैं–वैभाषिक एवं सौत्रांतिक, महायान भी दो सम्प्रदायों में बंट गया–1- शून्यवाद या माध्यमिक इसके प्रवर्तक नागार्जुन थे, 2- विज्ञानवाद या योगाचार – इसके प्रवर्तक मैत्रेयनाथ थे। ज्ञातव्य है कि हर्यक वंश के शासक अजातशत्रु के समय 483 ई. पू. में राजगृह की सप्तपर्णी गुफा में महाकस्सप की अध्यक्षता में प्रथम बौद्ध संगीति, शिशुनाग वंशी शासक कालाशोक के समय 383 ई. पू. में वैशाली में महाकच्चायन की अध्यक्षता में द्वितीय बौद्ध संगीति तथा मौर्यवंश के महान शासक अशोक के समय 251 ई. पू. में पाटलिपुत्र में मोग्गलिपुत्त तिस्स की अध्यक्षता में तृतीय बौद्ध संगीति आयोजित की गई थी।

**3. In Jainism 'perfect knowledge' is referred to as:**
**जैन धर्म में 'पूर्णज्ञान' के लिए क्या शब्द है?**

(a) Jina/जिन (b) Ratna/रत्न
(c) Kaivalya/कैवल्य (d) Nirvana/निर्वाण

**उत्तर –(c)**

**व्याख्या–**जैनियों के 24वें तीर्थंकर एवं जैनधर्म के वास्तविक संस्थापक महावीर स्वामी को 12 वर्ष की कठिन तपस्या के पश्चात् 42 वर्ष की आयु में जृम्भिकग्राम के समीप ऋजुपालिका नदी के किनारे सर्वोच्च अथवा पूर्ण ज्ञान की प्राप्ति हुई। इसी 'पूर्णज्ञान' को ही 'कैवल्य' कहा गया। 'कैवल्य' प्राप्त हो जाने के बाद स्वामी महावीर 'केवलिन', 'जिन' अर्थात् विजेता, 'अर्ह' (योग्य), 'निर्ग्रंथ' (बंधनरहित) कहलाए। जैनधर्म के त्रिरत्न हैं- (1) सम्यक ज्ञान, (2) सम्यक् श्रद्धा, (3) सम्यक आचरण (चरित्र)। ज्ञातव्य है कि 'निर्वाण' बौद्ध धर्म का परम पद (लक्ष्य) है, जिसका अर्थ है 'दीपक का बुझ जाना' अर्थात् जन्म-मरण चक्र से मुक्त हो जाना।
**(स्त्रोत - प्राचीन भारत का इतिहास - के. सी. श्रीवास्तव)**

**4. The last in the succession of Jaina Tirthankaras was:**
**जैन तीर्थंकरों के क्रम में अंतिम कौन था?**

(a) Parsvanatha/पार्श्वनाथ (b) Rishabha/ऋषभदेव
(c) Mahavira/महावीर (d) Manisubrata/मणिसुव्रत

**उत्तर –(c)**

**व्याख्या–**जैन परम्परा के अनुसार इस धर्म में कुल चौबीस (24) तीर्थंकर हुए। 24 तीर्थंकरों में ऋषभदेव को जैनधर्म के संस्थापक, प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर के रूप में जाना जाता है। पार्श्वनाथ जैन धर्म के तेइसवें एवं ऐतिहासिक तीर्थंकर थे। पार्श्व के अनुयायियों को 'निर्ग्रंथ' कहा जाता है। महावीर स्वामी जैनधर्म के अन्तिम एवं 24वें तीर्थंकर तथा जैन धर्म के वास्तविक संस्थापक थे। स्वामी महावीर का जन्म वैशाली के निकट कुण्डग्राम (बज्जिसंघ का गणराज्य) के ज्ञातृक कुल के प्रधान सिद्धार्थ के यहां 599 ई0पू0 में हुआ था। इनकी माता त्रिशला अथवा विदेहदत्ता वैशाली के लिच्छवि कुल के प्रमुख चेटक की बहन थीं तथा पत्नी यशोदा थी जिससे 'प्रियदर्शना' नामक पुत्री का जन्म हुआ। स्वामी महावीर को 12 वर्ष की तपस्या के बाद 42 वर्ष की अवस्था में जृम्भिकग्राम के समीप ऋजुपालिका नदी के किनारे साल के एक वृक्ष के नीचे कैवल्य (सर्वोच्च ज्ञान) की प्राप्ति हुई थी।
**(स्त्रोत-प्राचीन भारत का इतिहास - के. सी. श्रीवास्तव)**

## मौर्य एवं मौर्योत्तर काल

**5. Ashokan inscriptions were first deciphered by:**
**अशोक के शिलालेखों को सर्वप्रथम किसने पढ़ा था?**

(a) Buhler/भूहलर
(b) Robert Sewell/रॉबर्ट सेबेल
(c) James Prinsep/जेम्स प्रिन्सेप
(d) Codplngton/कॉड्रिगटन

**उत्तर –(c)**

**व्याख्या–** अशोक का इतिहास हमें मुख्यतः उनके अभिलेखों से ही ज्ञात होता है। अभी तक अशोक के 40 से भी अधिक अभिलेख प्राप्त हो चुके हैं। अशोक के शिलालेखों को सर्वप्रथम 1837 में जेम्स प्रिन्सेप ने पढ़ा।
**(स्रोत-प्राचीन भारत का इतिहास - के. सी. श्रीवास्तव)**

**6. Chanakya, was also known as:**
**चाणक्य का अन्य नाम था :**

(a) Bhattasvamin/भट्टस्वामी
(b) Vishnugupta/विष्णुगुप्त
(c) Rajasekhara/राजशेखर
(d) Vishakhadatta/विशाखदत्त

**उत्तर –(b)**

**व्याख्या–**चाणक्य प्राचीन भारत के राजनीतिक चिन्तक तथा कूटनीतिज्ञ थे। चाणक्य को 'विष्णुगुप्त' तथा 'कौटिल्य' आदि अन्य नामों से जाना जाता है। ज्ञातव्य है कि चाणक्य ने 322 ई. पू. में चन्द्रगुप्त मौर्य की सहायता से मगध के शिशुनाग वंश के अंतिम शासक घनानन्द की हत्या कराकर भारत में मौर्य वंश की स्थापना का महत्त्वपूर्ण कार्य सम्पन्न किया था। मौर्य प्रशासन के अंतर्गत ही सर्वप्रथम भारत का राजनीतिक एकीकरण हुआ। उल्लेखनीय है कि चाणक्य ने चन्द्रगुप्त मौर्य तथा बिन्दुसार के राज्य शासन का संचालन किया तथा प्रधानमंत्री पद पर कार्य किया। कौटिल्य द्वारा रचित 'अर्थशास्त्र' नामक ग्रंथ भारत का प्रथम राजनीतिक ग्रंथ माना जाता है। लगभग 6000 श्लोकों वाले इस ग्रंथ (अर्थशास्त्र) में मौर्यकालीन इतिहास एवं राजनीति की महत्त्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है। 'अर्थशास्त्र' महत्वपूर्ण `विधिग्रंथ' है, जो पन्द्रह अधिकरणों (खण्डों) में विभाजित है, जिसमें द्वितीय एवं तृतीय खण्ड सर्वाधिक प्राचीन है। विशाखदत्त ने 'मुद्राराक्षस' तथा राजशेखर ने 'कर्पूरमंजरी' नामक ग्रंथ की रचना की।
**(स्रोत-प्राचीन भारत का इतिहास-के. सी. श्रीवास्तव)**

## गुप्तकाल एवं गुप्तोत्तर काल तथा बर्द्धन वंश

**7. The earliest rock-cut caves in western India are those at:**
**पश्चिमी भारत में प्राचीनतम शैलकृत्त गुफाएं कहां हैं?**

(a) Nasik, Ellora and Ajanta
नासिक, एलोरा और अजन्ता
(b) Junnar, Kalyan and Pitalkhora
जुभार, कल्याण और पीतलखोरा
(c) Ajanta, Bhaja and Kondane
अजन्ता, भाजा और कोंडने
(d) Bhaja, Pitalkhora and Kondane
भाजा, पीतलखोरा और कोंडने

**उत्तर –(c)**

**व्याख्या–**पश्चिमी भारत में प्राचीनतम शैलकृत गुफाएँ (चैत्यगृह या गुहा मन्दिर) महाराष्ट्र के अजन्ता, भाजा एवं कोंडने में स्थित है। महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में स्थित अजन्ता से प्राप्त कुल 29 गुफाओं में से 6 गुफाएँ (गुफा संख्या - 9, 10, (चैत्यगृह), 8, 12, 13, 15 (विहार) द्वितीय शताब्दी ई.पू. से प्रथम शताब्दी ईस्वी के बीच वाकाटकों के समय, गुफा संख्या-16 एवं 17 पांचवी शताब्दी ईस्वी में गुप्तों के समय तथा गुफा संख्या 1 एवं 2 गुप्तोत्तर काल में निर्मित की गई। बौद्ध धर्म से सम्बन्धित इन विश्व प्रसिद्ध गुफाओं में गुप्तकाल में निर्मित गुफा संख्या 16 में उत्कीर्ण 'मरणासन्न' राजकुमारी' का चित्र तथा गुफा संख्या 17 में उत्कीर्ण 'माता और शिशु' का चित्र कला की दृष्टि से सर्वोत्कृष्ट है। महाराष्ट्र के पुणे जिले में स्थित 'भाजा' में द्वितीय शताब्दी ई. पू. में निर्मित की गई कुल 22 गुफाएँ हैं, जिनमें चैत्यगृह, विहार एवं स्तूप सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त कोंडने से भी प्रथम शताब्दी ईस्वी के प्रारम्भ में निर्मित एक विशाल चैत्यगृह एवं 3 बौद्ध विहार मिलते हैं। ज्ञातव्य है कि एलोरा (औरंगाबाद-महाराष्ट्र) की शैलकृत गुफाएँ राष्ट्रकूटों के समय 7वीं से 9वीं शताब्दी के बीच बनाई गई जो जैन, बौद्ध एवं हिन्दू तीनों धर्मों से सम्बंधित है। जबकि पीतलखोरा (औरंगाबाद-महाराष्ट्र) की गुफाएँ भी द्वितीय शताब्दी ई. पू. में निर्मित मानी जाती है।
**(स्रोत - प्राचीन भारत का इतिहास - के. सी. श्रीवास्तव)**

**8. Among the four works mentioned below which one is encyclopedic in nature?**
**निम्नलिखित चार ग्रंथों में से कौन सा विश्वकोषीय ग्रंथ है?**

(a) Amarakosha/अमरकोश
(b) Siddhanta Shiromani/सिद्धांतशिरोमणि
(c) Brihat-Samhita/वृहत्संहिता
(d) Ashtangahrdaya/अष्टांगहृदय

**उत्तर –(c)**

**व्याख्या -** वृहत्संहिता गुप्तकाल में वाराहमिहिर द्वारा संस्कृत में रचित एक विश्वकोष है।

**9. Who among the following is NOT associated with medicine in India?**
**निम्नलिखित में से किस का प्राचीन भारत के आयुर्वेद शास्त्र से संबंध नहीं है?**

(a) Dhanvantari/धन्वन्तरि
(b) Bhaskaracharya/भास्कराचार्य
(c) Charaka/चरक
(d) Susruta/सुश्रुत

**उत्तर –(b)**

**व्याख्या–**सन् 1114 ई. में जन्में भास्कराचार्य भारत के महान गणितज्ञ एवं खगोलशास्त्री थे। इनका आयुर्वेदशास्त्र से कोई संबंध नही था। भास्कराचार्य द्वारा लिखित गणित ग्रंथ 'लीलावती' तथा खगोलविद्या से सम्बन्धित ग्रंथ 'सिद्धान्त शिरोमणि' है। प्रश्न में प्रस्तुत शेष तीनों प्राचीन भारतीय हस्तियाँ चरक, सुश्रुत एवं धन्वन्तरि आयुर्वेद के प्रसिद्ध चिकित्सक थे। ईसा की प्रथम शताब्दी में कुषाण शासक कनिष्क के शासन काल में जन्में चरक को 'आधुनिक चिकित्सा विज्ञान का पिता' कहा जाता है। इनकी प्रसिद्ध कृति 'चरक संहिता' है। चौथी शताब्दी में चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के शासन काल के प्रसिद्ध वैद्य धन्वन्तरि का जन्म दिवस प्रतिवर्ष दीवाली के पूर्व धनतेरस के दिन मनाया जाता है। सुश्रुत द्वितीय सदी के प्रसिद्ध वैद्य थे इन्होंने 'सुश्रुत संहिता' नामक प्रसिद्ध शल्य चिकित्सा के ग्रंथ की रचना की।
**(स्रोत - प्राचीन भारत का इतिहास - के. सी. श्रीवास्तव)**

## 800-1200 की राजनैतिक सामाजिक स्थिति

**10. Consider the following passage:**
**निम्नलिखित अवतरण पर ध्यान दीजिए :**

**"In the course of a career on the road spanning almost thirty years, he crossed the breadth of the Eastern hemisphere, visited territories equivalent to about 44 modern countries, and put behind him a total distance of approximately 73,000 miles." The world's greatest traveller of pre-modern times to whom the above passage refers is:**

**''अपने लगभग तीस वर्ष के व्यापक यात्री जीवन में उसने पूर्वी गोलार्द्ध के विस्तृत भू-भाग की यात्रा की, उस विशाल भू-भाग को देखा जिस में आज कोई 44 देश आते हैं और कुल मिलाकर लगभग 73000 मील की दूरी चलकर पार की।''**

**पूर्व-आधुनिक काल का संसार का सबसे बड़ा वह यात्री कौन था जिसका वर्णन ऊपर के अवतरण में है?**

(a) Megasthenes/मेगस्थनीज
(b) Fa-hien /फॉहियान
(c) Marco Polo/मार्कोपोलो
(d) Ibn Battuta/इब्नबतूता

**उत्तर –(d)**

**व्याख्या –** मोरक्को का इब्नबतूता भू-भाग की लम्बाई एवं विशालता की दृष्टि से मार्कोपोलो से भी बड़ा घुमक्कड़ था। उसने दक्षिण अफ्रीका, पश्चिमी अफ्रीका, दक्षिणी एवं पूर्वी यूरोप, मध्य पूर्व, भारतीय उपमहाद्वीप, मध्य एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया एवं चीन क्षेत्र के 44 देशों में लगभग 73000 मील/117000 किमी. की दूरी अपने 30 वर्षों के यात्री जीवन में तय की थी। इब्नबतूता मुहम्मद बिन तुगलक के समय भारत आया था।

**11. A lot of details, regarding the village administration under the Cholas is provided by the Inscriptions at**
**चोलों के अधीन ग्राम प्रशासन के बहुत से ब्यौरे जिन शिलालेखों में हैं वे कहाँ हैं?**

(a) Thanjavur/थंजावूर
(b) Uraiyur/उरैयूर
(c) Kanchipuram/कांचीपुरम्
(d) Uttaramerur/उत्तरमेरूर

**उत्तर –(d)**

**व्याख्या–**चोल सम्राट परान्तक के शासन के 12वें एवं 14वें वर्ष में प्रसिद्ध उत्तरमेरूर अभिलेखों से चोलकालीन स्थानीय स्वशासन एवं ग्राम प्रशासन अवस्था का समग्र चित्र उपलब्ध होता है। स्थानीय एवं ग्राम शासन प्रणाली चोल व्यवस्था की सर्वप्रमुख विशिष्टता है। चोल अभिलेख में मुख्यतः निम्न तीन प्रकार की ग्राम सभाओं का उल्लेख किया गया है- 1. 'उर', 2. 'सभा' या 'महासभा', 3. 'नगरम'। इनमें उर तथा सभा बालिग सदस्यों द्वारा निर्मित होती थी। गाँवों के सभी कार्यों की देखरेख एक कार्यकारिणी समिति करती थी, जिसे 'वारियम' कहते थे। 'नगरम' व्यापारी समुदाय की महत्त्वपूर्ण प्रशासकीय सभा थी। 'तंजावुर' चोलों की राजधानी थी तथा 'कांचीपुरम्' पल्लवों की राजधानी थी।
**(स्रोत-प्राचीन भारत का इतिहास-के. सी. श्रीवास्तव)**

**12. Which one of the following is considered to be the world's greatest iconographical creations made by the sthapatis of south India, particularly during the Chola period?**
**निम्नलिखित में से किस को दक्षिण भारत के विशेषकर चोल युग के स्थापत्यों की विश्व में श्रेष्ठतम प्रतिमा-रचना माना जाता है?**

(a) Mahishasura mardini/महिषासुरमर्दिनी
(b) Nataraja/नटराज
(c) Rama/राम
(d) Somaskanda/सोमस्कन्द

**उत्तर –(b)**

**व्याख्या–**दक्षिण भारत में चोल वंश की स्थापना 'विजयालय' ने की थी। महान चोल शासकों ने न केवल द्रविड़ स्थापत्य कला शैली को विकास के चरमोत्कर्ष पर पहुँचाया अपितु तक्षण कला व मूर्तिकला में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। चोलों के समय निर्मित धातु मूर्तियों में 'नटराज शिव' की कांस्य प्रतिमा को विश्व के श्रेष्ठतम् मूर्ति शिल्प में से एक माना जाता है। चोल शासक राजराज प्रथम ने तंजौर में राजराजेश्वर अथवा वृहदीश्वर मन्दिर का तथा उसके पुत्र राजेन्द्र प्रथम ने गंगैकोण्डचोलपुरम् में वृहदीश्वर मन्दिर का निर्माण कराया। वृहदीश्वर मंदिर की दीवारों पर अजन्ता की चित्रकला से प्रभावित चित्रकारी की गई है।
**(स्रोत - प्राचीन भारत का इतिहास - के. सी. श्रीवास्तव)**

**13. Which one of the following pairs of kings of ancient and medieval periods of Indian history and the works authored by them is correctly matched?**
**नीचे के युग्मों में एक ओर प्राचीन और मध्य युग के राजाओं के नाम हैं और दूसरी ओर उनके विरचित ग्रंथ हैं। इनमें से कौन सा युग्म सही सुमेलित है?**

(a) Krishnadevaraya : Samarangana sutradhara
कृष्णदेवराय : समरांगण सूत्रधार
(b) Mahendravarman : Mattavilasa prahasana
महेन्द्रवर्मन् : मत्तविलास प्रहसन
(c) Mahendravarman : Mattavilasaprahasana
भोजदेव : मानसोल्लास
(d) Somesvara : Amuktamalyada
सोमेश्वर : आमुक्त माल्यदा

**उत्तर –(b)**

**व्याख्या–** दक्षिण के पल्लव राजवंश का महान शासक महेन्द्रवर्मन एक महान कवि, संगीतज्ञ एवं निर्माता था। उसने 'मत्तविलासप्रहसन' नामक प्रसिद्ध हास्यग्रंथ की रचना की। इस ग्रंथ में कापालिकों एवं भिक्षुओं पर व्यंग्य किया गया है। जबकि मालवा के परमार शासक 'कविराज' भोज ने 'समरांगणसूत्रधार' (स्थापत्यशास्त्र से सम्बन्धित) तथा 'आयुर्वेद सर्वस्व' (चिकित्सा शास्त्र से सम्बंधित) पुस्तकों की रचना की। कल्याणी के चालुक्य शासक सोमेश्वर तृतीय ने शिल्पशास्त्र के प्रसिद्ध ग्रंथ 'मानसोल्लास' की तथा दक्षिण के हिन्दूराज्य विजयनगर के तुलुव वंश के महान शासक तथा तेलगू साहित्य के विद्वान कृष्णदेवराय ने तेलगू भाषा में 'आमुक्तमाल्यद' या 'विस्वुवितीय' एवं संस्कृत भाषा में एक नाटक 'जाम्बवती कल्याणम्' की रचना की। 'आन्ध्र पितामह' एवं 'अभिनव भोज' की उपाधियों से भूषित कृष्णदेवराय के दरबार में तेलगू कविता के 'अष्ट दिग्गज' (आठ कवि) रहते थे।
**(स्रोत - प्राचीन भारत का इतिहास - के. सी. श्रीवास्तव)**

# मध्यकालीन इतिहास

## दिल्ली सल्तनत

**14. Who among the following introduced the famous Persian Festival of NAWROJ in India?**
**निम्नलिखित में से किसने भारत में प्रसिद्ध फारसी त्यौहार नौरोज को आरंभ करवाया?**

(a) Balban/बलबन
(b) Iltutmish/इल्तुतमिश
(c) Firoz Tughlaq/फिरोज तुगलक
(d) Alauddin Khilji/अलाउद्दीन खिलजी

**उत्तर –(a)**

**व्याख्या–** ममलूक वंशी सुल्तानों में बलबन ने फारसी रीति-रिवाज एवं परम्पराओं को अपनाया था। उसने फारसी परम्परा सिजदा एवं पैबोस शुरू किया तथा इसी क्रम में फारसी त्यौहार नवरोज मनाना आरम्भ किया था। **(स्रोत - मध्यकालीन इतिहास - हरिश्चन्द्र वर्मा)**

## मुगल साम्राज्य

**15. नीचे दो कथन दिए हैं जिनमें से एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है :**

**Assertion (A) :** Babur wrote his memoirs Baburnama in Turki.
**कथन (A)** : बाबर ने बाबरनामा तुर्की में लिखा।

**Reason (R):** Turki was the official language of the Mughal Court.
**कारण ( R )** : तुर्की मुगल दरबार की राजभाषा थी।

**In the context of the above two statements which one of the following is correct?**
**ऊपर के दोनों कथनों के संदर्भ में बताइए कि निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

(a) Both A and R are true and R is the correct explanation of A
A और R दोनों सही है और A की सही व्याख्या R करता है
(b) Both A and R are true but R is not a correct explanation of A
Aऔर R दोनों सही हैं पर A की सही व्याख्या R नहीं करता है
(c) A is true but R is false/A सही है पर R गलत है
(d) A is false but R is true/A गलत है पर R सही है

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या–**'बाबरनामा' अथवा 'तुजुके बाबरी' नामक आत्मकथा की रचना प्रथम मुगल बादशाह बाबर ने की थी। बाबर द्वारा यह ग्रंथ तुर्की भाषा में लिखा गया। कालान्तर में बादशाह अकबर महान् के नवरत्न अब्दुर्रहीम खानखाना के द्वारा 'बाबरनामा' नाम से इसका अनुवाद फारसी भाषा में किया गया। इस ग्रंथ से भारत की 1504 से 1529 तक की राजनीतिक एवं प्रशासकीय स्थिति की जानकारी प्राप्त होती है। ध्यातव्य है कि मुगल शासकों की राजभाषा फारसी थी, तुर्की नहीं।
**(स्रोत - मध्यकालीन इतिहास - हरिश्चन्द्र वर्मा)**

**16. Which one of the following is a monument constructed by Sher Shah?**
**निम्नलिखित में से किस स्मारक का निर्माण शेरशाह ने करवाया था?**

(a) Qila-i-Kuhna Mosque at Delhi
दिल्ली का किला-ए-कुहना मस्जिद
(b) Atala Masjid at Jaunpur
जौनपुर की अतला मस्जिद
(c) Bara Sona Masjid at Gaur
गौर की बड़ा सोना मस्जिद
(d) Quwwat-ul-Islam Mosque at Delhi/
दिल्ली की कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद

**उत्तर –(a)**

**व्याख्या–**शेरशाह ने दिल्ली स्थित 'पुराना किला' के अन्दर किला-ए-कुहना नामक मस्जिद का निर्माण 1545 ई. में कराया था। इस मस्जिद के उज्ज्वल वास्तुकलात्मक गुणों के कारण उत्तर भारत की इमारतों में इसको उच्च स्थान दिया जाता है। जौनपुर की प्रसिद्ध 'अटाला मस्जिद' का निर्माण 1408 ई0 में इब्राहीम शाहशर्की ने, गौर की बड़ा सोना मस्जिद का निर्माण बंगाल प्रांत के शासक नुसरत शाह ने तथा दिल्ली की 'कुव्वत-उल-इस्लाम' मस्जिद का निर्माण भारत में तुर्की राज्य के संस्थापक कुतुबुद्दीन ऐबक (1206-1210) ने करवाया था।
**(स्रोत - मध्यकालीन इतिहास - हरिश्चन्द्र वर्मा)**

**17. In Mughal paintings one notices the adoption of principle of foreshortening whereby near and distant people and things could be placed in perspective. This was due to the influence of the**
**मुगल चित्र कला में अग्रसंक्षेपण का सिद्धान्त अपनाया हुआ दिखाई देता है जिससे निकट और दूर के व्यक्ति तथा पदार्थ एक ही परिप्रेक्ष्य में आ जाते हैं। ऐसा किसके प्रभाव के कारण हुआ?**

(a) British/ब्रिटिश (b) Dutch/डच
(c) Portuguese/पुर्तगाली (d) Danish/डेनमार्की

**उत्तर –(c)**

**व्याख्या–**मुगल शासक जहांगीर का काल मुगल चित्रकाल के चरमोत्कर्ष का काल है। मुगलकालीन चित्रकला शैली फारसी (ईरानी), भारतीय तथा यूरोपीय चित्रकला शैलियों से प्रभावित थी। मुगल चित्र शैली में अग्रसंक्षेपण का सिद्धान्त जिसके अंतर्गत निकट एवं दूरस्थ व्यक्ति एवं पदार्थ एक ही परिप्रेक्ष्य में चित्रित किए जाते थे, पुर्तगाली चित्रशैली के प्रभाव का परिणाम थी। मुगलकाल में यूरोपीय चित्रों के महत्त्वपूर्ण भागों को अपने चित्रों में संजोने वाले महत्त्वपूर्ण चित्रकारों में बसावन, केशवदास, मिशिकिन, दौलत, अबुल हसन आदि हैं। मिशकिन यूरोपीय प्रभाव वाले चित्र बनाने वाला सर्वप्रमुख चित्रकार था।
**(स्रोत - मध्यकालीन इतिहास - हरिश्चन्द्र वर्मा)**

# आधुनिक इतिहास

## मुगल साम्राज्य का विघटन एवं यूरोपीय वाणिज्य का प्रारम्भ

**18. The Ryotwari Settlement was introduced by the British in the:**
**अंग्रेजों ने रैयतवाड़ी बन्दोबस्त कहां लागू किया था?**

(a) Bengal Presidency/बंगाल प्रेसीडेन्सी
(b) Madras Presidency/मद्रास प्रेसीडेन्सी
(c) Bombay Presidency/बम्बई प्रेसीडेन्सी
(d) Madras and Bombay Presidencies
मद्रास प्रेसीडेन्सी और बंबई प्रेसीडेन्सी

**उत्तर –(d)**

**व्याख्या–**रैयतवाड़ी भूमि कर व्यवस्था मद्रास, बम्बई एवं असम के अधिकांश भागों में लागू की गई थी। रैयतवाड़ी व्यवस्था को सर्वप्रथम 1807 में कैप्टन रीड के प्रयासों से मद्रास के बारामहल जिले में लागू किया गया। थामस मुनरो उस समय मद्रास के गवर्नर थे। इस प्रकार रैयतवाड़ी व्यवस्था के जन्मदाता टॉमस मुनरो एवं कर्नल रीड थे। इस व्यवस्था में रैयतों (किसानों) को भूमि का वास्तविक स्वामी मानते हुए किसानों से प्रत्यक्ष रूप से उपज का 55 प्रतिशत से 66 प्रतिशत का भूराजस्व कम्पनी द्वारा वसूला गया। उल्लेखनीय है कि रैयतवाड़ी व्यवस्था के अंतर्गत ब्रिटिश भारत का कुल 51 प्रतिशत (सर्वाधिक) हिस्सा शामिल था। गवर्नर लार्ड कार्नवालिस ने 1793 ई. में बंगाल, बिहार, उड़ीसा में स्थायी बन्दोबस्त (इस्तमरारी बन्दोबस्त) नामक भूराजस्व व्यवस्था लागू की जिसके अंतर्गत जमींदारों को भूमि का स्वामी मानकर उनसे एक निश्चित दर से लगान वसूला जाने लगा।
**(स्रोत - आधुनिक भारत का इतिहास - ग्रोवर एवं यशपाल)**

## सामाजिक, सांस्कृतिक, जागृति, निम्नजाति, मजदूर संघ किसान आन्दोलन

**19. Uplift of the backward classes was the main programme of the:**
**पिछड़े वर्गों का उत्थान किसका मुख्य कार्यक्रम था?**
(a) Prarthana Samaj/प्रार्थना समाज
(b) Satyashodhak Samaj/सत्यशोधक समाज
(c) Arya Samaj/आर्य समाज
(d) Ramakrishna Mission/रामकृष्ण मिशन
**उत्तर —(b)**

**व्याख्या**—महाराष्ट्र के समाज सुधारक ज्योतिबाफूले ने निम्न जातियों के पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए सन् 1873 ई. में 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना की। ज्योतिबा फूले ने 'गुलाम गीरी' (1872), 'सार्वजनिक सत्य धर्म' नामक पुस्तकों की रचना की। इन पुस्तकों में ज्योतिबाफूले ने निम्न जातियों को पाखण्डी ब्राह्मणों एवं उनके अवसरवादी धर्म ग्रंथों से सुरक्षा दिलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रार्थना समाज की स्थापना महादेव गोविन्द रानाडे तथा आत्माराम पाण्डुरंग द्वारा 1867 में बम्बई में की गई। आर्य समाज की स्थापना दयानंद सरस्वती द्वारा 1875 ई. में बम्बई में की गई थी। जबकि रामकृष्ण मिशन की स्थापना स्वामी विवेकानन्द (बचपन का नाम नरेन्द्र नाथ) के द्वारा सन् 1897 में बेलूर (कलकत्ता) में की गई। ज्ञातव्य है कि सुभाषचन्द्र बोस ने विवेकानन्द को आधुनिक राष्ट्रीय आंदोलन का आध्यात्मिक पिता कहा।
**(स्रोत - आधुनिक भारत का इतिहास - ग्रोवर एवं यशपाल)**

## प्रमुख संस्थाएं, सन्धियां, आयोग, अधिनियम

**20. The foundation of modern educational system in India was laid by:**
**भारत में आधुनिक शिक्षा प्रणाली की नींव किससे पड़ी?**
(a) The Charter Act of 1813
1813 का चार्टर अधिनियम
(b) Macaulay's Minutes of 1835
1835 के मैकॉले के मिनट
(c) The Hunter Commission of 1882
1882 का हंटर आयोग
(d) Wood's Dispatch of 1854
1854 का वुड का डिस्पैच
**उत्तर —(b)**

**व्याख्या**—ब्रिटिश गवर्नर जनरल विलियम बैंटिक ने देशी या अंग्रेजी किस भाषा के माध्यम से शिक्षा दी जाय, के विवाद का समाधान करने के लिए अपनी कौंसिल के विधि सदस्य लार्ड मैकाले की अध्यक्षता में लोक शिक्षा समिति का गठन किया। 2 फरवरी, 1835 को मैकाले ने अपना प्रसिद्ध स्मरणार्थ लेख (मैकाले मिनट) प्रस्तुत किया, जिसमें भारतीय भाषा एवं साहित्य की आलोचना करते हुए आंग्ल भाषा को शिक्षा का माध्यम बनाने की सिफारिश की गई। गवर्नर जनरल विलियम बैंटिक ने मार्च, 1835 में मैकाले के प्रस्तावों को स्वीकार करते हुए अंग्रेजी को शिक्षा का माध्यम बनाकर भारत में आधुनिक पाश्चात्य शिक्षा प्रणाली की नींव डाली। ज्ञातव्य है कि 1813 के चार्टर एक्ट में सर्वप्रथम भारत में शिक्षा के प्रसार हेतु 1 लाख रुपए की व्यवस्था की गई थी। 1882 में लार्ड रिपन द्वारा गठित हण्टर कमीशन ने प्राथमिक शिक्षा के बारे में अपने सुझाव दिए तथा 1854 में लार्ड डलहौजी द्वारा गठित किए चार्ल्स वुड के डिस्पैच में 'लोकशिक्षा विभाग' की स्थापना तथा लन्दन विश्वविद्यालय की तर्ज पर बम्बई, कलकत्ता एवं मद्रास में एक-एक विश्वविद्यालयों की स्थापना का सुझाव दिया गया। चार्ल्स वुड के डिस्पैच को भारतीय शिक्षा का मैग्नाकार्टा' कहा जाता है।

**21. Among the four political parties listed below, which one was the last to be formed?**
**नीचे की सूची के चार राजनीतिक दलों में से किसकी स्थापना सबसे अंत में हुई?**
(a) The Conservative Party in Britain
ब्रिटेन में कंजरवेटिव पार्टी
(b) The Democratic Party in U.S.A.
संयुक्त राज्य अमेरिका की डेमोक्रेटिव पार्टी
(c) The Republican Party in U.S.A.
संयुक्त राज्य अमेरिका की रिपब्लिक पार्टी
(d) The Indian National Congress
भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
**उत्तर —(d)**

**व्याख्या**—श्रमिक दल (Labour Party) तथा अनुदार दल (Conservative party) ब्रिटेन की प्रमुख राजनीतिक पार्टियाँ है। ये दोनो पार्टियाँ आरम्भिक 'ह्विग' तथा 'टोरी' नामक राजनीतिक पार्टियों के ही संगठित एवं आधुनिक रूप हैं। ब्रिटेन में कंजरबेटिव पार्टी की स्थापना 1834 में हुई थी। डेमोक्रैटिक एवं रिपब्लिकन पार्टियाँ अमेरिका की दो प्रमुख पार्टियाँ है। अमरीकी संविधान निर्माता राजनीतिक दलों के अस्तित्व के विरूद्ध थे किन्तु अमरीकी संविधान के लागू होने (1789 ई.) के पश्चात 19वीं शताब्दी के प्रारम्भ में रिपब्लिक एवं डेमोक्रैटिक पार्टियों की स्थापना हुई। कालक्रम की दृष्टि से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना कंजरवेटिव पार्टी (इंग्लैण्ड) तथा रिपब्लिकन (1854) एवं डेमोक्रेटिक पार्टियों (U.S.A.) के पश्चात् हुई। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना दिसम्बर, 1885 में अवकाश प्राप्त अंग्रेज अधिकारी ए. ओ. ह्यूम ने बम्बई में की थी।
(**स्रोत - आधुनिक भारत का इतिहास - ग्रोवर एवं यशपाल**)

**22. The first political organization established in India in 1838 was known as:**
**भारत में जिस प्रथम राजनीतिक संगठन की स्थापना 1838 में हुई उसका नाम था:**
(a) British India Society/ब्रिटिश इंडिया सोसायटी
(b) Bengal British India Society
बंगाल ब्रिटिश इंडिया सोसायटी
(c) Settlers Association/सेटलर्स एसोसिएशन
(d) Zamindari Association/जमींदारी एसोसिएशन
**उत्तर —(d)**

**व्याख्या**—सन् 1938 में कलकत्ता में स्थापित लैण्ड होल्डर्स सोसाइटी या 'जमींदारी एसोसिएशन' भारत की प्रथम राजनीतिक संस्था थी, जो द्वारकानाथ टैगोर के प्रयासों से स्थापित की गई थी। इस संस्था का उद्देश्य जमींदारों के हितों की सुरक्षा करना था। इस संस्था के अन्य प्रमुख नेता प्रसन्न कुमार ठाकुर तथा राजा राधाकांत देव थे। बंगाल ब्रिटिश सोसाइटी की स्थापना 1843 में द्वारकानाथ टैगोर के ही प्रयासों से कलकत्ता में की गई थी जबकि 'ब्रिटिश इण्डिया सोसाइटी' की स्थापना 28 अक्टूबर 1851 को कलकत्ता में राजेन्द्र लाल मित्र, राधाकान्त देव, देवेन्द्रनाथ टैगोर तथा हरिश्चन्द्र मुखर्जी आदि के द्वारा की गई थी।
(**स्रोत - आधुनिक भारत का इतिहास - ग्रोवर एवं यशपाल**)

## स्वतंत्रता संग्राम एवं राष्ट्रीय आन्दोलन

**23. Which of the following were the main objectives of the Khilafat movement?**
**खिलाफत आंदोलन के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित में से कौन-कौन से थे?**

**1. To rouse anti-British feelings among the Muslims of India./भारत के मुसलमानों में ब्रिटिश विरोधी भावना उत्पन्न करना**
**2. To reform the Muslim society.**
**मुस्लिम समाज का सुधार**
**3. To demand separate electorates and preserve the Khilafat./पृथक् निर्वाचक मंडल की मांग और खिलाफत का रक्षण**
**4. To save the Ottoman Empire and preserve the Khilafat.**
**ऑटोमन साम्राज्य की रक्षा और खिलाफत का रक्षण**

**Choose the correct answer from the codes given below:**
**नीचे दिए हुए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :**

(a) 1 and 2 /1 और 2 (b) 2 and 3/2 और 3
(c) 3 and 4/3 और 4 (d) 1 and 4/1 और 4

**उत्तर –(d)**

**व्याख्या–**प्रथम विश्वयुद्ध (1914-1918) के समय भारतीय मुसलमानों ने ब्रिटिश सरकार को इस शर्त पर समर्थन दिया था कि वे तुर्की के ऑटोमन साम्राज्य जिसके सुल्तान को वे इस्लाम का खलीफा मानते थे, कोई नुकसान नहीं पहुँचाया जाएगा। परन्तु युद्ध के बाद ब्रिटिश सरकार ने अपने इस वादे को तोड़ते हुए सेवर्स की संधि (10 अगस्त, 1920) के अंतर्गत तुर्की के ऑटोमन साम्राज्य का विघटन (विभाजन) कर दिया इसके विरुद्ध भारतीय मुसलमानों ने अली बंधुओं (मुहम्मद अली एवं शौकत अली) के नेतृत्व में खिलाफत आन्दोलन प्रारम्भ कर दिया। गाँधी जी भी खिलाफत के प्रश्न को हिन्दू-मुस्लिम एकता का सुनहरा अवसर मानते हुए इस आन्दोलन में शरीक हो गए तथा उन्हें 24 नवम्बर, 1919 को दिल्ली में आयोजित खिलाफत कमेटी के सम्मेलन का अध्यक्ष चुना गया। खिलाफत आन्दोलन का उद्देश्य भारतीय मुसलमानों में ब्रिटिश सरकार विरोधी भावना को जागृत करना तथा तुर्की के ऑटोमन साम्राज्य तथा खिलाफत की रक्षा करना था।

**24. "Indian cotton merchant, banker, Congressman and a close associate of Mahatma Gandhi". This description fits:**
**''भारतीय कपड़ा व्यापारी, बैंकर, कांग्रेसी तथा महात्मा गाँधी का निकट सहयोगी है'' यह उपयुक्त विवरण है :**

(a) G.D. Birla/जी.डी. बिरला
(b) M.R. Jayakar/एम.आर. जयकर
(c) Jamanalal Bajaj/जमनालाल बजाज का
(d) V.S. Srinivasa Sastri/वी.एस. श्रीनिवास शास्त्री का

**उत्तर –(c)**

**व्याख्या–**'जमनालाल बजाज' भारत के प्रसिद्ध कपड़ा व्यापारी, बैंकर कांग्रेसी नेता तथा महात्मा गाँधी के निकट के सहयोगी थे। प्रतिवर्ष रचनात्मक कार्य, ग्रामीण विकास में महिलाओं व बच्चों के कल्याण एवं उत्थान में उत्कृष्ट योगदान के लिए जमनालाल बजाज पुरस्कार दिया जाता है। उल्लेखनीय है घनश्यामदास बिड़ला भी भारत के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, बिड़ला औद्योगिक समूह के प्रमुख तथा विभिन्न धार्मिक, शैक्षिक, वैज्ञानिक व औद्योगिक संस्थाओं के संस्थापक थे। इन्हें 1967 में पदम् विभूषण से सम्मानित किया गया। जून 1983 में इनका निधन हो गया।

**25. The title given by British Government to Mahatma Gandhi which, he surrendered during the Non-cooperation Movement, was:**
**ब्रिटिश सरकार ने महात्मा गाँधी को जो उपाधि दी थी और जिसे उन्होंने असहयोग आन्दोलन में वापस कर दिया, वह थी -**

(a) Hind Kesari/हिंद केसरी
(b) Kaisar-e-Hind/कैसर-ए-हिन्द
(c) Rai Bahadur/रायबहादुर
(d) Rt. Honourable/राइट ऑनरॅबल

**उत्तर –(b)**

**व्याख्या–** महात्मा गाँधी को प्रथम विश्व युद्ध के दौरान उनकी सेवाओं के लिए ब्रिटिश सरकार द्वारा कैसर-ए-हिन्द की उपाधि दी गई थी, जिसे उन्होंने वापस कर दिया। गाँधी जी ने इसी समय 'जुलू युद्ध पदक' तथा 'बोअर पदक' भी वापस कर दिया। जबकि जमनालाल बजाज ने अंग्रेजों द्वारा दी गई 'राय बहादुर' की उपाधि लौटा दी थी। **(स्रोत - आधुनिक भारत का इतिहास - ग्रोवर एवं यशपाल)**

**26. Which one of the following statements does correctly defines the term 'drain theory' as propounded by Dadabhai Naoroji?**
**दादाभाई नौरोजी द्वारा प्रतिपादित 'अपवाह सिद्धान्त' की सही परिभाषा नीचे के किस कथन में आती है?**

(a) That the resources of the country were beingutilised in the interest of Britain.
देश के संसाधनों का उपयोग ब्रिटेन के हित में किया जा रहा था।
(b) That a part of India's national wealth or total annual product was being exported to Britain for which India got no material returns.
भारत की राष्ट्रीय संपदा का एक भाग अथवा कुल वार्षिक उत्पाद ब्रिटेन को निर्यात कर दिया जाता था जिसके लिए भारत को कोई वास्तविक प्रतिफल नहीं मिलता था।
(c) That the British Industrialists were being given an opportunity to invest in India under the protection of the imperial power.
साम्राज्यवादी शक्ति के संरक्षण में ब्रिटिश उद्योगपतियों को भारत में निवेश के अवसर दिये जाते थे।
(d) That the British goods were being imported to the country making it poorer day by day.
भारत में ब्रिटिश सामान का आयात किया जाता था और यों देश को दिन प्रतिदिन अधिकाधिक गरीब बनाया जाता था।

**उत्तर –(b)**

**व्याख्या–**'भारत के वयोवृद्ध नेता' (Grand old man of India) के नाम से प्रसिद्ध दादा भाई नौरोजी ने सर्वप्रथम 1901 में प्रकाशित अपनी पुस्तक 'पावर्टी एण्ड अनब्रिटिश रूल इन इण्डिया' में ब्रिटिश सरकार द्वारा किए जा रहे भारत के आर्थिक शोषण का उद्घाटन करते हुए प्रसिद्ध 'धन के अपवाह सिद्धान्त' (Drain Theory of Wealth) की विस्तृत व्याख्या की। नौरोजी ने अपने विश्लेषण में यह निष्कर्ष निकाला कि अंग्रेजी सरकार द्वारा भारत की राष्ट्रीय सम्पदा का एक भाग या देश का कुल राष्ट्रीय उत्पाद ब्रिटेन को निर्यात कर दिया जाता है जिसके एवज में भारत को कोई वास्तविक प्रतिफल या आय नहीं होती। ज्ञातव्य है कि भारत के ग्लैडस्टन के नाम से चर्चित दादा भाई नौरोजी ने 1906 में कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में सर्वप्रथम 'स्वराज' की मांग उठाई थी। 1892 में दादा भाई नौरोजी को उदारवादी दल की ओर से ब्रिटिश संसद हाउस आफ कामंस के लिए चुना गया। इन्होंने 1886 में 'ईस्ट इण्डिया एसोसिएशन' नामक संगठन की स्थापना की। (**स्रोत - आधुनिक भारत का इतिहास - ग्रोवर एवं यशपाल**)

**27. What is the correct chronological sequence of the following stages in the political life of Mahatma Gandhi?**
**महात्मा गाँधी के राजनीतिक जीवन की निम्नलिखित घटनाओं का कालक्रम क्या है?**

1. Champaran/चंपारन
2. Ahmedabad Mill Strike/अहमदाबाद मिल हड़ताल
3. Kheda/खेड़ा
4. Non-cooperation Movement./असहयोग आन्दोलन

**Choose the answer from the codes given below:**
**नीचे दिए हुए कूटों से उत्तर का चयन कीजिए :**
**कूट :**

(a) 2, 4, 3, 1 (b) 1, 2, 3 4
(c) 4, 3, 2, 1 (d) 3, 4, 2, 1

**उत्तर –(b)**

**व्याख्या–**महात्मा गांधी जनवरी, 1915 में दक्षिण अफ्रीका से वापस भारत आए। 1915 में ही उन्होंने गुजरात के अहमदाबाद जिले में साबरमती आश्रम की स्थापना की। सन् 1917 में राजकुमार शुक्ल के निमंत्रण पर बिहार के चम्पारन जिले में अंग्रेजी बागान मालिकों के द्वारा नील किसानों के शोषण के खिलाफ सत्याग्रह का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया। यह गांधी जी का भारत में सत्याग्रह का प्रथम प्रयोग था। इसके बाद फरवरी या मार्च, 1918 में अहमदाबाद मिल मजदूरों की हड़ताल का नेतृत्व किया। इसी अहमदाबाद मिल मजदूर हड़ताल का नेतृत्व करते हुए ही गांधी जी ने सर्वप्रथम 'भूख हड़ताल' नामक सत्याग्रह के अस्त्र का प्रयोग किया था। उसके पश्चात् 22 मार्च, 1918 को खेड़ा (गुजरात) में लगान वृद्धि रोकने के आंदोलन का सफल नेतृत्व किया था। असहयोग आन्दोलन की अवधि 1920-22 थी।

**28. Mahatma Gandhi was referred to as the 'Father of the nation' first by:**
**महात्मा गाँधी को सर्वप्रथम 'राष्ट्रपिता' किसने कहा था?**

(a) Jawaharlal Nehru/जवाहरलाल नेहरू
(b) Vallabhbhai Patel/बल्लभभाई पटेल
(c) C. Rajagopalachari/सी. राजगोपालाचारी
(d) Subhash Chandra Bose/सुभाष चन्द्र बोस

**उत्तर –(d)**

**व्याख्या–**1943 ई. में सिंगापुर में सुभाष चन्द्र बोस ने अस्थायी सरकार की स्थापना की तथा महात्मा गांधी को सर्वप्रथम राष्ट्रपिता कहते हुए उनसे आशीर्वाद मांगा था। (**स्रोत - आधुनिक भारत का इतिहास - ग्रोवर एवं यशपाल**)

# भारत का भूगोल

## भौतिक संरचना/अपवाह तंत्र/मानव भूगोल

**29. Which among the following pairs of places had most marked difference in total rainfall per annum even though located approximately along the same latitude?**
**नीचे स्थानों के जो युग्म दिये हैं उनमें ऐसा युग्म कौन सा है जिसके दोनों नगर लगभग एक ही अक्षांश पर अवस्थित हैं फिर भी उनकी वार्षिक वर्षा की कुल मात्रा का अन्तर सर्वाधिक सुस्पष्ट है?**

(a) Bangalore and Madras/बंगलौर और मद्रास
(b) Bombay and Visakhapatnam
बंबई और विशाखापत्तनम्
(c) Ajmer and Shillong/अजमेर और शिलांग
(d) Nagpur and Calcutta/नागपुर और कलकत्ता

**उत्तर –(c)**

**व्याख्या–**राजस्थान का अजमेर शहर तथा मेघालय की राजधानी शिलांग लगभग एक ही अक्षांश रेखा पर अवस्थित है। अजमेर तथा शिलांग कर्क रेखा जो $23\frac{1}{2}^{\circ}$ उत्तरी अक्षांश से होकर भारत के आठ राज्यों से होते हुए गुजरती है, कर्क रेखा से ऊपर लगभग $26^{\circ}$ अक्षांश में स्थित है। एक ही अक्षांश पर अवस्थित होते हुए भी अजमेर तथा शिलांग की वार्षिक वर्षा की मात्रा में सर्वाधिक स्पष्ट अन्तर है। अजमेर सहित पूरे राजस्थान में देश की न्यूनतम वर्षा होती है, जबकि शिलांग सहित सम्पूर्ण मेघालय राज्य पहाड़ियों से घिरे होने के कारण देश का सर्वाधिक औसत वर्षा वाला राज्य है। ज्ञातव्य है कि भारत में सर्वाधिक वर्षा वाले दो स्थान क्रमशः मॉसिनराम तथा चेरापूँजी मेघालय में ही स्थित है। (**स्रोत - भारत का भूगोल - चतुर्भुज मामोरिया**)

**30. In Mizoram, the settlement pattern is mostly of 'linear type' along the ridges, because**
**मिजोरम में बस्ती संरूप मुख्यतः कटकों के साथ-साथ 'रैखिक-प्रतिरूप' का है, क्योंकि -**

(a) The valleys are cooler than the ridges
घाटियां कटकों की अपेक्षा ठंडी हैं
(b) Accessibility is easier on the ridge tops
कटक शिखरों पर पहुंचना सरल है
(c) The ridges are cooler than the valleys
कटक घाटियों की अपेक्षा ठंडे हैं
(d) The valleys are densely forested
घाटियों में सघन वन हैं

**उत्तर –(a)**

**व्याख्या–**भारत में पूर्वोत्तर स्थित मिजोरम में बस्ती संरूप मुख्य रूप से कटकों के साथ-साथ रैखिक प्रतिरूप का है क्योंकि मिजोरम की घाटियां यहाँ के कटकों की अपेक्षा अधिक ठंडी है।
(**स्रोत - भारत का भूगोल - चतुर्भुज मामोरिया**)

**31. According to the ancient Indian geographical concept, 'Bharatvarsha' was a part of:**
**प्राचीन भारतीय भौगोलिक मान्यता के अनुसार भारतवर्ष किस द्वीप का खंड था?**

(a) Pushkaradweepa/पुष्कर द्वीप
(b) Jambudweepa/जम्बूद्वीप
(c) Kraunchadweepa/क्रौंचद्वीप
(d) Kushdweepa/कुशद्वीप

**उत्तर –(b)**

**व्याख्या–**उत्तर में हिमालय से लेकर दक्षिण में समुद्र तक फैले हुए भारतीय उपमहाद्वीप को विविध नामों से जाना जाता है। बौद्ध ग्रंथों में भारत को 'जम्बू द्वीप' कहा गया है। जहां पर ईसा पूर्व तीसरी शताब्दी में महान मौर्यवंश का शासन था। उल्लेखनीय है कि यूनानियों ने भारतवर्ष के लिए 'इण्डिया' शब्द का प्रयोग किया है जबकि अनुश्रुति में राजा भरत के नाम पर इसे 'भारतवर्ष' कहा गया है।
(**स्रोत - भारत का भूगोल - चतुर्भुज मामोरिया**)

**32. Consider the map given below**
**नीचे दिये हुए मानचित्र पर ध्यान दीजिए :**
**The mean annual rainfall in the shaded parts of India varies from**
**भारत के रेखांकित भागों में वार्षिक वर्षा का माध्य कितने से कितने तक घटता-बढ़ता है?**





(a) 100 to 150 cm/100 से 150 सेमी. तक
(b) 150 to 200 cm/150 से 200 सेमी. तक
(c) 200 to 250 cm/200 से 250 सेमी. तक
(d) 250 to 300 cm/250 से 300 सेमी. तक

**उत्तर –(a)**

**व्याख्या–** प्रश्न में दिए गए भारत के औसत वार्षिक वर्षा मानचित्र को देखने से यह स्पष्ट हो रहा है कि उपर्युक्त मानचित्र में रेखांकित भाग 100-200 सेमी. माध्य वर्षा प्रदर्शित करता है। अतः निकटतम विकल्प (a) सही उत्तर होगा।

**33. Consider the Climograph given below:**
**नीचे दिए हुए जलवायु अवरोध पर ध्यान दीजिए :**




**The above climograph relates to**
**उपर्युक्त जलवायु आरेख किस क्षेत्र के प्रसंग में हैं?**

(a) Northwestern region of India
भारत का उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र
(b) Southern region of India
भारत का दक्षिण क्षेत्र
(c) Mid-central region of India
भारत का मध्य-केन्द्रीय क्षेत्र
(d) Northeastern region of India
भारत का उत्तर-पूर्वी क्षेत्र

**उत्तर –(d)**

**व्याख्या–** प्रश्न में दिए गए जलवायु अवरोध के आरेख के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि यह आरेख वर्ष के बारह महीनों में भारत के उत्तरी-पूर्वी क्षेत्रों की जलवायु को प्रदर्शित किया गया है। इन क्षेत्रों में अप्रैल, मई तथा जून में दाहक जलवायु, जुलाई तथा अगस्त में उमस भरी गर्मी, सितम्बर, अक्टूबर व नवम्बर में शीत और नम जलवायु तथा दिसम्बर, जनवरी व फरवरी में तीक्ष्ण जलवायु (अधिक ठंड) पायी जाती है। ज्ञातव्य है कि जलवायु किसी क्षेत्र की लम्बे समय तक की मौसम की स्थिति होती है। भारत की जलवायु ऊष्ण कटिबंधीय मानसूनी जलवायु है।

**34. A rainy day, as defined by the Indian Meteorological department, is a day when the rainfall at a point received is:**
**भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की परिभाषा के अनुसार वर्षा का दिन वह होता है जब किसी विशेष स्थान पर इस वर्षा की मात्रा इस प्रकार होती है–**

(a) 0.5 mm to 1 mm in 24 hours
24 घंटे में 0.5 मि.मी. से 1 मि.मी. तक
(b) 1.1 mm to 1.5 mm in 24 hours
24 घंटे में 1.1 मि.मी. से 1.5 मि.मी. तक
(c) 1.6 mm to 2 mm in 24 hours
24 घंटे में 1.6 मि.मी. से 2 मि.मी. तक
(d) Above 2.5 mm in 24 hours
24 घंटे में 2.5 मि.मी. से ऊपर

**उत्तर –(d)**

**व्याख्या–**मौसम किसी स्थान की अल्पकालिक (यथा-दैनिक या साप्ताहिक) वायुमण्डलीय अवस्था है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा निश्चित की गई दैनिक 24 घंटे वर्षा की न्यूनतम् मात्रा 2.5 मि.मी. से ऊपर की वर्षा है, जिसे कि वर्षा वाला दिन कहा जाता है। इससे कम वर्षा को मौसम विभाग की परिभाषा के अंतर्गत वर्षा नहीं माना जाता। ज्ञातव्य है कि भारत में मौसम सम्बन्धी सेवा सन् 1875 में आरम्भ की गई थी, तब इसका मुख्यालय शिमला था। प्रथम विश्व युद्ध के बाद इसका मुख्यालय पुणे (महाराष्ट्र) लाया गया। अतः वर्तमान में इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है। अब भारत के मौसम सम्बन्धी मानचित्र वहीं से प्रकाशित होते हैं।
**(स्रोत - भारत का भूगोल - चतुर्भुज मामोरिया)**

## मानसून, वन, मिट्टी, सिंचाई परियोजनाएँ, कृषि

**35. Soils of Western Rajasthan have a high content of:**
**पश्चिमी राजस्थान की मिट्टी में किसकी मात्रा अधिक है?**

(a) Aluminum/एल्यूमीनियम
(b) Calcium/कैल्शियम
(c) Nitrogen/नाइट्रोजन
(d) Phosphorus/फॉस्फोरस

**उत्तर –(b)**

**व्याख्या–**– पश्चिमी राजस्थान की मिट्टी में चूना/कैल्शियम के लवण आधारित क्षारीय एवं लवणीय प्रकार की होती है। अतः इस क्षेत्र की मिट्टी में कैल्शियम खनिज की अधिक मात्रा पाई जाती है।

## खनिज, शक्ति संसाधन एवं उद्योग व व्यापार

**36. The Neyveli thermal power plant is fed by**
**नेवेली ताप विद्युत संयंत्र का भरण किससे करते हैं?**

(a) Gondwana coal/गोंडवाना कोयला
(b) Tertiary coal/तृतीयक कोयला
(c) Quarternary coal/चतुर्थक कोयला
(d) Cambrian coal/कैम्ब्रियन कोयला

**उत्तर –(b)**

**व्याख्या–**दक्षिणी भारतीय राज्य तमिलनाडु में स्थित कोयला आधारित नेवेली ताप विद्युत संयंत्र नेवेली में ही सर्वाधिक पाए जाने वाले तृतीय श्रेणी के कोयले (भूरा कोयला) पर आधारित है। ज्ञातव्य है कि भारत में टर्शियरी युग (तृतीय युग) के अधिनूतन (ओलीगोसिन) युग के शैलों में लिग्नाइट कोयला पाया जाता है। तृतीयक कोयला सबसे अधिक तमिलनाडु में नेवेली में पाया जाता है। इसी लिग्नाइट कोयले

की प्रचुर मात्रा में उपलब्धता के कारण यहां पर ताप विद्युत संयत्र की स्थापना की गई है। ध्यातव्य है कि देश का 98 प्रतिशत कोयला प्राचीन गोंडवाना शैलों में तथा शेष 2 प्रतिशत कोयला तृतीयक या टर्शियरी युगी चट्टानों में मिलता है।
**(स्रोत-भारत का भूगोल - चतुर्भुज मामोरिया)**

**37. At the present state of our knowledge and resources position, India will remain self sufficient for the next three decades in:**
**हमारी जानकारी की वर्तमान स्थिति और संसाधन परिस्थिति को देखते हुए भारत निम्नलिखित में से किस में तीस वर्ष तक आत्मनिर्भर रहेगा?**

(a) Tin/टिन (वंग)
(b) Coking Coal/कोककारी कोयला
(c) Copper/तांबा
(d) Petroleum/पेट्रोलियम

**उत्तर —(b)**

**व्याख्या–** प्रश्नकाल के दौरान भू-वैज्ञानिकों द्वारा ऐसा प्रतीत हुआ कि भारत कोयले के भण्डार में आत्मनिर्भर है। किन्तु वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार भारत का विश्व में कोयला भण्डारण में 5वाँ स्थान है। किन्तु भारत में पाये जाने वाले कोयले में राख की अधिकांश मात्रा समाहित होती है। इस वजह से भारत को तापीय ऊर्जा उत्पादन हेतु कोयले के आयात पर निर्भर रहना पड़ता है।

# विश्व का भूगोल

## ब्रह्माण्ड एवं सौरमण्डल

**38. Even though Pluto is usually the farthest planet, its path is highly elliptical, crossing inside the path of some other planet. As a result for a period of twenty years from 1979, the farthest planet is not Pluto but:**
**यद्यपि सामान्यतः प्लूटो सबसे दूरस्थ ग्रह है, पर उसका परिभ्रमण पथ बहुत ही दीर्घवृत्तीय है, जो किसी अन्य ग्रह के पथ को काटता है। परिणामतः 1979 से आरंभ हुई 20 वर्ष की अवधि में प्लूटो सबसे दूरस्थ नहीं है तो कौन सबसे दूरस्थ है?**

(a) Jupiter/वृहस्पति (b) Saturn/शनि
(c) Uranus/यूरेनस (d) Neptune/नेपच्यून

**उत्तर —(d)**

**व्याख्या–**सौर-मण्डल के नौंवे तथा सबसे छोटे ग्रह 'प्लूटो' (यम या कुबेर) की खोज 1930 ई. में क्लाइड टॉम्बैग ने की थी। प्लूटो का परिभ्रमण परिपथ दीर्घवृत्तीय तथा 'वरुण' (नेपच्यून) की कक्षा को काटता है। इसी कारण कभी 'प्लूटो' तो कभी 'वरुण' सूर्य से सबसे दूरस्थ स्थिति में होते हैं। सन् 1979 से 1999 तक अर्थात् कुल 20 वर्ष तक `वरुण या नेपच्यून' सूर्य से अधिकतम दूरी पर था। परन्तु सन् 1999 के पश्चात् प्लूटो पुनः सूर्य से सबसे दूरस्थ स्थिति में हो गया है। अब प्लूटो की सूर्य से सबसे दूरस्थ रहने की स्थिति आगामी 228 वर्षों तक बनी रहेगी। प्लूटों का एक उपग्रह 'चारोन' है। ज्ञातव्य है कि 24 अगस्त सन् 2006 को चेक गणराज्य के 'प्राग' शहर में 'अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संगठन' (IVA) के 75 देशों के खगोलविदों ने यह घोषित किया कि 'प्लूटो' सौरमण्डल का ग्रह नहीं है। अतः अब सौरमण्डल में कुल आठ ही ग्रह होंगे। अब यह बौने ग्रह की श्रेणी में रखा गया है और सौरमण्डल का सबसे छोटा ग्रह बुध है।
**(स्रोत - विश्व का भूगोल - सुरेश प्रसाद)**

**39. When there is depletion of ozone in the stratosphere, the wavelength of radiation striking the earth's surface will be:**
**जब समताप मंडल में ओजोन का अपक्षय होता है तो पृथ्वी के धरातल पर पुरावर्तित विकिरण की तरंग दैर्ध्य कितनी होती है?**

(a) $10^{-10}$M (b) $10^{-7}$ M
(c) $10^{-2}$ M (d) 100 M

**उत्तर —(b)**

**व्याख्या–** UV–C विकिरण में 100 – 280 mm की तरंग दैर्ध्य रेंज वाला यह विकिरण ओजोन परत द्वारा सर्वाधिक प्रभावित होता है। अतः समताप मंडल में ओजोन का अपक्षय होने पर पृथ्वी के धरातल पर पतित विकिरण की न्यूनतम तरंगदैर्ध्य 100 nm होगी।

$\because$ 1 nm = $1.0 \times 10^{-9}$ m
$\therefore$ 100 nm = $100 \times 10^{-9}$
$\because$ 1 nm = $1.0 \times 10^{-9}$ m
$\therefore$ 100 nm = $100 \times 10^{-9}$
= $10^2 \times 10^{-9}$
= $10^{-7}$ m

**40. The solar eclipse achieves totality only in the limited geographical regions because:**
**खग्रास (पूर्ण) सूर्यग्रहण केवल सीमित भू-क्षेत्र में ही दिखाई पड़ता है क्योंकि -**

(a) The earth is not a smooth flat surface, but has elevations and depressions
पृथ्वी के अनुप्रस्थ परिच्छेद की तुलना में पृथ्वी पर पड़ने वाली चंद्र की छाया का आकार छोटा होता है
(b) The size of the shadow of the moon on the earth is small compared to the cross section of the earth
पृथ्वी की सतह सपाट नहीं है बल्कि उसमें उभार और अवनमन है
(c) The trajectories of the earth around the sun and the moon around the earth are not perfect circles
सूर्य के चारों ओर पृथ्वी का तथा पृथ्वी के चारों ओर चंद्र का प्रक्षेप पथ पूर्णतः वृत्ताकार नहीं है
(d) Sun rays can reach most of the peripheral regions of the shadow of the moon due to a atmospheric refraction
वायुमंडलीय अपवर्तन के कारण सूर्य की किरणें चंद्रछाया के अधिकांश परिधीय क्षेत्र तक पहुँच सकती हैं

**उत्तर —(a)**

**व्याख्या–**पृथ्वी और चन्द्रमा की गतियों के कारण जब कभी सूर्य और पृथ्वी के बीच चन्द्रमा आ जाता है तो सूर्य का प्रकाश पृथ्वी पर नहीं पड़ता है। ऐसी स्थिति को सूर्य ग्रहण कहते हैं। जब चन्द्रमा सूर्य को पूरी तरह ढंक लेता है तो इसे पूर्ण सूर्य ग्रहण कहते है। पृथ्वी के अनुप्रस्थ परिच्छेद की तुलना में पृथ्वी पर पड़ने वाली चन्द्र की छाया का आकार छोटा होता है, इसलिए पूर्ण सूर्य ग्रहण केवल सीमित भूक्षेत्र में ही दिखाई पड़ता है।
**(स्रोत - विश्व का भूगोल - सुरेश प्रसाद)**

**41. Which one of the following is NOT an astronomical object?**
**निम्नलिखित में से कौन सी खगोलीय वस्तु नहीं है?**

(a) Pulsar/पल्सर (b) Brittle Star/भंगुर तारा
(c) Black hole/कृष्ण बिवर (d) Quasar/क्वासर्स

**उत्तर —(b)**

**व्याख्या–**भंगुर तारा (टूटा तारा) खगोलीय वस्तु नहीं है। क्वासर्स, पल्सर तथा कृष्ण विवर (Black Holes) तीनों खगोलीय पिण्ड हैं। क्वासर्स एक तारावत रेडियो विकिरण उत्सर्जक हैं, जो 4 से 10 अरब प्रकाश वर्ष की दूरी पर स्थित हैं। अब तक 600 से अधिक क्वासर्स ज्ञात हो चुके हैं। 'पल्सर' एक खगोलीय पिण्ड है, जो स्पन्दन के रूप में नियमित अन्तराल में रेडियों तरंगे उत्सर्जित करता रहता है। विशाल तारों का अन्त 'कृष्ण विवर' (Black Holes) के रूप में होता है। इसी ब्लैक होल की खोज के लिए भारतीय वैज्ञानिक सुब्रह्मण्यम चन्द्रशेखर को 1983 में भौतिकी का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया था। भंगुर या टूटे हुए तारे का अस्तित्व अंतरिक्ष में नहीं होता।
(**स्रोत - विश्व का भूगोल - सुरेश प्रसाद**)

## स्थल मण्डल

**42. Which of the following places have their standard times, that are the same as GMT?**
**निम्नलिखित स्थानों में से किनका मानक समय GMT के समान है?**

1. Accra/अक्रा  2. Dublin/डब्लिन
3. Madrid/मैड्रिड  4. Lisbon/लिस्बन

**Choose the correct answer from the codes given below:**
**नीचे दिए हुए कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :**

(a) 1, 2 and 3/1, 2 और 3
(b) 1, 3, and 4/1, 3, और 4
(c) 1, 2 and 4/1, 2 और 4
(d) 2, 3 and 4/2, 3 और 4

**उत्तर –(c)**

**व्याख्या–**इंग्लैण्ड की राजधानी लंदन से होकर खींची गई काल्पनिक रेखा 0° देशान्तर को ग्रीनविच मेरेडियन टाइम (G.M.T.) कहते हैं। इस रेखा के पूर्व की ओर प्रत्येक 15° देशान्तर पर समय 1 घण्टा बढ़ जाता है तथा ग्रीनविच रेखा के पश्चिम की ओर जाने पर प्रत्येक 15° पर 1 घण्टा समय पीछे हो जाता है। जब लन्दन के ग्रीनविच टाइम में मध्याह्न के 12 बजे होते हैं तब अक्रा और डब्लिन (आयरलैण्ड की राजधानी) में भी समान देशान्तर में ही स्थित होने के कारण दोपहर का 12 ही बजता है, परन्तु मैड्रिड (स्पेन की राजधानी) तथा लिस्बन (पुर्तगाल की राजधानी) में 0° देशान्तर के पश्चिम में 15° देशान्तर पर स्थित होने का कारण दिन के 1 बजते हैं। इस प्रकार प्रश्न में दिये गए विकल्पों में कोई विकल्प एकदम से सही नहीं है। फिर भी विकल्प (c) को ही निकटतम सही उत्तर माना जा सकता है।
(**स्रोत - विश्व का भूगोल - सुरेश प्रसाद**)

## आर्थिक भूगोल

**43. The production of cultured pearls is an important cottage industry of:**
**कल्चर मोती का उत्पादन किस देश का महत्वपूर्ण कुटीर उद्योग है?**


(a) Belgium/बेल्जियम
(b) West Indies/वेस्टइंडीज
(c) New Zealand/न्यूजीलैंड
(d) Japan/जापान

**उत्तर** - (d)

**व्याख्या–** कल्चर मोती उत्पादन की तकनीक का आविष्कार जापान के मिनीमोतो कोकिची ने किया था। तत्पश्चात् जापान में कल्चर मोती उत्पादन वहाँ का महत्वपूर्ण कुटीर उद्योग हो गया।

## मानव भूगोल एवं मानचित्रावली

**44. Consider the map given below.**
**नीचे दिये हुए मानचित्र पर ध्यान दीजिए :**




**The countries marked 1, 2, 3, and 4 in the map respectively represent:**
मानचित्र में 1,2,3 और 4 अंकित देश क्रमशः यों हैं -

(a) Libya, Somalia, Nigeria & Namibia
लीबिया, सोमालिया, नाइजीरिया और नामीबिया
(b) Egypt, Somalia, Congo and Namibia
मिश्र, सोमालिया, कांगो और नामीबिया
(c) Sudan, Ethiopia, Angola and Botswana
सूडान, इथियोपिया, अंगोला और बोत्सवाना
(d) Algeria, Kenya, Ghana and Zambia
अल्जीरिया, केन्या, घाना और जाम्बिया

**उत्तर –(a)**

**व्याख्या–**प्रश्न में दिया गया मानचित्र अफ्रीकी महाद्वीप का है। मानचित्र में 1, 2, 3 तथा 4 अंकों से रेखांकित भाग अफ्रीकी महाद्वीप के क्रमशः लीबिया, सोमालिया, नाइजीरिया तथा नामीबिया देशों का प्रदर्शन कर रहे हैं। लीबिया की राजधानी ट्रिपोली, सोमालिया की राजधानी मोगादिशु, नाइजीरिया की अबूजा तथा नामीबिया की विडहाक है। (**स्रोत - विश्व का भूगोल - सुरेश प्रसाद**)

**45. Among the four house types shown below, which one represents the house type of the Pygmies?**
**घरों के जो चार प्रतिरूप दिये हैं, इनमें से कौन सा प्रतिरूप पिग्मियों के घर का है?**




**उत्तर –(a)**

**व्याख्या–**प्रश्न में प्रदर्शित जनजातियों के आवास प्रतिरूपों में पिग्मियों का निवास प्रथम प्रतिरूप है। कांगो बेसिन, युगांडा, द-पू0 एशिया, फिलीपींस, अमेटा तथा न्यूगिनी के वनों में पायी जाने वाली पिग्मी जनजाति पेड़ों की शाखाओं में घर बनाकर रहती है। पिग्मियों की अर्थव्यवस्था का आधार आखेट (शिकार करना) है। विकल्प (b) में दिया गया आवास प्रतिरूप अलास्का (U.S.A.) से ग्रीनलैण्ड तक पायी जाने वाली 'एस्कीमों' जनजाति का है। बर्फ के टुकड़ों से बना इनका घर 'इग्लू' कहलाता है। विकल्प (c) में दिया गया आवास प्रतिरूप झोपड़ी - केन्या, युगांडा व टंगानिका में पायी जाने वाली 'मसाई' जनजाति का तथा विकल्प (d) में दिया गया आवास प्रतिरूप टेन्ट - अरब प्रदेश मे पायी जाने वाली 'बद्दू' जनजाति का है।

## जनसंख्या एवं नगरीकरण

**46. When the Couple Protection Rate is going up:**
**जब दंपती रक्षण की दर में वृद्धि हो रही हो तो :**

(a) Birth rate must necessarily fall.
जन्म दर अवश्य ही घटेगी

(b) Birth rate will fall only if couples are of younger age.
जन्मदर तभी घटेगी जब दंपती कम आयु के हों

(c) Death rate must necessarily fall.
मृत्युदर अवश्य ही घटेगी।

(d) Infant mortality rate must be falling.
शिशु मृत्युदर अवश्य ही घटेगी

**उत्तर –(b)**

**व्याख्या–** जब दम्पत्ति रक्षण की दर में वृद्धि हो रही हो तो जन्म दर तभी घटेगी जब दम्पत्ति कम आयु के हों।

**47. Which one of the following shows the descending order of the four metropolitan cities in the Indian subcontinent in so far as their population strength is concerned?**
**निम्नलिखित में से किस में भारतीय उपमहाद्वीपीय के चार महानगर जनसंख्या की दृष्टि से अवरोही क्रम में दिये गये हैं?**

(a) Bombay, Calcutta, Dhaka, New Delhi
बंबई, कलकत्ता, ढाका, नयी दिल्ली

(b) Bombay, Calcutta, New Delhi, Karachi
बंबई, कलकत्ता, नयी दिल्ली, कराची

(c) Bombay, Calcutta, Karachi, New Delhi
बंबई, कलकत्ता, कराची, नयी दिल्ली

(d) Calcutta, Bombay, Dhaka, Karachi
कलकत्ता, बंबई, ढाका, कराची

**उत्तर –(b)**

**व्याख्या–**प्रश्नकाल में दिए गए भारतीय उपमहाद्वीप के शहरों की जनसंख्या का अवरोही क्रम इस प्रकार था-
बम्बई > कलकत्ता > नई दिल्ली > कराची। जनगणना (2011) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार दिए गए शहरों का अवरोही क्रम इस प्रकार है- मुम्बई-1,15414288 > नई दिल्ली- 1,63,14838 > कोलकाता-1,41,12,536 > कराची-1,28,27,927।

**48. The New Population Bomb refers to:**
**'नया जनसंख्या बम' का तात्पर्य है :**

(a) An increase in the population of the aged in the Third World.
तीसरी दुनिया में बृद्धों की जनसंख्या में वृद्धि

(b) Rapidly growing urban population in the Third World.
तीसरी दुनिया में शीघ्रता से बढ़ रही नगरों की जनसंख्या

(c) Large scale distress migration in the Third World.
तीसरी दुनिया में बड़े पैमाने पर संकटजन्य प्रव्रजन

(d) Deluge of Soviet emigrants.
सोवियत प्रव्रजकों की बाढ़

**उत्तर –(b)**

**व्याख्या–**औपनिवेशिक शासन से मुक्त होने वाले नव स्वाधीन विकासशील देशों को तीसरी दुनियाँ के नाम से जाना जाता है। तीसरी दुनियां के इन देशों में स्वास्थ्य सेवाओं तथा पोषण स्तर में सुधार होने से जहाँ मृत्युदर में तेजी से गिरावट आयी है, वहीं पर इन देशों में जन्मदर स्थिर है। इसके फलस्वरूप इन देशों में नगरीय जनसंख्या में भी तीव्र वृद्धि हुई है, जिससे इन देशों की नगरों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। इसी को 'नया जनसंख्या बम' की संज्ञा दी जाती है। **(स्रोत - जनसंख्या एवं नगरीकरण - भारत 2007)**

## भारतीय संविधान एवं राजव्यवस्था

### भारत का संवैधानिक विकास

**49. Match List I with List II and select the correct answer by using the codes given below the lists:**
**सूची I का सूची II से सुमेल कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गये कूटों का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए।**

| List I/सूची I (Features of the Indian Constitution) (भारत के संविधान के लक्षण) | List II/सूची II (Borrowed from) (किस देश से गृहीत) |
|---|---|
| A. Fundamental Rights मूल अधिकार | (1) U.K. यू.के. |
| B. Parliamentary system of Government शासन की संसदीय प्रणाली | (2) U.S.A. संयुक्त राज्य अमेरिका |
| C. Emergency provisions आपात उपबंध | (3) Ireland आयरलैंड |
| D. Directive Principles of State Policy राज्य नीति के निदेशक तत्व | (4) German Reich जर्मन रीख |
| | (5) Canada कनाडा |

**कूट :**

(a) A-2, B-4, C-5, D-1 (b) A-5, B-1, C-3, D-4
(c) A-2, B-1, C-4, D-3 (d) A-1, B-2, C-4, D-3

**उत्तर –(c)**

**व्याख्या–**भारतीय संविधान में मौलिक अधिकार संयुक्त राज्य अमेरिका से प्रभावित है तो शासन की संसदीय प्रणाली यूनाइटेड किंगडम (ब्रिटेन) से। आपात उपबन्ध जर्मनी के वाइमर संविधान से तो राज्य के नीति निदेशक तत्व आयरलैण्ड के संविधान से प्रभावित है।
(**स्रोत – भारत का संविधान - डी. डी. बसु**)

**50. Which of the following statements regarding the Constituent Assembly are true?**
**निम्नलिखित में से कौन से कथन संविधान सभा के विषय में सही हैं?**

1. **It was not based on adult franchise.**
**वह वयस्क मताधिकार पर आधारित नहीं थी**
2. **It resulted from direct elections.**
**वह प्रत्यक्ष निर्वाचन का परिणाम थी**
3. **It was a multiparty body.**
**वह बहुदलीय निकाय थी**
4. **It worked through several committees.**
**उसने अनेक समितियों के माध्यम से कार्य किया**

**Select the correct answer from the codes given Below:**
**नीचे दिए हुए कूटों में सही उत्तर का चयन कीजिए :**
**कूट**

(a) 1 and 2/1 और 2
(b) 2 and 3/2 और 3
(c) 3 and 4/3 और 4
(d) 1, 2, 3 and 4/1, 2, 3 और 4

**उत्तर –(c)**

**व्याख्या**–संविधान सभा के गठन के लिए राज्यों की विधानसभाओं का उपयोग निर्वाचक मंडल के रूप में किया गया था। अतः संविधान सभा अप्रत्यक्ष निर्वाचन का परिणाम थी और यह निर्वाचन प्रारम्भिक (राज्य विधानमंडलों का) स्तर पर वयस्क मताधिकार प्रणाली द्वारा किया गया था।

## नागरिकता, मूल अधिकार, मूल कर्त्तव्य, राज्य के नीतिनिदेशक तत्व

**51. The Swaran Singh Committee considered the question of:**
**स्वर्णसिंह समिति ने जिस प्रश्न पर विचार किया वह था -**

(a) More autonomy to Punjab on the model of Jammu & Kashmir.
जम्मू-कश्मीर के प्रतिरूप पंजाब को अधिक स्वायत्तता

(b) The suitability of the Presidential form of government for India.
भारत के लिए राष्ट्रपति मूलक शासन की उपयुक्तता

(c) The precedence of the Directive Principles over Fundamental Rights.
मूल अधिकारों की तुलना में निदेशक तत्वों को अग्रता

(d) Administrative reforms./प्रशासनिक सुधार

**उत्तर –(c)**

**व्याख्या**–पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इन्दिरा गांधी द्वारा गठित की गई सरदार स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिश पर 42वां संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 पारित किया गया। सरदार स्वर्ण सिंह समिति का गठन मूल अधिकारों पर राज्य के नीति निदेशक तत्वों को वरीयता प्रदान करने के प्रश्न पर विचार करने के लिए किया गया था। स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिश पर संविधान में अब तक का सबसे विशद 42वां संशोधन किया गया इसी कारण 42वें संशोधन को लघु संविधान की संज्ञा दी जाती है। 42वें संशोधन द्वारा सभी नीति निदेशक तत्वों को मूल अधिकारों पर प्राथमिकता प्रदान करते हुए तीन नए निदेशक तत्वों को संविधान में शामिल किया गया। इसके अतिरिक्त 42वें संविधान संशोधन द्वारा 'मूल कर्तव्य, प्रस्तावना में पंथ निरपेक्ष, समाजवादी एवं अखण्डता शब्द, राष्ट्रपति के मंत्रिपरिषद की सलाह मानने की बाध्यता तथा संसद व राज्य विधान सभाओं का कार्यकाल 6 वर्ष करना आदि प्रावधानों का समावेश किया गया था। (**स्रोत – भारत का संविधान - डी. डी. बसु**)

## संघ एवं राज्य की कार्यपालिका, आपात उपबन्ध

**52. The only instance when the President of India exercised his power of veto related to:**
**भारत के राष्ट्रपति ने जिस एक मात्र मामले में अपनी वीटो की शक्ति का प्रयोग किया वह था :**

(a) The Hindu Code Bill
हिन्दू कोड बिल

(b) The PEPSU Appropriation Bill
पेप्सू विनियोग विधेयक

(c) The Indian Post Office (Amendments) Bill
भारतीय डाकघर (संशोधन विधेयक)

(d) The Dowry Prohibition Bill
दहेज प्रतिषेध विधेयक

**उत्तर –(c)**

**व्याख्या**– दिये गये विकल्पों में भारतीय डाकघर (संशोधन विधेयक) के संदर्भ में राष्ट्रपति ने जेबी वीटो को (पॉकेट वीटो) का इस्तेमाल किया था।

**53. The Chief Minister of a State in India is NOT eligible to vote in the Presidential election if:**
**राष्ट्रपति के निर्वाचन में राज्य का मुख्यमंत्री मतदान करने के लिए पात्र नहीं होता यदि–**

(a) He himself is a candidate.
वह स्वयं प्रत्याशी होता है

(b) He is yet to prove his majority on the floor of the Lower House of the State legislature.
उसे राज्य विधान मंडल के निचले सदन में अपना बहुमत सिद्ध करना शेष हो

(c) He is a member of the Upper House of the State legislature.
वह राज्य विधान मंडल में उच्च सदन का सदस्य हो

(d) He is a caretaker Chief Minister.
यदि वह कामचलाऊ रूप में नियुक्त मुख्यमंत्री हो

**उत्तर– (c)**

**व्याख्या**– भारतीय संविधान के अनुच्छेद 54 से स्पष्ट है कि राज्य विधान मंडल के उच्च सदन अर्थात् विधान परिषद् के सदस्य का उल्लेख निर्वाचक मण्डल में नहीं है। अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**54. The abolition of the I.A.S. and the I.P.S. has been recommended by the:**
**भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) और भारतीय पुलिस सेवा (IPS) को समाप्त करने की सिफारिश किसने की थी?**

(a) Dhebar Commission/ढेबर आयोग
(b) Kalekar Commission/कालेकर आयोग
(c) Kher Commission/खेर आयोग
(d) Rajamannar Commission/राजमन्नार आयोग

**उत्तर –(d)**

**व्याख्या**–केन्द्र-राज्य संबंधों पर विचार करने हेतु राजमन्नांर आयोग का गठन 1969 में तमिलनाडु सरकार द्वारा किया गया था। आयोग के अध्यक्ष पी. वी. राजमन्नांर तथा दो सदस्य पी. सी. रेड्डी तथा स्वामी पी. एल. मुदलियार थे। 1971 में प्रकाशित अपनी रिपोर्ट में राजमन्नार आयोग नें संघ राज्य सम्बन्धों में योजना आयोग की भूमिका को नकारने के साथ-साथ केन्द्र सरकार द्वारा राज्यों में नियुक्त किये जाने वाले भारतीय प्रशासनिक सेवा (I.A.S.) तथा भारतीय पुलिस सेवा (I.P.S.) को समाप्त किये जाने की सिफारिश की थी। ज्ञातव्य है कि काका कालेकर आयोग का गठन 1953 ई. में भारतीय समाज के पिछड़े वर्गों की पहचान तथा उनके हित संवर्द्धन हेतु सिफारिशें देने के लिए किया गया था। जबकि 'बी. जी. खेर आयोग' 1955 में राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया गया राजभाषा आयोग था, जिसने 1956 में अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंपी थी।

## विधान मण्डल : मंत्रिपरिषद

**55. Which one of the following statements regarding the office of the Speaker is correct?**
**स्पीकर के पद के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही है?**

(a) He holds office during the pleasure of the President.
वह राष्ट्रपति के प्रसाद पर्यन्त पद धारण करता है

(b) He need not be a member of the House at the time of his election but has to become a member of the House within six months from the date of his election.
यह आवश्यक नहीं कि अपने निर्वाचन के समय वह सदन का सदस्य हो, परन्तु उसे अपने निर्वाचन के बाद छः मास के भीतर सदन का सदस्य हो जाना पड़ेगा।

(c) He loses his office if the House is dissolved before the end of its normal tenure.
यदि सामान्य अवधि से पूर्व सदन को भंग कर दिया जाए तो उसे अपना पद छोड़ना होगा
(d) If he intends to resign, the letter of his resignation is to be addressed to the Deputy Speaker.
यदि वह त्यागपत्र देना चाहे तो उसे अपना त्यागपत्र उपाध्यक्ष को संबोधित करना होगा

**उत्तर –(d)**

**व्याख्या–** इस प्रश्न के सही उत्तर के लिए इसके सभी विकल्पों पर क्रमशः विचार करना होगा। विकल्प (a) स्पष्टतया असत्य है, क्योंकि संविधान के अनुसार स्पीकर के विषय में राष्ट्रपति की कोई भूमिका नहीं होती। विकल्प (b) भी असत्य है, क्योंकि अनुच्छेद 93 के अनुसार लोकसभा के सदस्य अपने में से अपना अध्यक्ष चुनेंगे। जहाँ तक विकल्प (c) की बात है, अनुच्छेद 94 इस संदर्भ में स्पष्ट कहता है कि नई लोकसभा के प्रथम अधिवेशन के ठीक पहले तक पूर्व स्पीकर अपने पद पर बना रहेगा। अतः यह विकल्प भी असत्य है। विकल्प (d) के विषय में अनुच्छेद 94 (ख) में स्पष्ट उल्लेख है। अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।
**(स्रोत - भारत का संविधान - डी. डी. बसु)**

**56. Which one of the following is INCORRECT in respect of Parliamentary Control over the Budget?**
**बजट पर संसद के नियंत्रण के विषय में निम्नलिखित में से कौन सी बात सही नहीं है?**
(a) Parliament has no say in the preparation of the budget.
बजट के निर्माण में संसद का कोई हाथ नहीं होता
(b) Parliament has the power to increase expenditure charged on the Consolidated Fund.
संसद को समेकित निधि पर प्रभारित व्यय को बढ़ाने की शक्ति प्राप्त है
(c) Parliament has no power to impose a tax without the President's recommendation.
संसद को राष्ट्रपति की सिफारिश के बिना कोई कर आरोपित करने की शक्ति प्राप्त नहीं है
(d) Parliament has no power to increase a tax without the President's recommendation.
संसद को राष्ट्रपति की सिफारिश के बिना किसी कर में वृद्धि करने की शक्ति प्राप्त नहीं है

**उत्तर –(a)**

**व्याख्या :** बजट पर संसद के नियंत्रण निम्नलिखित प्रकार से होते है-
- संसद को समेकित निधि पर प्रभारित व्यय को बढ़ाने की शक्ति प्राप्त है।
- संसद को राष्ट्रपति की सिफारिश के बिना कोई कर आरोपित करने की शक्ति प्राप्त नहीं है।
- संसद को राष्ट्रपति की सिफारिश के बिना किसी कर में वृद्धि करने की शक्ति प्राप्त नहीं है।

विधानमण्डल की स्वीकृति के लिए बजट तैयार करना केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकारों, का संवैधानिक दायित्व है। कराधान पर विधायी विशेषाधिकार, व्यय पर विधायी नियंत्रण तथा वित्तीय मामलों पर कार्यपालिका द्वारा पहल संसदीय वित्तीय नियंत्रण प्रणाली के कुछ मूलभूत सिद्धान्त है।
अतः उपर्युक्त व्याख्या से स्पष्ट है कि विकल्प (a) में दिया गया कथन संसदीय नियंत्रण के सन्दर्भ में गलत है।

## संघ एवं राज्य संबंध, प्रशासन, जम्मू कश्मीर राज्य

**57. Which one of the following statements is correct?**
**निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?**
(a) Neither the Finance Commission nor the Planning Commission is a constitutional body.
न तो वित्त आयोग ही सांविधानिक निकाय है और न योजना आयोग ही
(b) The scope of the Finance Commission is limited to a review of the revenue segment of the budget while the Planning Commission takes an overall review embracing both capital and revenue requirements of the States.
वित्त आयोग का क्षेत्र तो बजट के राजस्व खंड के पुनरीक्षण तक ही सीमित है जबकि योजना आयोग सर्वांगपूर्ण पुनरीक्षण करता है जिस से राज्य की पूंजीगत और राजस्वगत दोनों अपेक्षाएं की जाती हैं
(c) No one can be a member of both the Finance Commission and the Planning Commission at the same time.
कोई व्यक्ति एक ही समय में वित्त आयोग और योजना आयोग दोनों का सदस्य नहीं हो सकता
(d) There is no overlapping of work and responsibility of the Finance Commission and those of the Planning Commission.
वित्त आयोग और योजना आयोग के कार्यों और दायित्वों की परस्पर अतिव्याप्ति नहीं है

**उत्तर –(d)**

**व्याख्या–**वित्त आयोग और योजना आयोग के कार्यों और दायित्वों की परस्पर अतिव्याप्ति नहीं है। वित्त आयोग केन्द्रीय करों में राज्यों के भाग तथा केन्द्र द्वारा राज्यों के लिए दिये जाने वाली वित्तीय सहायता के सिद्धान्त निर्धारित करता है, जबकि योजना आयोग देश के समेकित आर्थिक व सामाजिक विकास के लिए योजना का निर्माण करता है। **(स्रोत - भारत का संविधान - डी. डी. बसु)**

## न्याय व्यवस्था (संघ एवं राज्य)

**58. Which one of the following comes under the jurisdiction of both the High Courts and the Supreme Court?**
**निम्नलिखित में से किसके मामले उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय दोनों की अधिकारिता में आते हैं?**
(a) Disputes between the Centre and the States.
केन्द्र और राज्यों के बीच के विवाद
(b) Disputes between the States interest.
राज्यों के परस्पर विवाद
(c) Protection of the Fundamental Rights.
मूल अधिकारों का संरक्षण
(d) Protection against the violation of the Constitution
संविधान के उल्लंघन से संरक्षण

**उत्तर –(c)**

**व्याख्या–**उपर्युक्त विकल्पों में (a) व (b) की अधिकारिता मात्र उच्चतम न्यायालय में निहित है। जबकि विकल्प (c) मूल अधिकारों के संरक्षण का अधिकार जहाँ अनुच्छेद 32 के तहत सर्वोच्च न्यायालय को प्राप्त है, वहीं अनुच्छेद 226 के तहत यह राज्य उच्च न्यायालय को भी प्राप्त है। अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**59. Which one of the following is a feature common to both the Indian Federation and the American Federation?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा लक्षण भारतीय परिसंघ और अमेरिका परिसंघ में समान रूप से पाया जाता है?**

(a) A single citizenship./एक ही नागरिकता
(b) Three lists in the Constitution.
संविधान की तीन सूचियाँ
(c) Dual judiciary./न्यायपालिका की द्वैधता
(d) A federal Supreme Court to interpret the constitution.
संविधान के निर्वचन के लिए परिसंघीय उच्चतम न्यायालय

**उत्तर –(d)**

**व्याख्या–** संविधान के निर्वचन के लिए एक परिसंघीय उच्चतम न्यायालय की स्थापना की प्रक्रिया भारतीय संविधान में अमेरिकी संविधान से प्रभावित है। यह मूल अमेरिकी संविधान का अंग नहीं था वरन् यह मार्बरी बनाम मेडिसन के वाद में न्यायाधीश जान मार्शल द्वारा प्रतिपादित किया गया था।

## पंचायती राजव्यवस्था व संविधान संशोधन, अनुसूची

**60. The Anti Defection Law was enacted as early as 1979 in:**
**दल परिवर्तन विरोधी विधि को किस राज्य में 1979 में ही अधिनियम कर दिया गया था?**

(a) Kerala/केरल
(b) Jammu and Kashmir/जम्मू-कश्मीर
(c) West Bengal/पश्चिम बंगाल
(d) Tamil Nadu/तमिलनाडु

**उत्तर –(b)**

**व्याख्या–**भारतीय संसद द्वारा श्री राजीव गांधी के प्रधानमंत्री काल में 52वां संविधान संशोधन अधिनियम 1985 पारित करके संविधान में उससे सम्बन्धित नई 10वीं अनुसूची शामिल करके दल बदल को अवैध घोषित कर दिया गया। परन्तु इसके पूर्व ही भारत के जम्मू कश्मीर राज्य की विधान सभा ने सर्वप्रथम सन् 1979 में दल बदल विरोधी अधिनियम पारित करके उसे लागू कर दिया था। ज्ञातव्य है कि 91वें संविधान संशोधन अधिनियम 2004 द्वारा संसद ने पुनः दल-बदल विरोधी प्रावधानों में संशोधन तथा मंत्रिपरिषदों के आकार को निर्वाचित सदन की कुल सदस्य संख्या के 15 प्रतिशत तक सीमित रखने का प्राविधान किया गया है।

**61. Which one of the following is in the Concurrent List in the Constitution of India?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा मद भारत के संविधान की समवर्ती सूची में है?**

(a) Population control and family planning
जनसंख्या नियंत्रण और परिवार नियोजन
(b) Public health and sanitation
लोक स्वास्थ्य और स्वच्छता
(c) Capitation taxes/प्रतिव्यक्ति कर
(d) Treasure trove/निखात निधि

**उत्तर –(a)**

**व्याख्या–**भारतीय संविधान की अनुसूची 7 के अन्तर्गत समवर्ती सूची के क्रम 20 (क) में नियंत्रण व परिवार नियोजन वर्णित है। यह 42 वें संविधान संशोधन 1976 द्वारा समवर्ती सूची में डाला गया है। पूर्व में यह राज्य सूची का विषय था अतः विकल्प (a) सही है।

# अर्थव्यवस्था

## विकासशील एवं विकसित अर्थव्यवस्था

**62. Which one of the following sets of economists strongly favoured market economy?**
**अर्थशास्त्रियों के निम्नलिखित वर्गों में से किस वर्ग ने बाजार अर्थव्यवस्था का प्रबल समर्थन किया था?**

(a) Adam Smith, Keynes, Hicks
एडम स्मिथ, कीन्स, हिक्स
(b) Adam Smith, Marx, Strumlin
एडम स्मिथ, मार्क्स्, स्ट्रमलिन
(c) Adam Smith, Hayek, Friedman
एडम स्मिथ, हेयक, फ्रीडमैन
(d) Adam Smith, Ricardo, J.K. Galbraith
एडम स्मिथ, रिकार्डो, जे.के. गालब्रेथ

**उत्तर –(d)**

**व्याख्या–** अर्थशास्त्रियों एडम स्मिथ, रिकार्डो और जे. के. गालब्रेथ ने सरकार के हस्तक्षेप को अस्वीकार करते हुए, बाजार अर्थव्यवस्था का प्रबल समर्थन किया था।

**63. Which arrangement of the following show the correct sequence of demographic transition as typically associated with economic development?**
**निम्नलिखित में से कौन सा संयोजन आर्थिक विकास से संबंधित विशिष्ट जनसांख्यिकीय संक्रमण का सही अनुक्रम दर्शा देगा?**

**1. High birth rate with high death**
**उच्च जन्म दर का उच्च मृत्यु दर से**
**2. Low birth rate with low death**
**निम्न जन्म दर का निम्न मृत्यु दर से**
**3. High birth rate with low death**
**उच्च जन्म दर का निम्न मृत्यु दर से**

**Choose the answer from the codes given below:**
**नीचे दिए हुए कूटों से उत्तर का चयन कीजिए**
**कूट :**

(a) 1, 2, 3 (b) 1, 3, 2
(c) 3, 1, 2 (d) 2, 1, 3

**उत्तर –(b)**

**व्याख्या–**'जनसांख्यिकीय संक्रमण सिद्धांत का विकास डब्ल्यू. एस. थॉमसन तथा एफ. डब्ल्यू नोटेस्टीन द्वारा किया गया। इस सिद्धांत के अनुसार प्रत्येक देश को जनसंख्या वृद्धि की क्रमिक अवस्थाओं से होकर गुजरना पड़ता है। जनसंख्या वृद्धि संतानोत्पादन समूह की सामाजार्थिक परिस्थितियों द्वारा निर्धारित होती है। 'जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत' में जनसंख्या वृद्धि की पांच अवस्थाएं बताई गई हैं - प्रथम अवस्था जनसंख्या वृद्धि की अस्थिर अवस्था होती है जिसमें उच्च जन्मदर तथा उच्च मृत्युदर पायी जाती है। द्वितीय अवस्था जनसंख्या विस्फोट की अवस्था होती है जिसमें उच्च जन्मदर तथा निम्न मृत्युदर पायी जाती है। तृतीय अवस्था जनसंख्या वृद्धि में ह्रास की अवस्था है, जिसमें निम्न जन्मदर तथा निम्न मृत्युदर पायी जाती है। चतुर्थ अवस्था स्थिर जनसंख्या वृद्धि की अवस्था है। पांचवी तथा अंतिम अवस्था ऋणात्मक जनसंख्या वृद्धि की अवस्था होती है, जिसमें जन्मदर मृत्युदर से कम हो जाती है। फलस्वरूप जनसंख्या में ऋणात्मक कमी आने लगती है। इस विवरण से स्पष्ट है कि प्रश्न का उत्तर विकल्प (b) जनसांख्यिकीय संक्रमण की अवस्थाओं को सही रूप में प्रदर्शित करता हैं। (**स्रोत – भारतीय अर्थव्यवस्था - दत्ता सुन्दरम**)

## गरीबी एवं बेरोजगारी

**64. The Employment Guarantee Scheme, a rural work programme, was first started in:**
**नियोजन गारंटी योजना नामक ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम सर्वप्रथम कहां आरंभ किया गया?**

(a) West Bengal/पश्चिमी बंगाल
(b) Punjab/पंजाब
(c) Kerala/केरल
(d) Maharashtra/महाराष्ट्र

**उत्तर –(d)**

**व्याख्या**–ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों को रोजगार अर्थात काम पाने की गारण्टी प्रदान करने वाली नियोजन (रोजगार) गारण्टी योजना सर्वप्रथम महाराष्ट्र राज्य की सरकार द्वारा वर्ष 1972-73 में प्रारम्भ की गई। यह पहली योजना है जिसमें 'काम पाने के अधिकार' को कानूनी मान्यता दी गई। ज्ञातव्य है कि महाराष्ट्र की इसी योजना की तर्ज पर केन्द्र सरकार द्वारा 2 फरवरी 2005 से देश के 27 राज्यों के 200 जिलों में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना (नरेगा) की शुरुआत की गई है।
**(स्रोत - भारतीय अर्थव्यवस्था - दत्ता सुन्दरम)**

**65. The growth rate of which one of the following sectors has very low employment elasticity?**
**निम्नलिखित में से किस क्षेत्रक की वृद्धि दर की रोजगार प्रत्यास्थता बहुत कम है?**

(a) Manufacturing/विनिर्माण
(b) Construction/निर्माण
(c) Financial services/वित्तीय सेवायें
(d) Mixed farming/मिश्रित खेती

**उत्तर– (a)**

**व्याख्या**– क्रमानुसार प्रश्नगत क्षेत्रक और उनकी रोजगार प्रत्यास्थता निम्न है –

| **क्षेत्रक** | | **रोजगार प्रत्यास्थता** |
|---|---|---|
| निर्माण | – | 0.60 |
| वित्तीय सेवाएं | – | 0.53 |
| मिश्रित खेती | – | 0.40 |
| विनिर्माण | – | 0.25 |

## आर्थिक नियोजन एवं राष्ट्रीय आय/बजट

**66. The basic difference between imperative and indicative planning is that:**
**आदेशात्मक और निर्देशात्मक योजना का आधारभूत अंतर क्या है?**

(a) In the case of the imperative planning the market mechanism is entirely replaced by a command hierarchy, while in the case of indicative planning, it is looked upon as a way to improve the functioning of the market system.
आदेशात्मक योजना में आदेष्टा सोपान बाजार तंत्र का स्थान पूरी तरह से ले लेता है, जबकि निर्देशात्मक योजना में उसे बाजार प्रणाली के कार्यकरण को सुधारने का केवल एक साधन माना जाता है।
(b) In the case of indicative planning there is no need to nationalize any industry.
निर्देशात्मक योजना में किसी भी उद्योग के राष्ट्रीयकरण की कोई आवश्यकता नहीं होती।
(c) In the case of imperative planning all economic activities belong to public sector, while in the other type they belong to the private sector.
आदेशात्मक योजना में सभी आर्थिक क्रियाकलाप लोक क्षेत्रक के हाथ में होते हैं, जबकि निर्देशात्मक योजना में वे निजी क्षेत्रक के हाथ में होते हैं।
(d) It is easier to achieve targets in imperative type of planning.
निर्देशात्मक योजना में लक्ष्यों की सिद्धि सरलता से होती है।

**उत्तर– (a)**

**व्याख्या**– आदेशात्मक योजना में बाजार तंत्र पूरी तरह से नियंत्रित होता है और आवश्यकतानुसार उसमें नीतिगत परिवर्तन किए जा सकते हैं, जबकि निर्देशात्मक योजना में आदेष्टा का निर्देश बाजार प्रणाली के क्रिया-कलापों को सुधारने का मात्र एक साधन या उपाय ही होता है।
**(स्रोत – भारतीय अर्थव्यवस्था - दत्ता सुन्दरम)**

**67. Which of the following are the main causes of slow rate of growth of per capita income In India?**
**निम्नलिखत में से कौन से मुख्य कारणों से भारत में प्रतिव्यक्ति आय में वृद्धि की दर धीमी है?**

1. High capital output ratio
उच्च पूंजी-निर्माण अनुपात
2. High rate of growth of population
जनसंख्या की वृद्धि की ऊँची दर
3. High rate of capital formation
पूंजी रचना की ऊंची दर
4. High level of fiscal deficits
राजवित्तीय घाटे का ऊँचा स्तर

**Select the correct answer from the codes given below:**
**सही उत्तर का चयन नीचे दिए हुए कूटों से कीजिए :**
**कूट :**

(a) 1, 2, 3 and 4/1, 2, 3 और 4
(b) 2, 3 and 4/2, 3 और 4
(c) 1 and 4/1 और 4
(d) 1 and 2/1 और 2

**उत्तर –(d)**

**व्याख्या**– भारत में जनसंख्या की वृद्धि इतनी तीव्र गति से हुई है कि वर्तमान समय में यह जनसंख्या विस्फोट के दौर से गुजर रही है। एक वर्ष के अन्दर इतनी जनसंख्या बढ़ जाती है, जो राष्ट्रीय आय के आकलनों को प्रभावित कर सके। दूसरी ओर अत्याधुनिक तकनीक के अभाव, प्रबन्धन की कमजोरी और अन्य प्रतिकूल आन्तरिक परिस्थितियों के कारण जितनी पूँजी विनियोजित की जाती है, उसकी तुलना में उत्पादन नहीं प्राप्त हो पाता। परिणामस्वरूप पूंजी उत्पाद अनुपात की दर ऊंची रहती है। इन दोनों कारणों से देश की प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि की दर धीमी रही है।
**(स्रोत - भारतीय अर्थव्यवस्था - दत्ता सुन्दरम)**

## कृषि, उद्योग एवं व्यापार

**68. In India the Public Sector is most dominant in :**
**भारत में लोक क्षेत्रक किस क्षेत्र में सर्वाधिक छाया हुआ है?**

(a) Steel production/इस्पात उत्पादन
(b) Organised term lending financial institutions
नियत अवधि के लिए उधार देने वाली संगठित वित्तीय संस्थाएं

(c) Transport/परिवहन
(d) Commercial banking/वाणिज्यिक बैंक कार्य
**उत्तर– (b)**

**व्याख्या–** भारत में पब्लिक सेक्टर (लोक क्षेत्रक) का सर्वाधिक योगदान संगठित वित्तीय संस्थाओं (वाणिज्यिक व सहकारी बैंक तथा अन्य वित्तीय संस्थायें) द्वारा निश्चित अवधि के लिए उधार दिए जाने के क्षेत्र में है। ये वित्तीय संस्थायें कृषि उद्योग एवं सेवा क्षेत्र के लिए नियत अवधि का ऋण प्रदान करती है। इस्पात उद्योग में लोक क्षेत्र की भागीदारी बहुत अधिक है।

**69. Which one of the following is the best strategy for environment friendly sustainable development in Indian agriculture?**
**भारत में कृषि के पर्यावरण-अनुकूल, दीर्घस्थायी विकास के लिए निम्नलिखित में से कौन सी रणनीति सर्वश्रेष्ठ है?**
(a) Expansion of cultivable land, increased use of superphosphate, urea and effective biocides.
कृष्य भूमि का विस्तार, सुपर फॉस्फेट, यूरिया और प्रभावी जीवनाशकों का अधिक उपयोग
(b) Wider popularization of high yielding crop varieties, better and more frequent irrigation and increased frequency of aerial sprays of inorganic fertilizers and pesticides.
अधिक पैदावार वाली किस्मों को अधिकाधिक लोकप्रिय बनाया जाना, बेहतर और अधिक बार सिंचाई तथा अजैव उर्वरकों और कीटनाशियों का बार-बार फुहार छिड़काव
(c) Mixed cropping, organic manures, nitrogen fixing plants and pest resistant crop varieties.
मिश्र सस्यन, कार्बनिक खादें, नाइट्रोजन यौगिकी कर पौधे और कीट प्रतिरोध सस्य किस्में
(d) Improved farm implements and machinery, use of potent insecticides to minimize post harvest grain losses and mono culture cropping practices.
उन्नत कृषि उपकरण और यंत्र, कटी फसल के दानों की क्षति को न्यूनतम करने की सशक्त कीटनाशियों का प्रयोग और एकधासस्यन रीतियां
**उत्तर– (c)**

**व्याख्या–** मिश्र सस्यन, कार्बनिक खादें व कीट प्रतिरोधी जातियों का प्रयोग भारत में कृषि के अनुकूल पर्यावरण, दीर्घ स्थायी विकास के लिए सर्वश्रेष्ठ विधि है।
**(स्रोत - भारतीय अर्थव्यवस्था - दत्ता सुन्दरम)**

**70. Which one of the following modes of privatisation is the most comprehensive and complete?**
**निजीकरण की निम्नलिखित में से कौन सी रीति सर्वाधिक सर्वांगीण और परिपूर्ण है?**
(a) Introduction of private capital in public sector.
लोक क्षेत्रक में निजी पूँजी का प्रयोग
(b) Contracting out management of public enterprises to the private sector.
लोक उद्यमों के प्रबंध को संविदा पर निजी क्षेत्रक को सौंपा जाना
(c) Transferring ownership and management to the workers.
मजदूरों को स्वामित्व और प्रबंध का हस्तांतरण
(d) Transferring ownership and management to the private sector.
निजी क्षेत्रक को स्वामित्व और प्रबंध का हस्तांतरण
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या–**निजी व्यक्तियों तथा निजी औद्योगिक समूहों को उद्योगों के स्वामित्व तथा प्रबंधन का हस्तान्तरण करना निजीकरण की आर्थिक नीति की सर्वाधिक सर्वांगीण एवं परिपूर्ण प्रक्रिया है। निजीकरण की नीति पूंजीवादी मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था का लक्षण है। लोक उद्यमों में सार्वजनिक या सरकारी क्षेत्र का नियंत्रण अर्थव्यवस्था के समाजवादी मॉडल का लक्षण है।

## मुद्रा/बैंकिंग एवं कर प्रणाली, केन्द्र राज्य वित्तीय सम्बन्ध

**71. When partial convertibility obtains the exchange rate is:**
**जब आंशिक विनिमेयता लागू होती है तो विनिमय दर होती है-**
(a) A weighted average/भारित औसत
(b) A simple average/सामान्य औसत
(c) Fully floating/पूर्णतः प्लवमान
(d) Fully administered/पूर्णतः प्रशासित
**उत्तर –(a)**

**व्याख्या–**जब किसी देश द्वारा अपनी मुद्रा में अन्य देशों की मुद्राओं के साथ परस्पर लेन-देन के लिए आंशिक विनिमेयता लागू की जाती है तो उस देश की विनिमय दर आंशिक रूप से सरकार द्वारा तथा आंशिक रूप से बाजार की शक्तियों द्वारा तय की जाती है। अतः परिणामी विनिमय दर भारित औसत होती है। मुद्रा की विनिमय दर की पूर्ण परिवर्तनीयता का आशय ऐसी व्यवस्था से है जिसके अंतर्गत किसी देश की मुद्रा मुक्त रूप से प्रमुख विदेशी मुद्राओं में तथा प्रमुख विदेशी मुद्राएँ मुक्त रूप से स्थानीय मुद्रा में परिवर्तनशील होती है।

**72. A zero rate of Inflation obtains necessarily in a year where the annual rate of inflation:**
**मुद्रास्फीति की शून्य दर उस वर्ष में अवश्य मानी जाती है, जब-**
(a) in every week of the year is zero.
वर्ष के प्रत्येक सप्ताह में मुद्रास्फीति की वार्षिक दर शून्य रहे
(b) is falling in every week of the year
वर्ष के प्रत्येक सप्ताह में मुद्रास्फीति की वार्षिक दर घटती जाए
(c) is both falling and rising in a year.
वर्ष में मुद्रास्फीति की वार्षिक दर घटे भी और बढ़े भी
(d) is constant in every week of the year.
वर्ष के प्रत्येक सप्ताह में मुद्रास्फीति की वार्षिक दर स्थिर रहे
**उत्तर –(a)**

**व्याख्या–** दरअसल मुद्रा स्फीति की प्रवृत्तियों की माप सप्ताह-दर-सप्ताह मापी जाती है। अतः शून्य दर की प्राप्ति के लिए उसका उस वर्ष के प्रत्येक सप्ताह में उसकी गति की दर शून्य होनी अनिवार्य है। ऐसी स्थिति में वह न तो स्थिर रहती है और न घटती-बढ़ती है।

**73. Which one of the following pairs is correctly matched?**
**निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित है?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | Rationing<br>राशनिंग | : | Fiscal control<br>राजवित्तीय नियंत्रण |
| (b) | Cash Reserve Ratio<br>नकद आरक्षण अनुपात | : | Selective Credit Control<br>चयनात्मक उधार |
| (c) | Licensing<br>अनुज्ञापन | : | Comprehensive Control<br>व्यापक नियंत्रण |
| (d) | Import Quota<br>आयात कोटा | : | Physical control<br>भौतिक नियंत्रण |

**उत्तर– (d)**

**व्याख्या–** आयात कोटा के माध्यम से सरकार द्वारा किसी निश्चित समयावधि सामान्यतया 1 वर्ष में आयातित वस्तु की मात्रा निश्चित कर दी जाती है। आयात कोटा में निश्चित मात्रा से अधिक आयात नहीं किया जा सकता। अतः आयात कोटा भौतिक नियंत्रण का प्रभावी उपाय है।

**74. Euro dollars are:/यूरो डॉलर क्या है?**

(a) A currency issued by European Monetary Union./यूरोपीय मुद्रासंघ द्वारा जारी एक मुद्रा

(b) Special currency issued by federal government of U.S.A. to be used only in Europe./संयुक्त राज्य अमेरिका की परिसंघीय सरकार द्वारा जारी एक विशेष मुद्रा जिसका प्रयोग केवल यूरोप में होता है

(c) U.S. dollars circulating In Europe.
यूरोप में परिचालित अमेरिकी (U.S.)डॉलर

(d) European currencies exchanged for the U.S. dollar in U.S.
संयुक्त राज्य अमेरिका में अमेरिकी (U.S.)डॉलर

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या–**'यूरो डालर' 1958 में स्थापित यूरोपीय संघ के 12 राष्ट्रों द्वारा दिसम्बर 1991 में की गई मास्ट्रिश्च संधि यूरोप के आर्थिक एकीकरण हेतु जारी की गई एकल मुद्रा है।
(**स्रोत – भारतीय अर्थव्यवस्था - दत्ता सुन्दरम**)

**75. Variable reserve rates and Open Market Operations are instruments of:**
**चर आरक्षण अनुपात और खुला बाजार कार्रवाई किसके साधन हैं?**

(a) Fiscal Policy/राजवित्तीय नीति
(b) Monetary Policy/मुद्रा नीति
(c) Budgetary Policy/बजट नीति
(d) Trade Policy/व्यापार नीति

**उत्तर–** (b)

**व्याख्या–** चर आरक्षण अनुपात का सम्बन्ध मुद्रा के प्रचलन से है। इसको घटा-बढ़ाकर बाजार में मुद्रा की मात्रा को नियंत्रित करने का प्रयास किया जाता है। रिजर्व बैंक द्वारा खुला बाजार कार्यवाई का प्रयोग सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद-बिक्री के माध्यम से मुद्रा की आपूर्ति को नियंत्रित करने के लिए नियोजित किया जाता है। इस प्रक्रिया का मुख्य नियामक रिजर्व बैंक है जो इसे संचालित करता है। अतः यह मौद्रिक नीति का ही एक अंग है। जबकि राजवित्तीय नीति का ही एक हिस्सा बजट नीति है और व्यापार नीति अपने व्यापक संदर्भ में विदेशी व्यापार से ही सम्बद्ध है।

## भारत का विदेश व्यापार एवं आर्थिक संगठन, शेयर बाजार

**76. The earnings of India from diamond export is quite high. Which one of the following factors has contributed to it?**
**हीरे के निर्यात से भारत को काफी अधिक आय प्राप्त होती है। इसमें निम्नलिखित में से किस कारक का योगदान है?**

(a) Pre independence stockpiling of diamonds in the country which are now exported.
स्वाधीनता से पूर्व देश में हीरों का विशाल संचय जिसे अब निर्यात् किया जा रहा है

(b) Large production of industrial diamonds in the country.
देश में औद्योगिक हीरों का प्रचुर उत्पादन

(c) Expertise available for cutting and polishing of imported diamonds which are then exported.
विशेषज्ञों की उपलब्धि, जो आयातित हीरों की कटाई और पॉलिश करते हैं, ताकि बाद में उनका निर्यात् हो सके

(d) As in the past, India produces huge quantity of gem diamonds which are exported.
देश में पहले की तरह अब भी रत्न हीरों का विशाल मात्रा में उत्पादन है, जिनका निर्यात किया जाता है

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या–** भारत मूलतः तराशे हुए हीरे का ही निर्यात करता है। विशेषज्ञों और कुशल कारीगरों की मदद से आयातित हीरे को खूबसूरती से तराशकर उसकी कटाई और पॉलिश करके उसे बहुमूल्य बना दिया जाता है।

**77. Most Favoured Nations (MFN) clause under GATT implies**
**टैरिफ और व्यापार संबंधी साधारण करार (GATT) के अधीन सर्वाधिक अनुग्रह भाजन राष्ट्र (MFN) खंड में विवक्षित है -**

(a) Most favour to some countries.
कुछ देशों के प्रति अधिकतम अनुग्रह

(b) Most favour to all countries.
सभी देशों के प्रति अधिकतम अनुग्रह


(c) No favour to any country.
किसी देश के प्रति कोई अनुग्रह नहीं


(d) No favour to some countries.
कुछ देशों के प्रति कोई अनुग्रह नहीं

**उत्तर –(b)**

**व्याख्या–** टैरिफ और व्यापार सम्बन्धी साधारण करार (GATT) के अधीन सर्वाधिक अनुग्रह भाजन राष्ट्र (MFN) का तात्पर्य है कि सदस्य देश किसी गैर सदस्य देश को जो व्यापारिक सुविधाएँ और रियायतें प्रदान करते हैं वे सभी रियायतें एवं सुविधाएं उन्हें सदस्य राष्ट्रों को बिना शर्त उपलब्ध करानी होगी। इस प्रकार सुविधाएं प्राप्त करने वाले सभी सदस्य राष्ट्रों को सर्वाधिक अनुग्रह भाजन राष्ट्र (MFN) की श्रेणी में रखा गया। (**स्रोत - अर्थव्यवस्था - दत्ता सुन्दरम**)

**78. Consider the charts given below:**
**नीचे दिए हुए चार्टों पर ध्यान दीजिए :**






**The given charts depict the price variation in a stock market during a year. Movement of industry wise average price is plotted for the sectors of iron and steel and petro products. Price movements of four companies A and B (iron and steel), C and D (petro products) are also plotted. From the curves, a significant feature that can be deducted is:**
**ऊपर के चार्ट स्टॉक बाजार में वर्ष भर हुए मूल्य परिवर्तनों को दर्शाते हैं। लोहा और इस्पात तथा पेट्रो उत्पाद के क्षेत्रकों के उद्योगवार औसत मूल्य का संचरण चित्रित किया गया है। चार कंपनियों A, B (लोहा और इस्पात) तथा C, D (पेट्रो उत्पाद) के मूल्य संचरण को भी चित्रित किया गया है। वक्र रेखाओं से जो विशिष्ट लक्षण अनुमानित किया जा सकता है, वह है -**

(a) Company C made large profit around June.
कंपनी C ने जून के आस-पास भारी लाभ कमाया
(b) All share prices will increase steadily in the next year.
अगले वर्ष में सभी शेयर-मूल्य दृढ़ता से बढ़ेंगे
(c) Company B seems to be performing better than the market average.
कंपनी B बाजार औसत से अधिक अच्छा काम करती दिखती है
(d) Petro products are performing better than iron and steel.
लोहा और इस्पात की तुलना में पेट्रो उत्पाद का निष्पादन अच्छा है।

**उत्तर –(c)**

**व्याख्या–**प्रश्न में दिए गए चार्ट में स्टाक बाजार में एक वर्ष में कम्पनी A, B, के लौह-इस्पात तथा कम्पनी C,D, के पेट्रो उत्पादन के मूल्य परिवर्तनों की वक्र रेखाओं के अध्ययन से यह निष्कर्ष अनुमानित किया जा सकता है कि लौह इस्पात की कम्पनी B औसत से अधिक अच्छा कार्य कर रही है, क्योंकि B कम्पनी की मूल्य संचरण की वक्र रेखा अन्य कम्पनियों A,C तथा D की अपेक्षा वृद्धि को प्रदर्शित कर रही है।

**79. Which one of the following types of borrowings from the IMF has the softest servicing conditions?**
**अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष के ऋणदान के निम्नलिखित प्रकारों में से किसकी सेवा शर्तें अधिकतम आसान है?**

(a) Second tranche loan/द्वितीय ट्रांच (TRANCHE) ऋण
(b) SAF
(c) ESAF
(d) Oil Facility/तेल सुविधा


**उत्तर –(c)**

**व्याख्या–** अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (IMF) की स्थापना ब्रेटनवुड सम्मेलन के निर्णयानुसार 27 दिसम्बर 1945 को हुई थी किन्तु इसने वास्तविक रूप में 1 मार्च, 1947 से कार्य करना प्रारम्भ किया। अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष का प्रमुख उद्देश्य सदस्य देशों के भुगतान असंन्तुलन की स्थिति को ठीक करना तथा विनिमय दरों में स्थिरता बनाये रखते हुए अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का संतुलित विकास करना है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष से ऋणदान करने हेतु ESAF (इन्हैंस्ड स्ट्रक्चरल एडजस्टमेंट फैसिलिटी) की सेवा शर्तें सबसे आसान है।
**(स्त्रोत – भारतीय अर्थव्यवस्था - दत्ता सुन्दरम)**

# विज्ञान

## भौतिक विज्ञान


**80. Which one of the diagrams given below represent most closely the path of geostationary satellite in space?**
**नीचे दिए हुए आरेखों में से कौन-सा आरेख अंतरिक्ष में तुल्यकालिक उपग्रह के पथ का अधिकतम सही निरूपण करता है?**




**उत्तर–** (d)

**व्याख्या–** भू-तुल्यकालिक उपग्रहों की गति पृथ्वी की दैनिक गति के समान होती है। इसी कारण ये उपग्रह एक स्थान पर स्थिर प्रतीत होते हैं। चूँकि अण्डाकार परिपथ में गति करते हुए उपग्रह सूर्य की परिक्रमा करता है। अतः कृत्रिम तुल्यकालिक उपग्रहों की गति भी पृथ्वी की दैनिक गति के समान होने के कारण अण्डाकार परिपथ में होगी। अतः स्पष्ट है कि विकल्प (d) में प्रस्तुत अण्डाकार आरेख ही तुल्यकालिक उपग्रहों की गति से सही परिपथ को निरुपित करता है। ज्ञातव्य है कि तुल्यकालिक कृत्रिम उपग्रहों को पृथ्वी से लगभग 36000 कि.मी. की ऊँचाई में स्थापित किया जाता है।
**(स्त्रोत - विज्ञान - N.C.E.R.T.)**

**81. Consider the figures of a metal ball and a metal ring given below:**
**नीचे दिए हुए धातु गोलक और धातु वलय के चित्रों पर ध्यान दीजिए :**



**गोलक** **वलय**

**The metal ball can just pass through the hole of a metal ring formed out of a strip. When the ball is heated it gets stuck. But when the metal ring is heated.**

**पत्ती से बने धातुवलय के छिद्र में से धातु-गोलक निकल भर सकता है। यदि गोलक को गरम करें तो वह अटक जाता है। परंतु यदि धातु वलय को गरम करें तो –**

(a) The ball can still pass through it because the ring diameter expands on heating.
गोलक निकल सकेगा क्योंकि तापन से प्रसार के कारण वलय का व्यास बढ़ जाएगा

(b) The ball gets stuck because the diameter of the hole decreases on expansion.
गोलक अटक जाएगा क्योंकि प्रसार के कारण छिद्र का व्यास घट जाएगा

(c) The ball will still pass through because the hole diameter does not change.
गोलक निकल सकेगा क्योंकि छिद्र का व्यास परिवर्तित नहीं होगा

(d) The ball will pass through because there is no change in the ring.
गोलक निकल सकेगा क्योंकि वलय में कोई परिवर्तन नहीं होगा

**उत्तर –(a)**

**व्याख्या** – किसी धातु को गरम करने पर वह फैलता है तथा तापन से उसका प्रसार बढ़ जाता है। इस प्रकार स्पष्ट है कि धातु वलय को गरम करने पर उसके वाह्य व्यास के साथ-साथ भीतरी व्यास में भी वृद्धि होती है। अतः उसके गरम करने पर गोलक निकल सकेगा।
**(स्त्रोत - विज्ञान - N.C.E.R.T.)**

**82. The working of the quartz crystal in the watch is based on the:**
**घड़ी में स्फटिक क्रिस्टल का कार्य किस पर आधारित है?**

(a) Photoelectric Effect/प्रकाश विद्युत प्रभाव
(b) Johnson Effect/जॉन्सन प्रभाव
(c) Piezoelectric Effect/दाब विद्युत प्रभाव
(d) Edison Effect/एडिसन प्रभाव

**उत्तर –(c)**

**व्याख्या**–घड़ियों में स्फटिक क्रिस्टल का कार्य दाब विद्युत प्रभाव पर आधारित है, कुछ पदार्थों में यांत्रिक दबाव के कारण विद्युत उत्पन्न करने की क्षमता होती है, जिसे दाब विद्युत प्रभाव कहा जाता है।
**(स्त्रोत - विज्ञान - N.C.E.R.T.)**

**83. At what temperature are the readings of a Centigrade and Fahrenheit thermometer the same?**
**कितना तापमान होने पर पाठ्यांक सेल्सियस और फारेनहाइट तापमापियों में एक ही होंगे?**

(a) – 40 (b) 212 (c) 40 (d) 100

**उत्तर –(a)**

**व्याख्या**– – $40^0$C तापमान पर सेल्सियस तथा फारेनहाइट तापमापियों के पाठ्यांक एक समान होते हैं। सेल्सियस पैमाने में निम्न नियत बिन्दु शून्य से उच्च नियत बिन्दु 100 तक के अंतरालों को 100 बराबर भागों में बाँटकर तापक्रम मापा जाता है, जबकि फारेनहाइट पैमाने में निम्न नियत बिन्दु – $32^0$ F तथा उच्च नियत बिन्दु $212^0$ F मानकर इनके बीच के अन्तराल को 180 बराबर भागों में बाँटकर तापमान ज्ञात किया जाता है। सेल्सियस में दिये गए तापमान को फारेनहाइट में बदलने के लिए निम्नलिखित पैमाने का प्रयोग किया जाता है – सेल्सियस (C) = फारेनहाइट (F) – 32 × $\frac{5}{9}$
**(स्त्रोत - विज्ञान - N.C.E.R.T.)**

**84. The formation of brilliant colours in soap film is a consequence of the phenomenon of:**
**साबुन के पतले झाग में चमकदार रंगों का बनना किस परिघटना का परिणाम है?**

(a) Multiple reflection and interference
बहुलित परावर्तन और व्यतिकरण
(b) Multiple refraction and dispersion
बहुलित अपवर्तन और परिक्षेपण
(c) Diffraction and dispersion
विवर्तन और परिक्षेपण
(d) Polarization and interference
ध्रुवण और व्यतिकरण

**उत्तर –(a)**

**व्याख्या**–साबुन के पतले झाग में चमकदार रंगों का दिखाई पड़ना प्रकाश के बहुल परावर्तन तथा प्रकाश के व्यतिकरण की घटना का उदाहरण है। पानी के साथ साबुन के बनने वाले बुलबुले की पतली परतों से सूर्य के प्रकाश के गुजरने से प्रकाश के व्यतिकरण के कारण प्रकाश सात रंगों में दिखाई पड़ने लगता है।
**(स्त्रोत - विज्ञान - N.C.E.R.T.)**

## रसायन विज्ञान

**85. Which one of the following is used for dating archaeological specimens in wood, bones and shells?**
**काष्ठ, अस्थि और शंख के पुरातत्वीय नमूनों का काल निर्धारण करने के लिए निम्नलिखित में से कौन सा अपनाया जाता है?**

(a) Uranium 238/यूरेनियम-238
(b) Argon isotope/आर्गन-आइसोटोप
(c) Carbon 14/कार्बन-14
(d) Strontium 90/स्ट्रॉन्शियम-90

**उत्तर –(c)**

**व्याख्या**–काष्ठ, अस्थि, शंख तथा अन्य पुरातात्विक जीवाश्मों के काल निर्धारण या प्राचीनता का पता लगाने हेतु रेडियो एक्टिव समस्थानिक कार्बन-14 (C-14) का प्रयोग किया जाता है। पृथ्वी तथा पुरानी चट्टानों की आयु का पता लगाने हेतु यूरेनियम -238 (U-238) रेडियोक्टिव समस्थानिक का तथा कोबाल्ट -60 (Co-60) का प्रयोग कैंसर के उपचार में किया जाता है।
**(स्त्रोत - विज्ञान - N.C.E.R.T.)**

**86. Acid precipitation is now regarded as a serious problem in some European and Asian countries. Its major cause or source is:**
**आज कल कुछ यूरोपीय और एशियाई देशों में अम्ल-अवक्षेपण को विकट समस्या माना जाता है। इसका मुख्य कारण या स्त्रोत है–**

(a) Discharge of acidic effluents onto neutral or slightly alkaline land where the acidic components precipitate.
जहाँ अम्लीय घटकों का अवक्षेपण होता है वहाँ मितलवणीय अथवा किंचित क्षारीय भूमि पर होने वाले अम्लीय बहिःस्राावियों का विसर्जन।
(b) Emissions of sulphur oxides and nitrogen oxides from thermal power plants and burning of fossil fuels; these oxides dissolve in atmospheric water vapour and fall back on earth as acid rain.

अम्लीय शक्ति संयंत्रों तथा जीवाश्म ईंधन के ज्वलन से सल्फर डाई ऑक्साइडों और नाइट्रोजन ऑक्साइडों का उत्सर्जन, ये ऑक्साइड वायुमंडलीय जल वाष्प में विलीन हो जाते हैं और अम्लवृष्टि के रूप में वापस भूमि पर बरस जाते हैं।

(c) Natural carbon dioxide released during respiration of living organisms dissolves in water, forming carbonic acid which is the chief contributor to acidity in rain water.
जीवधारियों के श्वसन से निकली प्राकृतिक कार्बन-डाइ-ऑक्साइड जल में विलीन होकर कार्बनिक अम्ल बनाती है और वही वर्षाजल में अम्लता का प्रमुख योगदान करती है।

(d) Chlorofluorocarbons readily react with various chemicals near the earth's surface, producing acidic intermediates which cause acid precipitation.
क्लोरो-फ्लोरो कार्बन भूपृष्ठ के निकट विविध रसायनों के साथ सहजता से अभिक्रिया करके अम्लीय मध्यकों को उत्पन्न करते हैं जो अम्ल अवक्षेपण करते हैं।

**उत्तर –(b)**

**व्याख्या**–स्वीडन, नार्वे आदि यूरोपीय देशों तथा कुछ एशियाई देशों में अम्ल अवक्षेपण अर्थात् अम्ल वर्षा (Acid Rain) का दुष्प्रभाव एक विकट समस्या बनती जा रही है। अम्ल वर्षा के प्रमुख कारक या स्रोत अम्लीय शक्ति संयंत्रों तथा जीवाश्म ईंधन (कोयला, डीजल, पेट्रोल) आदि के जलने से निकलने वाली सल्फर डाई आक्साइड ($So_2$) तथा नाइट्रोजन आक्साइडों का उत्सर्जन है। सल्फर तथा नाइट्रोजन के आक्साइड वायुमण्डल की आर्द्रता से क्रिया करके वर्षा के पानी के साथ घुलकर अम्ल वर्षा के रूप में पृथ्वी पर आ जाते हैं। अम्ल वर्षा से जल जन्तु, वनस्पतियाँ, मृदा, इमारतें, रेल पटरियाँ तथा पुल दुष्प्रभावित होतें हैं। **(स्रोत - विज्ञान - N.C.E.R.T.)**

**87. Which one of the following colloidal systems is represented by fog?**
**'कोहरे' में निम्नलिखित में से कौन सा कोलाइडी तंत्र अभिव्यक्त होता है?**

(a) Liquid in gas/गैस में द्रव
(b) Gas in liquid/द्रव में गैस
(c) Solid in gas/गैस में ठोस
(d) Liquid in liquid/द्रव में द्रव

**उत्तर –(a)**

**व्याख्या**– कुहरे में जलवाष्प का संघनन लघु जल बिन्दुओं के रूप में होता है, जो धरातल की दृश्यता को प्रभावित करता है। जब धरातल के नजदीक स्थित वायु का तापमान ओसांक तक पहुंच जाता है तथा हवा ठण्डी हो जाती है, तब उसमें उपस्थित जलवाष्प का संघनन वायुमण्डलीय धूल-कणों इत्यादि के चारों तरफ हो जाता है। ये संघनित जल की बूंदें हल्की होने के कारण हवा में ही लटकी रहती हैं और हवा के साथ स्थानान्तरित होती रहती हैं।
**(स्रोत - विज्ञान - N.C.E.R.T.)**

**88. The Government of India has totally banned the export of 'Burnt Coal' (Jhama), because it contains recoverable amount of a metal/element used in transistors. Which one is the element?**
**भारत सरकार ने 'झामा' के निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है क्योंकि उसमें से ऐसी धातु/ऐसा तत्व निकाल सकते हैं जिसका उपयोग ट्रांजिस्टरों में होता है। वह निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व है?**

(a) Phosphorus/फॉस्फोरस
(b) Germanium/जर्मेनियम
(c) Silicon/सिलिकान
(d) Tungsten/टंगस्टन

**उत्तर –(c)**

**व्याख्या**–भारत सरकार द्वारा 'झामा' के निर्यात को इस कारण प्रतिबंधित किया गया है क्योंकि उससे निकलने वाले 'सिलिकॉन' नामक तत्व का उपयोग ट्रांजिस्टरों के निर्माण में किया जाता है। सिलिकॉन, जर्मेनियम आदि धातुएं रेडियो एक्टिव होती हैं तथा अन्य तत्वों से क्रिया करके मानव स्वास्थ्य के लिए नुकसान पहुँचा सकती है।
**(स्रोत - विज्ञान - N.C.E.R.T.)**

**89. नीचे दिए हुए दोनों कथनों पर विचार कीजिए जिसमें से एक को कथन (A) और द्वितीय को कारण (R) कहा गया है :**

**Assertions (A):** A mixture of salt and ice gives temperature below 0°C.
**कथन (A) :** नमक और बर्फ के मिश्रण से $0^oC$ से नीचे का तापमान प्राप्त होता है

**Reason (R):** The salt raises the freezing point of ice.
**कारण (R) :** नमक बर्फ के जमाव बिन्दु को बढ़ा देता है

**In the context of the above two statements, which one of the following is correct?**
**ऊपर के दोनों कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

(a) Both A and R are true and R is the correct explanation of A.
A और R दोनों सही हैं तथा A की सही व्याख्या R करता है
(b) Both A and R are true but R is NOT the correct explanation of A.A और R सही है पर A की सही व्याख्या R नहीं करता है
(c) A is true but R is false/A सही है पर R गलत है
(d) A is false but R is true/A गलत है पर R सही है

**उत्तर –(c)**

**व्याख्या**–नमक (सोडियम – NaCl क्लोराइड तथा बर्फ (पानी का ठोस रूप) को मिश्रित कर देने से शून्य डिग्री सेन्टीग्रेड के नीचे का तापमान प्राप्त हो जाता है। यह कथन (A) सही है परन्तु कारण (R) नमक बर्फ के जमाव बिन्दु को बढ़ा देता है गलत है। क्योंकि नमक के मिश्रण से जल का क्वथनांक बढ़ता है हिमांक नहीं।

**90. Vinegar is an aqueous solution of:**
**सिरका किसका जलीय विलयन है?**

(a) oxalic acid/ऑक्सीजन अम्ल
(b) citric acid/नींबू का अम्ल
(c) acetic acid/ऐसीटिक अम्ल
(d) hydrochloric acid/हाइड्रोक्लोरिक अम्ल

**उत्तर –(c)**

**व्याख्या**– रासायनिक रूप से सिरका एक प्रकार का एसीटिक अम्ल होता है। यह (सिरका) एसीटिक एसिड ($CH_3$ COOH) का जलीय विलयन होता है। सिरका एसीटिक अम्ल के रूप में खाने के काम में आता है।
**(स्रोत - विज्ञान - N.C.E.R.T.)**

## मानव चिकित्सा विज्ञान (जन्तु विज्ञान)

**91. The theory of 'jumping genes' was propounded by :**
**'प्लवमान जीन' (जंपिंग जीन) के सिद्धान्त का प्रतिपादन किसने किया था?**

(a) Gregor Johann Mendel/ग्रेगोर जोहन मेंडल
(b) Thomas Hunt Morgan/टॉमस हंट मॉर्गन
(c) Barbara McClintock/बारबरा मैक्लिंटॉक
(d) Watson and Crick/वॉट्सन और क्रिक

**उत्तर –(c)**

**व्याख्या**–वे D.N.A. अणु जो स्थानान्तरणशील होते हैं और प्लाज्मिड अथवा जीवाणु DNA के विभिन्न स्थलों पर स्थान ग्रहण कर सकते हैं 'जम्पिंग जीन' या 'प्लवमान जीन' अथवा 'ट्रांसपोसोन' कहलाते हैं। 'जम्पिंग जीन' के सिद्धाँत का प्रतिपादन बारबरा मैक्लिंटॉक ने मक्के में अपनी खोज के दौरान किया था। जम्पिंग जीन का मुख्य लक्षण इनके छोरों पर पाये जाने वाले न्यूक्लियोटाइड्स के क्रमों की आपस में पूरकता है। (**स्रोत - विज्ञान - N.C.E.R.T.**)

**92. Camel uses its hump for:**
**ऊँट अपने कूबड़ का उपयोग किस काम के लिए करता है?**

(a) Storing water/जल के संग्रह के लिए
(b) Storing fat/वसा के संग्रह के लिए
(c) Balancing the body during walking in desert sand/मरुभूमि की बालू में चलते समय शरीर का संतुलन बनाये रखने के लिए
(d) Temperature regulation
तापमान के नियमन के लिए

**उत्तर –(b)**

**व्याख्या**–'रेगिस्तान का जहाज' कहा जाने वाला भारवाही जानवर ऊँट अपने कूबड़ का उपयोग 'वसा के संग्रह' के लिए करता है। कूबड़ में संचित इसी वसा से ऊँट को रेगिस्तान में लम्बी यात्रा के दौरान कई दिनों तक भोजन (चारा आदि) न मिलने पर, ऊर्जा प्राप्त होती रहती है। ज्ञातव्य है कि ऊँट अपने शरीर में कई दिनों के लिए पानी को भी संचित कर लेता है। इस प्रकार ऊँट एक ऐसा जानवर है जो शरीर में वसा एवं पानी संचित कर लेने के कारण कई दिनों तक बिना भोजन-पानी के रह सकता है।
(**स्रोत - विज्ञान - N.C.E.R.T.**)

**93. Poison glands of snakes are homologous to:**
**सर्पों की विषग्रंथियाँ किसकी समांग हैं?**

(a) Electric organs of fishes
मछलियों के विद्युत अंग
(b) Stings of rays
रे-मछलियों के दंश
(c) Sebaceous glands of mammals
स्तनियों की वसा-ग्रंथियाँ
(d) Salivary glands of vertebrates
कशेरुकी प्राणियों की लार-ग्रंथियाँ

**उत्तर –(d)**

**व्याख्या**– सर्पों की विषग्रंथियाँ कशेरुकी प्राणियों की लार ग्रंथियों (Salivary Glands) के समांग होती हैं। साँप का विष वास्तव में ऊपरी लार का ही परिष्कृत रूप है।

**94. Which one of the following seeds can benefit a patient of diabetes mellitus by normalizing his blood sugar level?**
**निम्नलिखित में से किसके बीज मधुमेह के रोगी को रक्त शर्करा का स्तर सामान्य बनाये रखने में लाभ पहुंचाते हैं?**

(a) Coriander seeds/धनिये के बीज
(b) Mustard seeds/सरसों के बीज
(c) Cumin seeds/जीरे के बीज
(d) Fenugreek seeds/मेथी के बीज

**उत्तर –(d)**

**व्याख्या**–मधुमेह या डायबिटीज नामक रोग मनुष्य के शरीर में इन्सुलिन नामक हारमोन के अल्पस्रावण से शरीर की शर्करा के अवशोषित न होकर रक्त में मिल जाने के कारण होता है। मधुमेह के रोगी को अपने शरीर में रक्त शर्करा की मात्रा को सामान्य स्तर पर बनाए रखने के लिये मेथी के बीजों तथा करैले के रस एवं सब्जी का प्रयोग लाभदायक होता है। (**स्रोत - विज्ञान - N.C.E.R.T.**)

**95. Hemophilia is a hereditary disease carried by :**
**हीमोफीलिया एक आनुवंशिक रोग है जिस का वहन :**

(a) Females and expressed by females
स्त्रियाँ करती हैं और प्रकट भी स्त्रियों में होता है।
(b) Females and expressed by males
स्त्रियाँ करती हैं और जो प्रकट पुरुषों में होता है
(c) Males and expressed by females
पुरुष करते हैं और जो प्रकट स्त्रियों में होता है
(d) Males and expressed by males
पुरुष करते हैं और प्रकट पुरुषों में होता है

**उत्तर –(b)**

**व्याख्या**–हीमोफीलिया तथा वर्णांधता (Colour blindness) दोनों लिंग सहलग्नक आनुवांशिक रोग हैं जिनसे मुख्यतः पुरुष प्रभावित होते हैं परन्तु इन रोगों की वाहक स्त्रियाँ होती हैं। हीमोफीलिया रोग से ग्रस्त व्यक्ति में रक्त का थक्का नहीं बनता जिसके कारण शरीर के किसी अंग के कटने पर खून का बहना बन्द नहीं होता और शीघ्र उपचार न होने पर रोगी की मृत्यु हो जाती है। हेल्डेन का मानना है कि हीमोफीलिया रोग ब्रिटिश महारानी विक्टोरिया से प्रारम्भ हुआ।
(**स्रोत - विज्ञान - N.C.E.R.T.**)

**96. If a mouse of over eight times its normal size has been produced by introducing human growth hormone gene, the technique involved is called:**
**यदि मानववृद्धि हार्मोन जीन का प्रयोग करके ऐसा चूहा पैदा किया जाय जो चूहे के सामान्य आकार से आठ गुना बड़ा हो तो इस तकनीक को कहेंगे -**

(a) Hybridisation/संकरण
(b) Genetic engineering/आनुवांशिक इंजीनियरिंग
(c) Mutation Breeding/उत्परिवर्तन प्रजनन
(d) Hormonal feeding/हार्मोनी भरण

**उत्तर –(b)**

**व्याख्या**– मानव वृद्धि हार्मोन जीन का प्रयोग करके सामान्य आकार से आठ गुना बड़ा चूहा पैदा करने की क्रिया को आनुवांशिक इंजीनियरिंग कहा जाएगा। इस प्रकार आनुवांशिक इंजीनियरिंग द्वारा न केवल जीनों के स्वरूप में संशोधन करके जीवों के आकार, आकृति, गुणों को ही बदला जा सकता है, बल्कि पूर्णतः नवीन प्रकार के जीवों का भी निर्माण किया जा सकता है।
(**स्रोत - विज्ञान - N.C.E.R.T.**)

**97. Match List I with List II and select the correct answer using the codes given below the lists:**
**सूची I और सूची II का सुमेल कीजिए और सूचियों के नीचे दिये हुए कूटों का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :**

| List I (Charactristics) सूची I (लक्षण) | List II (Animal) सूची II (प्राणी) |
|---|---|
| A. Wingless insect पंखहीन कीट | 1. Kiwi कीवी |
| B. Flightless bird उड़ान रहित पक्षी | 2. Silver fish रजत मीनाभ |
| C. Limbless reptile अपाद सरीसृप | 3. Turtle कूर्म |
| D. Limbless animal फुफ्फुसहीन प्राणी | 4. Snake सर्प |
| | 5. Fish/मत्स्य |

**कूट :**
(a) A-1, B-3, C-2, D-5 (b) A-2, B-1, C-4, D-5
(c) A-2, B-1, C-3, D-4 (d) A-3, B-1, C-4, D-2

**उत्तर –(b)**

**व्याख्या**–रजत मीनाभ पंखहीन कीट है। कीवी न्यूजीलैण्ड में पाया जाने वाला उड़ान रहित पक्षी है। सर्प अपाद (पैर रहित) सरीसृप है, जिसके कान भी नहीं होते। मत्स्य अर्थात मछली फुफ्फुस (फेफड़े) से रहित जलजीव है। फेफड़ों के स्थान पर मछलियों में गिल होते हैं जिसके द्वारा वे जल में घुली हुई आक्सीजन को श्वसन के रूप में प्रयोग करती है। (**स्रोत - विज्ञान - N.C.E.R.T.)**

**98. Three communicable diseases prevalent in developing countries caused by unsafe drinking water and bad sanitation are:**
**असुरक्षित पेय जल और स्वच्छता की कमी के कारण विकासशील देशों में प्रचलित तीन संचारी रोग है :**

(a) acutediarrhoea, cancer and gout
तीव्र-प्रवाहिका, कैंसर और गाउट
(b) Malaria, acute diarrhea and schistosomiasis
मलेरिया, तीव्र प्रवाहिका और सिस्टोसोमारुग्णता
(c) onchocerciasis, leukaemia and arthritis
आँकोसर्सियासिस, श्वेतरक्तता और संधिशोथ
(d) Rheumatism, malaria and AIDS
आमवात, मलेरिया और एड्स

**उत्तर –(b)**

**व्याख्या**–दूषित पेयजल तथा सफाई की कमी के कारण विकासशील देशों के लोगों को होने वाले तीन जल संचारी रोग हैं– मलेरिया, तीव्र प्रवाहिका और सिस्टोसोमारुग्णता। हैजा, अतिसार, पीलिया आदि अन्य रोग भी प्रदूषित जल से फैलने वाली बीमारियाँ हैं। कैंसर कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि से, एड्स यौन-सम्बन्ध, संदूषित रक्त एवं सुई के प्रयोग से फैलता है। (**स्रोत - विज्ञान - N.C.E.R.T.)**

**99. Scratching eases itching because:**
**खुजलाने से खाज मिटती है क्योंकि :**

(a) It removes the outer dust in the skin.
इससे त्वचा की बाहरी धूल हट जाती है
(b) It kills the germs.
इससे रोगाणु मर जाते हैं
(c) It stimulates certain nerves which direct the brain to increase the production of antihistaminic chemicals.
इससे कुछ तंत्रिकाएं उद्दीप्त होती हैं जो मस्तिष्क को प्रतिहिस्टामिनी रसायनों का उत्पादन बढ़ाने का निर्देश देती हैं
(d) It suppresses the production of enzymes which cause itching.
इससे खुजली उत्पन्न करने वाले एंजाइमों का दमन होता है

**उत्तर –(c)**

**व्याख्या** – खुजलाने से खाज मिटती है क्योंकि इससे कुछ तंत्रिकाएँ उद्दीप्त (Stimulate) होती है, जो कि मस्तिष्क को प्रतिहिस्टामिन रसायनों का उत्पादन बढ़ाने का निर्देश देती है।

**100. The blood pressure values of four persons are given below:**
**नीचे चार व्यक्तियों के रक्त दाब का मान दिया है :**
**1. Mrs. X : 90/60 / श्रीमती X : 90/60**
**2. Mr. X : 160/120 / श्री X : 160/120**
**3. Mr. Y : 120/80 / श्री Y : 120/80**
**4. Mrs. Y : 140/100 / श्रीमती Y : 140/100**
**Who among the following has normal blood pressure?**
**निम्नलिखित में से किसका रक्त दाब सामान्य है?**

(a) श्रीमती X (b) श्री X
(c) श्रीमती Y (d) श्री Y

**उत्तर –(d)**

**व्याख्या**–हृदय के संकुचित होने (सिस्टोलिक) तथा शिथिल होने (डाइस्टोलिक) के दौरान रक्त में पड़ने वाले दबाव को ही रक्त दबाव (Blood Pressure) कहते हैं। एक वयस्क व्यक्ति का सामान्य रक्त दाब 120/80 m.m.Hg. होता है। इससे कम रक्तदाब की अवस्था को 'हाइपोटेंशन' या 'लो ब्लड प्रेसर' तथा इससे अधिक रक्तदाब को 'हाइपरटेंशन' या 'हाईब्लडप्रेसर' कहते हैं। प्रश्न में दिये गए चार व्यक्तियों के रक्तचाप में से विकल्प (d) में दिया गया श्री Y का रक्त दाब 120/80 सामान्य है, शेष व्यक्तियों श्रीमती x (90/60), श्री x (160/120) तथा श्रीमती Y (140/100) का रक्तदाब सामान्य से कम या सामान्य से अधिक है। (**स्रोत - विज्ञान - N.C.E.R.T.)**

## कृषि, पशुपालन एवं डेयरी

**101. A fertile soil, suitable for growing common crops, is likely to have a pH value of:**
**सामान्य फसलें उगाने के लिए उर्वर भूमि का PH मान कितना होने की संभावना है?**

(a) Three/तीन (b) Four/चार
(c) Six to seven/छः से सात (d) Nine to ten/नौ से दस

**उत्तर –(c)**

**व्याख्या**–मृदा अभिक्रिया उसके अम्लीय या क्षारीय प्रकृति पर निर्भर करती है जिस मृदा में हाइड्रोजन आयनों की मात्रा अधिक होती है उसे 'अम्लीय मृदा' तथा जिस मिट्टी में पोटेशियम (K) तथा सोडियम (Na) आदि ऋण आयनों की मात्रा अधिक होती है उसे 'क्षारीय मृदा' कहते हैं। मृदा की अभिक्रिया PH में मापी जाती है। अम्लीय मृदा का PH मान 7.0 से कम तथा क्षारीय मृदा का PH मान 7.0 से ज्यादा होता है। जबकि उदासीन मृदा का PH मान 7 होता है। सामान्य फसलें उगाने तथा पौधों की वृद्धि के लिए उर्वर मिट्टी का PH मान 6.0 से 7.0 के मध्य होना चाहिए। मिट्टी के इसी PH मान में पौधे अपनी सारी क्रियाएं करते हैं।

**102. Sucrose content in sugarcane decreases:**
**गन्ने में इक्षु शर्करा की मात्रा घट जाती है, यदि -**
(a) If high rainfall occurs during the period of growth of the plant.
पौधा बढ़ने की अवधि में अधिक वर्षा हो जाए
(b) If frost occurs during the period of ripening.
पकने की अवधि में पाला गिर जाए
(c) If there is fluctuation in temperature during the period of growth of the plant.
पौधा बढ़ने की अवधि में तापमान में कमी-वृद्धि हो जाए
(d) If there is high temperature during the time of ripening.
पकने की अवधि में तापमान बहुत अधिक हो
**उत्तर - (a)**

**व्याख्या**–गन्ना भारत की प्रमुख नकदी फसल है। गन्ना पर आधारित चीनी उद्योग सूती वस्त्र उद्योग के पश्चात कृषि आधारित भारत का दूसरा सबसे बड़ा उद्योग है। गन्ने की फसल के लिए तापमान 21° से 27° से0 तथा वर्षा की मात्रा 75 से 100 से.मी. होनी चाहिए। परिपक्व गन्ने के रस में शर्करा की मात्रा 10 से 15 प्रतिशत होती है। परन्तु पौधे के बढ़ने के अवधि के दौरान यदि अधिक वर्षा हो जाए तो गन्ने में शर्करा की मात्रा कम हो जाती है।

**103. Sugarcane, sugarbeet, sweetpea, chickpea, pigeonpea and French bean belong to:**
**गन्ना, चुकंदर, स्वीट पी, चना, अरहर और फरासबीन किसके अंतर्गत आते हैं?**
(a) Two plant families/द्विपादप कुल
(b) Three plant families/त्रिपादप कुल
(c) Four plant families/चतुष्पादप कुल
(d) Five plant families/पंचपादप कुल
**उत्तर –(b)**

**व्याख्या**– गन्ना, चुकंदर, स्वीट पी, चना, अरहर और फरासबीन त्रिपादप कुल के अंतर्गत आते हैं। गन्ना एवं चुकन्दर से चीनी प्राप्त होती है। चना, अरहर व फरासबीन दलहनी फसलें हैं।

## विज्ञान प्रौद्योगिकी

**104. Biofilms are:**
**जैव फिल्में क्या होती हैं?**
(a) colour films used by biologists to photograph living organisms.
जीवधारियों के फोटो लेने के लिए जीवविज्ञानियों द्वारा प्रयुक्त रंगीन फिल्में
(b) photomicrographs of microorganisms from various habitats.
विविध निवास क्षेत्रों के सूक्ष्म जीवों के सूक्ष्म दर्शीय चित्र
(c) accumulations of microorganisms at surfaces such as those of a rock, a tooth or an oil droplet.
शैल, दांत या तैल बिंदुक आदि के पृष्ठ पर संचित सूक्ष्म जीव
(d) photographic films made through fermentation processes of certain industrial microorganisms.
कुछ औद्योगिक सूक्ष्म जीवों के किण्वन प्रक्रमों से बनाई गयी फोटो फिल्में
**उत्तर –(c)**

**व्याख्या**–जैव फिल्में (Bio-film) शैल, दांत या तैल बिन्दुकों आदि के पृष्ठ भाग पर संचित सूक्ष्म जीव होते हैं।
**(स्रोत - विज्ञान - N.C.E.R.T.)**

**105. Which one of the following approaches comes under the category of biotechnology ?**
**निम्नलिखित में से कौन सा कार्य जैव-प्रौद्योगिकी की श्रेणी में आता है?**
(a) Use of living organisms or substances obtained from them in industrial processes.
औद्योगिक प्रक्रमों में जीवधारियों अथवा उनसे प्राप्त पदार्थों का उपयोग
(b) Modernizing the commercial industrial to produce products for use in biological research.
जैव अन्वेषण में प्रयुक्त होने वाली वस्तुओं का उत्पादन करने के लिए वाणिज्यिक उद्योगों के प्रक्रम का आधुनिकीकरण
(c) Use of modern technology to investigate biological disorders
जैविक विकृतियों का अनुसंधान करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग
(d) Use of industrial technology to increase the biosphere
जीव मंडल की वृद्धि के लिए औद्योगिक प्रौद्योगिकी का उपयोग
**उत्तर –(a)**

**व्याख्या**– सम्पूर्ण जीवों (मुख्यतः सूक्ष्म जीवों) या जीवों द्वारा उत्पन्न पदार्थों या जैव प्रक्रियाओं के औद्योगिक स्तर पर उपयोग को जैव-प्रौद्योगिकी कहते हैं। उदाहरणस्वरूप - मदिरा उत्पादन के लिए यीस्ट कोशिकाओं का उपयोग जैव प्रौद्योगिकी के अंतर्गत आता है।

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

**106 Which one of the following does provide the best estimate of world's biological diversity?**
**विश्व के जैविक विविधता का सर्वोत्तम अनुमान निम्नलिखित में से किससे मिलता है?**
(a) Of about ten million species probably alive today, some 20 species are lost everyday, most of them unknown because no more than half a million have yet been actually identified by scientists.
आज जो लगभग एक करोड़ जातियां संभवतः जीवित हैं, उनमें से कोई 20 जातियाँ प्रतिदिन लुप्त हो जाती हैं और उनमें से अधिकांश तो अज्ञात भी होती हैं क्योंकि अब तक वस्तुतः अधिक से अधिक 5 लाख की ही वैज्ञानिकों ने पहचान की है।
(b) Of about thirty million living species, some 50 are lost everyday, actually identified.
जो लगभग तीन करोड़ जातियां जीवित हैं उनमें से कोई 50 प्रतिदिन लुप्त हो जाती हैं और उनमें से अधिकांश तो अज्ञात भी होती हैं क्योंकि वस्तुतः अब तक अधिक से अधिक दस लाख की ही पहचान हुई है।
(c) Of about forty five million living species, some 100 are lost every day, most of them unknown because no more than 1.5 million have been actually identified.

जो लगभग साढ़े चार करोड़ जातियां जीवित हैं, उनमें से कोई 100 प्रतिदिन लुप्त हो जाती हैं और उनमें से अधिकांश तो अज्ञात ही होती हैं क्योंकि अब तक अधिक से अधिक पंद्रह लाख की ही पहचान हुई है।

(d) Of about seventy five million living species, some 500 are lost every day, most of them unknown because no more than 3 million have been actually identified.
जो लगभग साढ़े सात करोड़ जातियाँ जीवित हैं, उनमें से कोई 500 प्रतिदिन लुप्त हो जाती हैं और उनमें से अधिकांश तो अज्ञात ही होती हैं क्योंकि अब तक अधिक से अधिक 30 लाख की ही पहचान हुई है।

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**–किसी प्राकृतिक प्रदेश में पाये जाने वाले जीव-जन्तुओं एवं प्राणियों की प्रजातियों की बहुलता को 'जैवविविधता' (Bio Diversity) कहते हैं। क्षोभमण्डल में जैवविविधता की प्रकृति अत्यंत जटिल तथा विषम है। संसार में लगभग साढ़े चार करोड़ जीवित जातियां पायी जाती हैं, जिनमें से करीब 100 प्रतिदिन लुप्त हो जाती है तथा उनमें से अधिकांश अज्ञात होती हैं। अब तक लगभग 15 लाख प्रजातियों की पहचान की जा चुकी है। जैव विविधता के तीन स्तर पाये जाते हैं- (a) आनुवांशिक विविधता, (2) प्रजाति विविधता, (3) पारिस्थितिकी विविधता।

**107. Which of the following strongly threatens biodiversity?**
**जैव विविधता को अत्यधिक खतरा किससे है?**

(a) Fragile ecosystems such as mangroves and wetlands.
भंगुर पारिस्थितिक तंत्र, यथा : मैंग्रोव और आर्द्र भूमियां
(b) Inaccessible habitats in Himalayas.
हिमालय की दुर्गम निवास भूमियां
(c) Destruction of natural habitats and vegetation and shifting cultivation./प्राकृतिक निवास भूमियों और वनस्पतियों का विनाश और झूम खेती
(d) Creation of biosphere reserves.
जीव मंडल आरक्षणों की रचना

**उत्तर –(c)**

**व्याख्या**–मानव तथा पर्यावरण दोनों के अस्तित्व के लिए जैव-विविधता को सुरक्षित रखना नितान्त आवश्यक है। यद्यपि जैव-विविधता का क्षरण एक प्राकृतिक प्रक्रिया है लेकिन इस क्षरण को प्रकृति स्वयं समायोजित कर लेती है। किन्तु वर्तमान में जैव विविधता के क्षरण का संकट मानवीय हस्तक्षेप के कारण है। विविध जीवों के प्राकृतिक आवासों का विनाश प्राकृतिक वनस्पतियों का विनाश तथा आदिवासियों द्वारा की जा रही स्थानांतरित या झूम कृषि तथा वन्य जीवों का अवैध शिकार जैव-विविधता को विनष्ट करने वाली मानवीय क्रियायें जैव विविधता को अत्यधिक हानि पहुँचाते हैं।

## गणित

**108. Four persons Alok, Bhupesh, Chandu and Dinesh have a total of Rs. 100/among themselves. Alok and Bhupesh between them have as much money as Chandu and Dinesh between them but Alok has more money than Bhupesh, and Chandu has only half the money that Dinesh has Alok has in fact Rs. 5/more than Dinesh. Who has the most money?**
**चार व्यक्तियों - आलोक, भूपेश, चंदू और दिनेश के पास कुल 100 रुपये हैं। आलोक और भूपेश के पास मिलाकर उतनी ही राशि है जितनी चंदू और दिनेश के पास मिलाकर। किन्तु आलोक के पास भूपेश से अधिक राशि है और चंदू के पास दिनेश से केवल आधी राशि है। आलोक के पास वस्तुतः दिनेश से 5 रु. अधिक है। बताइए किस के पास अधिकतम राशि है?**

(a) Alok/आलोक (b) Bhupesh/भूपेश
(c) Chandu/चंदू (d) Dinesh/दिनेश

**उत्तर –(a)**

**व्याख्या** : माना आलोक, भूपेश, चंदू और दिनेश के पास क्रमशः A, B, C, D रुपये हैं।

प्रश्नानुसार – $A + B + C + D = 100$..........(i)

$A + B = C + D$

पुनः $A > B$, $C = \frac{D}{2}$, $A = D + 5$

समी. (1) से -

$A + B + C + D = 100$

या $C + D + C + D = 100 \, (\because A + B = C + D)$

या $2C + 2D = 100$

या $2 \times \frac{D}{2} + 2D = 100 \, (\because C = \frac{D}{2})$

या $3D = 100$, $D = \frac{100}{3}$

$\therefore$ $C = \frac{100}{6} = \frac{50}{3}$ $A = \frac{100}{3} + 5 = \frac{115}{3}$

$\because$ $A + B + C + D = 100$


या $\frac{115}{3} + B + \frac{50}{3} + \frac{100}{3} = 100$

या $\frac{265}{3} + B = 100$

या $B = \frac{35}{3}$

$\therefore$ स्पष्ट है कि सबसे अधिक राशि A अर्थात् आलोक के पास है।

**109. Given below is the performance of two learners A and B:**
**नीचे के शिक्षार्थियों A और B का निष्पादन दिया हुआ है।**





**Which one of the following can be deduced from the graph?**
**ग्राफ से निम्नलिखित में से कौन-सा निष्कर्ष निकाला जा सकता है?**

(a) The learning task was difficult
सीखने का संकृत्य कठिन था
(b) B learned faster than A
सीखने का संकृत्य सरल था
(c) B learned faster than A throughout the task
संकृत्य में आद्योपान्त B की सीखने की गति A की तुलना में अधिक थी
(d) A learned faster than B throughout the task
संकृत्य में आद्योपान्त A की सीखने की गति B की तुलना में अधिक थी

**उत्तर –(c)**

**व्याख्या :-** उपर्युक्त ग्राफ से स्पष्ट है कि संकृत्य में आद्योपान्त **B** की सीखने की गति **A** की तुलना में अधिक थी।

**110. Consider the Vena diagram given below:**
**नीचे दिए हुए वेन आरेख पर विचार कीजिए :**




**The numbers In the Venn diagram are persons reading the newspapers indicated. The diagram is drawn after surveying 50 persons. In a population of 10,000, how many can be expected to read at least two newspapers?**
वेन आरेख में दी गई संख्याएं उन व्यक्तियों की हैं जो निर्दिष्ट समाचार पत्र पढ़ते हैं। 50 लोगों का सर्वेक्षण करने के बाद यह आरेख बनाया गया है। 10,000 की जनसंख्या में कितने लोग ऐसे होंगे जो कम से कम दो समाचार पत्र पढ़ते होंगे?

**Choose the correct answer from the codes given below:**
**सही उत्तर का चयन नीचे दिए हुए कूटों से कीजिए?**

(a) 5000 (b) 6250
(c) 6000 (d) 5400

**उत्तर –(d)**

**व्याख्या–** 50 की जनसंख्या में कम से कम दो समाचार पत्र पढ़ने वालों की संख्या

$= 12 + 2 + 8 + 5 = 27$

$\therefore$ 50 की जनसंख्या में 27 व्यक्ति कम से कम दो अखबार पढ़ते हैं।

$\therefore$ 1 की जनसंख्या में $\frac{27}{50}$ व्यक्ति कम से कम दो अखबार पढ़ते हैं।

10,000 की जनसंख्या में $\frac{27}{50} \times 10,000$

व्यक्ति कम से कम दो अखबार पढ़ते हैं।

$= 5400$

**111. In an examination every candidates took either physics or Mathematics or both. 65.8% of the candidates took physics and those who took Mathematics were 59.2% . The total candidates were 2000. How many candidates took both mathematics and physics?**

**एक परीक्षा में सभी परीक्षार्थियों ने या तो भौतिकी विषय लिया या गणित या दोनों। भौतिकी लेने वाले 65.8% थे और गणित लेने वाले 59.2%। कुल परीक्षार्थी 2000 थे। कितने लोगों ने गणित और भौतिकी दोनों लिए।**

(a) 750 (b) 700
(c) 550 (d) 500

**उत्तर –(d)**

**व्याख्या** - कुल 2000 परीक्षार्थियों में से भौतिकी लेने वालों की

संख्या $= \frac{2000 \times 65.8}{100} = 1316$

गणित लेने वालों की संख्या $\frac{2000 \times 59.2}{100} = 1184$

$\therefore$ गणित और भौतिकी लेने वालों की संख्या = 1316+1184=2500

$\therefore$ दोनों विषय लेने वालों की संख्या = 2500 - 2000 = 500

**112. A point to selected at random inside a rectangle and perpendiculars are drawn on each side from the point. The sum of these perpendicular is 24 cm. If the length of rectangle is 3 times the width, then what will be the perimeter of the rectangle?**

**एक आयत में कहीं भी एक बिन्दु ले लिया जाए और उस बिन्दु से आयत की प्रत्येक भुजा पर लंब डाले जाएं तो उन लंबों का योग 24 सेमी. होता है। यदि आयत की लंबाई उसकी चौड़ाई की तीन गुनी हो तो आयत का परिमाप क्या होगा?**


(a) 36 cm (b) 42 cm
(c) 24 cm (d) 48 cm

**उत्तर –(d)**

**व्याख्या** - ABCD आयत की चौड़ाई $= x$

$\therefore$ प्रश्नानुसार लम्बाई $= 3x$

$\therefore$ बिन्दु 0 से आयत की सभी भुजाओं पर लम्ब डाले गये हैं




$\therefore$ लम्बों का योग $= x + 3x$

$= 24$ सेमी.

$4x = 24$ सेमी.

$\therefore \quad x = 6$ सेमी.

अतः आयत की चौड़ाई $= x = 6$ सेमी.

लम्बाई $= 3x = 18$ सेमी.

आयत का परिमाप = 2 (लम्बाई + चौड़ाई)

= 2 (18+6) सेमी. = 48 सेमी.

**113. If the product of two numbers is 320 and their ratio is 1 : 5, what is the difference between the squares of these two numbers ?**

**यदि दो संख्याओं का गुणनफल 320 है और उनका अनुपात 1:5 है, तो दोनों संख्याओं के वर्गों का अंतर क्या होगा?**

(a) 1024 (b) 1356
(c) 1536 (d) 1635

**उत्तर –(c)**

**व्याख्या–** मान लिया दो संख्याएं $x$ और $y$ हैं।

∴ प्रश्नानुसार $x \times y = 320$ ..................... (i)

तथा $\frac{x}{y} = \frac{1}{5}$

∴ $5x = y$ ......................... (ii)

समीक्ररण (i) में (ii) का मान रखने पर

$5x^2 = 320$

$x^2 = 64$


$x = 8$

अतः $y = 40$

∴ दोनों संख्याओं के वर्गों का अन्तर

$y^2 - x^2 = (40)^2 - (8)^2 = 1600 - 64 = 1536$

**114. Four equal circles are described at the four corners of a square so that each touches two of the others as shown in the figure:**
**The area enclosed by the circumferences of the circles (shaded area in the figure) is 13(5/7) sq. cm. Find the radius of the circles. (Assume = p = 22/7)**
**एक वर्ग के चारों कोनों को केन्द्र मानकर चार बराबर के वृत्त ऐसे बनाये गये हैं कि प्रत्येक अन्य दो का स्पर्श करे जैसा कि चित्र में दिखाया गया है। वृत्तों की परिधियों से घिरे क्षेत्र (चित्र में छायित क्षेत्र) का क्षेत्रफल $13\frac{5}{7}$ वर्ग सेमी. है। वृत्तों की त्रिज्या ज्ञात कीजिए। (मान लीजिए कि $\pi = 22/7$)**



(a) 4 cm (b) 2.5 cm
(c) 7.5 cm (d) 6 cm

**उत्तर –(a)**

**व्याख्या–** माना वृत्त की त्रिज्या r सेमी.

छायांकित भाग का क्षेत्रफल = $\frac{135}{7}$ वर्ग सेमी.

दिये गये चित्र के अनुसार छायांकित भाग का क्षेत्रफल =
वर्ग का क्षेत्रफल –
वर्ग का क्षेत्रफल - r त्रिज्या के वृत्त का क्षेत्रफल

$\frac{4(\text{r त्रिज्या के वृत्त का क्षेत्रफल})}{4}$

$= 4r^2 - \pi r^2$

अतः $13\frac{5}{7} = 4r^2 - \pi r^2$

$\frac{96}{7} = r^2\left(4 - \frac{22}{7}\right)$

$= r^2\left(\frac{28-22}{7}\right) = r^2\,\frac{6}{7}$

या $r^2 = \frac{96}{7} \times \frac{7}{6} = 16$

या $r = 4$ सेमी. त्रिज्या

**115. A rectangular sheet of aluminum foil measuring 5 cm by 10 cm is rolled into a cylinder of height 10 cm. If the cost of painting the cylinder is Rs. 2/per sq cm, then the cost of painting the surface of the cylinder will be:**
**ऐल्यूमीनियम पत्री की एक आयताकार चादर जिसकी माप 5 सेमी. 10 सेमी. है, कुंडलित करके 10 सेमी. ऊंचाई का एक सिलिंडर बनाया गया। यदि सिलिंडर को पेंट करने में लागत 2 रु. प्रति वर्ग सेमी. है तो सिलिंडर के बाह्य पृष्ठ को पेंट करने की लागत होगी -**

(a) ₹ 400 (b) ₹200
(c) ₹150 (d) ₹100

**उत्तर –(d)**

**व्याख्या–**

∴ कुंडलित करके बनाये गये सिलेंडर की ऊँचाई 10 सेमी. है।
∴ उसकी परिधि 5 सेमी. होगी।
सिलेण्डर के बाह्य पृष्ठ का क्षेत्रफल = परिधि × ऊँचाई
$= 5 \times 10$ वर्ग सेमी.
∴ पेंट करने की लागत 2 रु. प्रति वर्ग सेमी. है
∴ 50 वर्ग सेमी. पेंट करने की लागत होगी
$50 \times 2 = 100$ रु.

**116. In a single throw of a pair of dice, what is the probability of getting a sum of 8?**
**पासों के जोड़े को एक बार फेंके जाने पर कुल जोड़ 8 आने की संभाव्यता कितनी होगी?**

(a) $\frac{8}{12}$ (b) $\frac{1}{36}$ (c) $\frac{4}{36}$ (d) $\frac{5}{36}$

**उत्तर –(d)**

**व्याख्या–** पासों के जोड़े के एक बार फेंके जाने पर प्रतिदर्श बिन्दुओं की संख्या $6 \times n = 36$ होगी।
उनका कुल योग आठ आने की सम्भाव्यता
= (2,6) (6,2) (3,5) (5,3) (4,4) = 5

अभीष्ट सम्भाव्यता $p = \frac{a}{n} = \frac{5}{36}$

**117. A lottery system has ticket numbers with eight digits. There are ten first prizes of Rs. 1.00 lakh each, one hundred second prizes of Rs. 10,000 each and one thousand third prizes of Rs. 1,000 each.**
**At the draw of lots, an eight digit number is generated by choosing for each digit from left to right a random number in the range of 0 to 9.**
**Any one who has a ticket with the first two digits (from left to right) matching, the chosen number gets a first prize, and so on.**
**One individual purchases a large number of tickets at a discounted price of Re. 0.75 each. For how much money should he purchase tickets to achieve a 10% chance of winning a third prize?**
**एक लॉटरी में आठ अंकों की संख्या वाले टिकट हैं। एक-एक लाख के 10 प्रथम पुरस्कार रखे गये हैं, दस-दस हजार के 100 द्वितीय पुरस्कार, एक-एक हजार के 1000 तृतीय पुरस्कार, लाटरी निकालते समय आठ अंकों की एक संख्या निकाली जाती है और उसके लिए 0 से 9 के बीच के कोई भी अंक क्रमशः बायें से दाहिने लिखे**

जाते हैं। जिसके टिकट की संख्या के दो प्रथम अंक (बाईं ओर से दाहिने) इस तरह निकली हुई संख्या के अंकों से मेल खाते हैं। उन्हें प्रथम पुरस्कार और इसी प्रकार आगे भी मिलेंगे। एक व्यक्ति 0.75 रुपये प्रति टिकट की सस्ती दर पर बहुत सारे टिकट खरीदता है। वह कितने रुपये के टिकट खरीदे कि तृतीय पुरस्कार पाने के अवसर 10 प्रतिशत हो जाएं।**

(a) ₹10,000 (b) ₹75,000
(c) ₹100,000 (d) ₹7,500

**उत्तर –(d)**

**व्याख्या**–0.75 रुपए प्रति टिकट की सस्ती दर पर टिकट खरीदने वाले व्यक्ति को एक हजार का तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने संभावना 10 प्रतिशत रहने के लिए उस व्यक्ति को कुल 7500 रुपए के लॉटरी टिकट खरीदने पड़ेंगे।

**118. The average salary of skilled employees in a firm is Rs. 520 and that of the unskilled employees is Rs. 420. If the average salary of both the groups of employees is Rs. 500, then the percentage of skilled employees in the firm is:**
**एक फर्म में कुशल कर्मचारियों का औसत वेतन 520 रु. है और अकुशल कर्मचारियों का 420 रु. है यदि दोनों वर्ग के कर्मचारियों का औसत वेतन 500 रु. है तो फर्म में कुशल कर्मचारियों का प्रतिशत होगा -**

(a) 50 (b) 20
(c) 80 (d) 70

**उत्तर –(c)**

**व्याख्या**– मान लिया फर्म में कुशल कर्मचारियों की संख्या $x$ तथा अकुशल कर्मचारियों की संख्या $y$ है।
अतः कुशल कर्मचारियों का कुल वेतन $= x \times 520$ रु.
तथा अकुशल कर्मचारियों का कुल वेतन $= y \times 420$ रु.
कुशल तथा अकुशल कर्मचारियों का कुल वेतन $= 500\,(x+y)$

$$\therefore \quad 520x + 420y = 500(x+y)$$
$$20x = 80y$$
$$x = 4y$$

इस प्रकार फर्म में कुशल कर्मचारियों का प्रतिशत $= \dfrac{x}{x+y} \times 100$

$$= \frac{4y}{4y+y} \times 100 = 80\%$$

**119. Consider the following pie charts?**
**निम्न वृत्त खंड (पाई) चार्टों पर ध्यान दीजिए :**





**The pie charts given here depict the area under cultivation of different cash crops, for two years, 1985 and 1990. Which one of the following statements is FALSE?**
**ऊपर दिये वृत्तखंड (पाई) चार्ट में 1985 और 1990 के वर्षों में विविध नकद फसलों के कृष्य क्षेत्र को चित्रित किया गया है।**
**निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है?**

(a) In 1985, the area under jute cultivation was less than that under rice cultivation.
1985 में जूट का कृष्य क्षेत्र चावल के कृष्य क्षेत्र से कम था।
(b) More land was used for growing vegetables in 1990 than in 1985.
1985 की तुलना में 1990 में सब्जी उगाने के लिए अधिक भूमि का उपयोग किया गया।
(c) In 1990, the area under rice and wheat cultivation taken together was less than half the total cultivation area.
1990 में चावल और गेहूँ क्षेत्रों का कुल कृष्य क्षेत्र पूरे कृष्य क्षेत्र के आधे से कम था।
(d) The percentage area under Jute cultivation was less in 1985 than in 1990.
1990 की तुलना में 1985 में जूट के कृष्य क्षेत्र का प्रतिशत कम था।

**उत्तर –(d)**

**व्याख्या**–1985 तथा 1990 वर्षों के विविध नकदी फसलों के कृष्य क्षेत्रों के वृत्तखण्ड (पाई) चार्टों में प्रदर्शित किए गए आरेख के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि प्रश्न का उत्तर विकल्प (d) गलत है । क्योंकि 1990 की तुलना में वर्ष 1985 में जूट के कृष्य क्षेत्र का प्रतिशत अधिक था, कम नही। जूट का कृष्य क्षेत्र 1985 की तुलना में 1990 में कम हो गया।

**120. The following graph shows the annual sales of a company's products in millions of rupees. Study the trend and find out which of the following is/are correct?**
**दिये गये ग्राफ में किसी कंपनी के उत्पादों की वार्षिक बिक्री 10 लाख रुपयों में व्यक्त की गयी है। प्रवृत्ति पर ध्यान दीजिए और ज्ञात कीजिए कि इनमें कौन सा/से सही**
**है/हैं?**




1. A deliberate attempt has been made to distort the figures in one year.
एक वर्ष में आंकड़ों को जान बूझ कर गोलमाल किया गया है
2. Some one is interested in misleading the management.
कोई व्यक्ति प्रबंधकों को भटकाना चाहता है
3. The kink in the graph is unexplained.
ग्राफ में जो गुत्थी है, उसे सुलझाया नहीं गया है

**Choose the correct answer from the codes given below:**
**नीचे दिए हुए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :**

कूट :

(a) only 1/केवल 1 (b) only 2 /केवल 2

(c) only 3/केवल 3 (d) 1 and 3/1 और 3

उत्तर –(c)

**121. The following table shows the percentage change in the consumption of electricity by five towns P, Q, R, S and T from 1989 to 1991.**
**Per cent change from 1989 to 1990 From 1990 to 1991:**

| Town | Percentage change From 1989 to 1990 | From 1990 to 1991 |
|---|---|---|
| P | +8 | 18 |
| Q | 15 | +11 |
| R | +6 | +9 |
| S | -7 | -5 |
| T | +13 | 6 |

**निम्नलिखित सारणी में 1989 से 1991 तक के वर्षों में पांच नगरों, P, Q, R, S और v में बिजली की खपत में आये प्रतिशत को दिखाया गया है।**

| नगर | प्रतिशत परिवर्तन 1989 से 1990 में | 1990 से 1991 में |
|---|---|---|
| P | + 8 | – 18 |
| Q | – 15 | + 11 |
| R | + 6 | – 5 |
| S | – 7 | + 9 |
| T | + 13 | – 6 |

**What was the percentage by which the total consumption of electricity by the five cities changed between 1989 and 1991?**
**1989 से 1991 की अवधि में पांचों नगरों की बिजली की खपत में जो परिवर्तन हुआ, उसका कुल खपत से क्या प्रतिशत है?**

(a) – 4
(b) – 4.45
(c) 4
(d) Data given are insufficient to answer
पर्याप्त आंकड़े नहीं हैं

उत्तर –(d)

**व्याख्या**–प्रश्न की सारणी में 1989 से 1991 तक के वर्षों में पाँच नगरों P, Q, R, S एवं T में बिजली की खपत के प्रदर्शित किए गए आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि 1989 से 1991 की अवधि में पांचो नगरों में बिजली खपत का कुल खपत से संबंध स्पष्ट नहीं हो रहा है।

**122. The monthly incomes of Peter and Paul are in the ratio of 4:3. Their expenses are in the ratio of 3 : 2. If each saves Rs. 600 at the end of the month, their monthly incomes respectively are (in rupees)**
**पीटर और पॉल की मासिक आय का अनुपात 4:3 है। उनके व्यय 3:2 के अनुपात में हैं। यदि मास के अंत में प्रत्येक की बचत 600 रु. है तो उनकी मासिक आय (रुपयों में) होगी -**

(a) 3200 and 2400/3200 और 2400
(b) 2800 and 2100 /2800 और 2100
(c) 2400 and 1800/2400 और 1800
(d) 2000 and 1500/2000 और 1500

उत्तर –(c)

**व्याख्या**– माना पीटर व पॉल की मासिक आय क्रमशः $4x$ तथा $3x$ है। प्रश्नानुसार महीने की समाप्ति पर दोनों की 600 रु. की बचत होनी है तथा दोनों के व्यय का अनुपात 3 : 2 है।

$\therefore \quad \frac{4x-600}{3x-600} = \frac{3}{2}$

या $\quad 8x - 1200 = 9x - 1800$

या $\quad -x = -600$ या $x = 600$

$\therefore$ पीटर की आय $= 4x = 4 \times 600 = 2400$ रु.

तथा, पॉल की आय $= 3x = 3 \times 600 = 1800$ रु.

## तर्कशक्ति परीक्षण

**123. If ABRA CADABRA is 1, 2, 9, 1 3, 1, 4, 1, 2, 9, 1, HOCUS POCUS will be:**
**यदि ABRA – CADABRA हो 1, 2, 9, 1-3, 1, 4, 1, 2, 9, 1 तो HOCUS - POCUS होगा–**

(a) 5, 6, 3, 7, 8-0, 6, 3, 7, 8
(b) 8, 16, 5, 21, 19-16, 15, 5, 21, 19
(c) 8, 16, 5, 21, 19-15, 16, 5, 21, 19
(d) 5, 6, 3, 7, 8-6, 5, 3, 8, 7

उत्तर –(a)

**व्याख्या**–प्रश्नानुसार-

ABRA $\rightarrow$ CADABRA

अंग्रेजी वर्णों का = 1291 $\rightarrow$ 3141291

R का उलटे क्रम से नवाँ स्थान है।

संख्या क्रमांक

इसी प्रकार = H O C U S $\rightarrow$ P O C U S

इसमें विकल्प (b), (c) गलत है क्योंकि इसमें 5 वर्णों के स्थान पर 6 संस्थाएं अंकित हैं। (d) विकल्प इसलिए गलत है कि प्रथम US के स्थान पर 7, 8 तो दूसरे US के स्थान पर 8,7 है। इसलिए (a) ही सत्य होगा।

**124. In a group of six women there are four dancers, four vocal musicians, one actress and three violinists. Girija and Vanaja are among the violinists while Jalaja and Shailaja do not know how to play on the violin. Shailaja and Tanuja are among the dancers.**
**Jalaja, Vanaja, Shailaja and Tanuja are all vocal musicians and two of them are also violinists. If Pooja is an actress who among the following is both a dancer and a violinists?**
**छः स्त्रियों की मंडली में चार नर्तकियां, चार गायिकाएं, एक अभिनेत्री और तीन वायलिन वादिकाएं हैं। गिरिजा और वनजा वायलिन वादिकाएं हैं तो जलजा और शैलजा वायलिन बजाना नहीं जानती। शैलजा और तनूजा नर्तकियाँ हैं। जलजा, वनजा, शैलजा और तनूजा सभी गायिकाएं हैं और उनमें से दो वायलिन वादिकाएं भी हैं। यदि पूजा अभिनेत्री है तो निम्नलिखित में से कौन नर्तकी भी है और वायलिन वादिका भी?**

(a) Jalaja/जलजा (b) Shailaja/शैलजा

(c) Tanuja/तनूजा (d) Pooja/पूजा

उत्तर –(c)

**व्याख्या**– प्रश्नानुसार -छः स्त्रियों की मण्डली में
4 नर्तकियाँ 4 गायिकाएँ 1 अभिनेत्री 3 वायलिन वादिकायें हैं।
ये हैं– शैलजा, जलजा, वनजा, पूजा, गिरिजा, वनजा
प्रश्न में दिए गए तथ्यों के अनुसार गिरिजा तथा बनजा 4 वायलिन वादिकाओं में से दो वायलिन वादिकायें हैं। जलजा, वनजा, शैलजा, तनूजा इस चार गायिकाओं में से दो वायलिन वादिकायें भी है चूँकि जलजा एवं शैलजा वायलिन बजाना नहीं जानती अतः स्पष्ट है कि वनजा तथा तनूजा ही ऐसी दो गायिकायें हैं जो कि वायलिन वादिकायें भी है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि तनूजा ही वह स्त्री है जो कि नर्तकी तथा वायलिन वादिका दोनों है।

**125. Which one of the following provides the correct sequence of occurrence of four towns/cities as one proceeds from west to east?**
**यदि कोई पश्चिम से पूर्व की यात्रा करे तो नीचे दिये हुये चार नगरों/शहरों का कौन सा सही क्रम है?**
(a) Rajkot, Baroda, Kharagpur, Bilaspur
राजकोट, बड़ोदरा, खड़गपुर, बिलासपुर
(b) Bikaner, Aligarh, Darbhanga, Nowgong
बीकानेर, अलीगढ़, दरभंगा, नौगांव
(c) Indore, Rourkela, Agartala, Jamshedpur
इन्दौर, राउरकेला, अगरतला, जमशेदपुर
(d) Nasik, Aurangabad, Berhampur, Nanded
नासिक, औरंगाबाद, बरहामपुर, नांदेड़
**उत्तर –(b)**

**व्याख्या**–भारत के मानचित्र में प्रश्न में दिए गए शहरों की स्थिति को देखने से स्पष्ट होता है कि भारत में पश्चिम से पूरब दिशा की ओर यात्रा करने पर प्रश्नगत शहरों में सर्वप्रथम राजस्थान राज्य का बीकानेर तत्पश्चात उत्तर-प्रदेश राज्य का अलीगढ़, फिर बिहार राज्य का दरभंगा तथा अगले क्रम में असम राज्य का नौगांव शहर मिलेगा।


**126. If you are the ninth person in the queue starting from either end, than the number of persons in the queue is:**
**यदि आप पंक्ति के दोनों सिरों से नवें स्थान पर हैं तो पंक्ति में कुल कितने लोग हैं?**
(a) 10 (b) 15 (c) 17 (d) 19
**उत्तर –(c)**

**व्याख्या**–प्रश्नानुसार यदि आप किसी पंक्ति में दोनो तरफ से गिनने पर नौवें स्थान पर आते हैं तो इससे स्पष्ट है कि आपके दोनो तरफ 8-8 व्यक्ति होगे। इससे निष्कर्ष निकलता है कि उस पंक्ति में कुल व्यक्तियों की संख्या 8 + 1 + 8 = 17 होगी।

**127. A father is now three times as old as his son. Five years back, he was four times as old as his son. The age of the son is:**
**एक पिता अब अपने पुत्र से तीन गुनी आयु का है। पांच वर्ष पहले उसकी आयु पुत्र से चार गुनी थी। इस समय पुत्र की आयु क्या है?**
(a) 12 (b) 15
(c) 18 (d) 20
**उत्तर –(b)**

**व्याख्या**– मान लिया पिता की वर्तमान आयु x वर्ष है।
∴ पुत्र की वर्तमान आयु होगी $\frac{x}{3}$ वर्ष।
∴ प्रश्नानुसार $(x - 5) = 4\left(\frac{x}{3} - 5\right)$
या $\frac{x-5}{4} = \frac{x-15}{3}$
या $3x - 15 = 4x - 60$
या $x = 45$
पिता की वर्तमान आयु 45 वर्ष है।
पुत्र की वर्तमान आयु = $\frac{45}{3}$ = 15 वर्ष

**128. Consider the map given below:**
**नीचे दिए हुए मानचित्र पर ध्यान दीजिए –**




**Two tourists, one travelling from Delhi to Karachi and the other to Bhuj, wanted company. The railway Junction up to which they can travel together as shown in the:**
**दिल्ली से चले दो पर्यटक, जिनमें से एक को कराची जाना है और दूसरे को भुज, साथी की तलाश में हैं। जिस रेल जंक्शन तक वे साथ चल सकते हैं, उसे मानचित्र में दर्शाया है-**
(a) Phulera/फुलेरा (b) Jodhpur/जोधपुर
(c) Luni/लूनी (d) Balotra/बालोतरा
**उत्तर –(d)**

**व्याख्या**–प्रश्न में भारत के मानचित्र में प्रदर्शित रेल पथ चित्र से स्पष्ट होता है कि दिल्ली रेलवे स्टेशन से क्रमशः करांची (पाकिस्तान) तथा भुज (गुजरात) जाने वाले दो यात्री बालोतरा स्टेशन तक साथ-साथ यात्रा कर सकते हैं।

## समसामयिकी

**129. नीचे दो कथन दिए हैं जिनमें से एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है :**
**Assertion (A) :** Hong Kong is to revert to China from British Control in a few years.
**कथन (A) :** कुछ वर्षों में हाँगकाँग ब्रिटिश नियंत्रण से निकल कर वापस चीन को मिल जाएगा
**Reason (R) :** The people of Hong Kong have opted for it in a referendum.
**कारण (R) :** हाँगकाँग वासियों ने जनमत संग्रह में ऐसी इच्छा व्यक्त की है
**In the context of the above two statements, which one of the following is true?**
**ऊपर के दोनों कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

(a) Both A and R are true and R is the correct explanation of A
A और R दोनों सही हैं और A की सही व्याख्या R करता है।
(b) Both A and R are true but R is NOT the correct explanation of A
A और R सही हैं पर A की सही व्याख्या R नहीं करता है।
(c) A is true but R is false/A सही है पर R गलत है।
(d) A is false but R is true/A गलत है पर R सही है।

**उत्तर –(c)**

**व्याख्या**–चीन के दक्षिण-पूर्व में स्थित 200 से अधिक लघु द्वीपों के समूह हांगकांग 1843 ई0 से ब्रिटिश अधिकार में था। किन्तु 1984 में ब्रिटेन तथा चीन के मध्य हुए समझौते के अनुसार 1 जुलाई 1997 को ब्रिटेन ने हांगकांग को चीन के आधिपत्य में सौंप दिया। इस प्रकार हांगकांग का हस्तान्तरण समझौते के द्वारा हुआ है न कि वहां के निवासियों द्वारा जनमत संग्रह में व्यक्त की गई इच्छा से। अतः प्रश्न का कथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।
(**स्रोत - समसामयिकी - वार्षिकी यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स**)

**130. As on today, which one of the following countries has the largest external debt?**
**इस समय निम्नलिखित में से कौन सा देश सर्वाधिक वाह्य ऋणग्रस्त है?**
(a) India/भारत (b) Brazil/ब्राजील
(c) USA/संयुक्त राज्य अमेरिका (d) Mexico/मैक्सिको

**उत्तर –(b)**

**व्याख्या**– प्रश्नकाल के समय दक्षिण अमरीकी महाद्वीप का देश ब्राजील वाह्य देशों तथा अन्य अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं से ऋण लेने वाले देशों में प्रथम स्थान पर था।

**131. The book The Man who knew Infinity by Robert Kanigel, published in 1991, and extensively reviewed in newspapers in India is the biography of:**
**रॉबर्ट कैनिगेल द्वारा लिखित, 1991 में प्रकाशित और भारत के समाचार पत्रों में अत्यधिक समीक्षित पुस्तक 'द मैन हू न्यू इन्फिनिटी' किसका जीवन चरित्र है?**
(a) Vikram Sarabhai/विक्रम साराभाई
(b) Homi Bhabha /होमी भाभा
(c) Sir C.V. Raman/सर सी.वी. रमन
(d) Srinivasa Ramanujan/श्रीनिवास रामानुजन्

**उत्तर –(d)**

**व्याख्या**–राबर्ट कैनिगेल द्वारा लिखी गई पुस्तक 'द मैन हू न्यूइन्फिनिटी' जो सन् 1991 में प्रकाशित तथा भारतीय समाचार पत्रों में अत्यधिक समीक्षित की गई, में भारत के वैज्ञानिक एवं गणितज्ञ 'श्रीनिवास रामानुजम्' का जीवन चरित्र उल्लिखित किया गया है। होमी जहाँगीर भाभा भारत के प्रमुख परमाणु वैज्ञानिक थे, जिनके नाम पर ट्राम्बे में भाभा परमाणु अनुसंधान संस्थान (BARC) की स्थापना की गई है। विक्रम साराभाई भारत के अंतरिक्ष वैज्ञानिक थे, जिनके नाम पर विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र त्रिवेन्द्रम में स्थित है। सर सी.वी रमन भारत के भौतिक वैज्ञानिक जिन्हें भौतिकी नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।
(**स्रोत - समसामयिकी - वार्षिकी यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स**)

**132. निम्नलिखित में से कौन सा सही सुमेलित है?**

| **देश** | | **वह कार्य जिसके लिए संयुक्त राष्ट्र की शांति रक्षक सेना रखी हुई हैं** |
|---|---|---|
| (a) लेबनान | : | 1992 की संधि का पर्यवेक्षण करने के लिए |
| (b) एल सेल्वेडोर | : | मानवोचित सहायता देने के लिए |
| (c) मोजाम्बिक | : | जनमत संग्रह का पर्यवेक्षण करने के लिए |
| (d) साइप्रस | : | देश में दो प्रधान संजातीय समूहों के बीच शान्ति रखने के लिए |

**उत्तर –(d)**

**व्याख्या**–संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा तैनात की गई शान्ति सेना सन् 1964 से ही साइप्रस के दो प्रमुख संजातीय समूहों - यूनानी तथा तुर्की भाषी मुसलमानों के बीच शांति कायम रखने के उद्देश्य से कार्यरत है। (**स्रोत -समसामयिकी - वार्षिकी यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स**)

**133.** 1992-93 **में किसकी उपज इतनी प्रचुर हुई कि उसे कीर्तिमान मान सकें**:
(a) चावल (b) गन्ना (c) दलहन (d) तिलहन

**उत्तर –(d)**

**व्याख्या**–कृषि मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रकाशित किए गए आंकड़ों के अनुसार वर्ष 1992-93 में तिलहन के उत्पादन में अनुमानित लक्ष्य तथा 1991-92 के उत्पादन की तुलना में रिकार्ड वृद्धि हुई। जबकि इसी समयावधि में गन्ने और गेहूँ के उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई तथा दलहन का उत्पादन मामूली वृद्धि के साथ 12.5 मिलियन टन की अपेक्षा वर्ष 1992-93 में 14.7 मिलियन टन हो गया।
(**स्रोत-समसामयिकी-वार्षिकी यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स**)

**134. The dispute regarding East Timor is between:**
**पूर्वी तिमोर विषयक विवाद किन दो के बीच है?**
(a) Japan and Russia/जापान और रूस
(b) China and Philippines/चीन और फिलीपीन्स
(c) Indonesia and Malaysia/इंडोनेशिया और मलेशिया
(d) Australia and Indonesia
ऑस्ट्रेलिया और इंडोनेशिया

**उत्तर –(d)**

**व्याख्या**–19000 वर्ग कि.मी. क्षेत्रफल में विस्तृत पूर्वी तिमोर इण्डोनेशिया के मलाया प्रायद्वीप में स्थित तिमोर द्वीप का पूर्वी भाग है। पूर्वी तिमोर में प्रारम्भ में पुर्तगालियों का औपनिवेशिक शासन था परन्तु 1975 में यहाँ छिड़े गृहयुद्ध के बाद इण्डोनेशिया ने इस पर सन् 1976 में अपना आधिपत्य जमा लिया तब से द्वीपीय क्षेत्र इण्डोनेशिया तथा आस्ट्रेलिया के बीच विवादित विषय बन गया। ज्ञातव्य है कि वर्तमान में पूर्वी तिमोर इण्डोनेशिया से अलग एक स्वतंत्र देश बन गया है।

**135. यद्यपि कुछ गैस आधारित उद्योग स्थापित किये जा चुके हैं, फिर भी भारत में प्राकृतिक गैस के प्रभूत भंडार अप्रयुक्त पड़े हैं। प्राकृतिक गैस के इन विशाल संसाधनों का उपयोग किसके उत्पादन में किया जा सकता है?**
(a) उर्वरक (b) कार्बाइड
(c) ग्रैफाइट (d) संश्लिष्ट पेट्रोलियम

**उत्तर –(a)**

**व्याख्या**–भारत में प्राकृतिक गैस के विशाल भण्डार मौजूद हैं। बाम्बे हाई, गुजरात, असम, तमिलनाडु तथा त्रिपुरा में प्राकृतिक गैस के भण्डार पाये गए हैं। मुम्बई हाई के प्राकृतिक गैस भण्डार से कुल प्राकृतिक गैस उत्पादन का 80 प्रतिशत गैस प्राप्त की जाती है। यहाँ पर कुल 13976 क्यूबिक मीटर गैस के भण्डार हैं। प्रचुर मात्रा में प्राकृतिक गैस उपलब्ध होने के बावजूद इसका पूरी तरह उपयोग नहीं हो पा रहा है। प्राकृतिक गैस का प्रयोग रासायनिक उर्वरकों विशेषकर यूरिया के उत्पादन में किया जाता है। भारत में आँवला (बरेली), तथा कांडला (गुजरात) के इफको उर्वरक संयंत्र प्राकृतिक गैस पर आधारित हैं। (**स्रोत- समसामयिकी - वार्षिकी यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स**)

**136. Which one of the following was part of the erstwhile Soviet Union over which Kurdish population is spread?**
**निम्नलिखित में से कौन सा भूतपूर्व सोवियत संघ का भाग था जिसमें कुर्दिश लोग रहते हैं?**

(a) Armenia/आरमीनिया (b) Azerbaijan/अजरबेजान
(c) Georgia/जॉर्जिया (d) Turkmenistan/तुर्मेनिस्तान

**उत्तर –(a)**

**व्याख्या**– आरमीनिया भूतपूर्व सोवियत संघ का भाग था जिसमें कुर्दिश लोग रहते थे।

**137. Which one of the following monuments figured in the news recently in connection with a fall of some of its parts and its consequent archaeological conservation?**
**हाल ही में समाचारों में स्थान पाया हुआ स्मारक निम्नलिखित में से कौन-सा है जिसके कुछ भाग गिर गये थे और जिनका बाद में पुरातत्वीय संरक्षण किया गया?**

(a) Jagannath Temple, Puri/जगन्नाथ पुरी मंदिर
(b) Sun Temple, Konark/सूर्य मंदिर, कोणार्क
(c) Khandariya Mahadeva Temple, Khajuraho
कंदरिया महादेव मंदिर खजुराहो
(d) Chaunsat Yogini Temple, Bheraghat
चौसठ योगिनी मंदिर, भेड़ाघाट

**उत्तर –(a)**

**व्याख्या**– जगन्नाथ पुरी मंदिर समाचारों में था। जिसका कुछ भाग गिर गया था, और बाद में पुरातात्विक संरक्षण किया गया।
पुरी का श्री जगन्नाथ मन्दिर एक हिन्दू मन्दिर है, जो भगवान जगन्नाथ (श्रीकृष्ण) को समर्पित है। यह भारत के ओडिशा राज्य के तटवर्ती शहर पुरी में स्थित है। जगन्नाथ शब्द का अर्थ जगत के स्वामी होते है। इनकी नगरी ही जगन्नाथपुरी या पुरी कहलाती है।

## विविध

**138. Match List I with List II and select the correct answer using the codes given below the lists:**
**सूची I और सूची II का सुमेल कीजिए और सूचियों के नीचे दिये हुए कूटों का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :**

| List I / सूची I | List II / सूची II |
|---|---|
| A. Grand Slam/ग्रैंड स्लैम | 1. Chess/शतरंज |
| B. Grand Prix/ग्रैंड प्रिक्स | 2. Polo/पोलो |
| C. Grand Master/ग्रैंड मास्टर | 3. Bridge/ब्रिज |
| | 4. International race/अन्तर्राष्ट्रीय दौड़ |

**कूट :**
(a) A-1, B-2, C-3 (b) A-2, B-4, C-3
(c) A-3, B-4, C-1 (d) A-4, B-2, C-1

**उत्तर –(c)**

**व्याख्या**–'ग्रैंड स्लैम' शब्दावली 'ब्रिज' खेल से सम्बन्धित है। टेनिस की चारों अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं - आस्ट्रेलियाई, फ्रेंच, विम्बल्डन तथा अमरीकी ओपेन को संयुक्त रूप से 'ग्रैण्ड स्लैम' कहा जाता है। 'ग्रैंड प्रिक्स' शब्दावली अंतर्राष्ट्रीय दौड़ से तथा 'ग्रैंड मास्टर' शब्दावली का प्रयोग शतरंज के खेल से सम्बन्धित है। पोलो टीमों के 4-4 घुडसवार खिलाड़ियों द्वारा खेला जाने वाला खेल है।
(**स्रोत - यूथ सामान्य ज्ञान, 50,000**)

**139. पृथ्वी के पृष्ठ पर किसी विशेष बिन्दु पर विचार कीजिए (उदाहरणार्थ दिल्ली शहर)। दिन में (उदाहरणार्थ दोपहर बारह बजे) वहां का तापमान सर्दियों की अपेक्षा गर्मियों में सामान्यतः अधिक होगा क्योंकि :**

(a) सर्दियों की अपेक्षा गर्मियों में पृथ्वी सूर्य से अधिक निकट होती है
(b) पृथ्वी पर गिरने वाली सूर्य किरणें सर्दी में पृथ्वी के पृष्ठ की दिशा में अधिक झुकी होती हैं
(c) वायुमंडलीय अवक्षेपण से जल का वाष्पन केवल सर्दी में होता है
(d) सर्दी में पृथ्वी का अक्ष सूर्य की दिशा में अधिक आनत होता है।

**उत्तर –(b)**

**व्याख्या**– पृथ्वी पर गिरने वाली सूर्य की किरणें सर्दी में पृथ्वी के पृष्ठ की दिशा में अधिक झुकी होती हैं यही कारण है कि दिल्ली शहर या पृथ्वी के पृष्ठ के किसी बिन्दु का तापमान सर्दियों की अपेक्षा गर्मियों में सामान्यतः अधिक होता है।
(**स्रोत - यूथ सामान्य ज्ञान, 50,000**)

**140. The Lifeline Express' is:/'लाइफ लाइन एक्सप्रेस' है**

(a) The world's first hospital on rails operating in India.
संसार का प्रथम अस्पताल जो भारत की रेल पटरियों पर चलता है
(b) An instrument used for watching the fluctuations in the blood pressure of a patient under general anesthesia.
सामान्य संज्ञाहीनता की स्थिति में रोगी के रक्त दबाव में होने वाले उतार-चढ़ाव को देखने का यंत्र
(c) A de-addiction programme to save drug addicts.
नशीली दवाओं के दुर्व्यसनी लोगों की रक्षा के लिए दुर्व्यसन निवारण का कार्यक्रम
(d) A popular health magazine founded by Ramnath Goenka.
रामनाथ गोयनका द्वारा चालू की गयी एक स्वास्थ्य-संबंधी लोकप्रिय पत्रिका

**उत्तर –(a)**

**व्याख्या**–भारतीय रेलवे द्वारा प्रारम्भ की गयी अपने ढंग की अनोखी तथा विश्व की एकमात्र सचल चिकित्सा रेलगाड़ी - 'लाइफ लाइन एक्सप्रेस' संसार का ऐसा पहला चिकित्सालय है जो कि देश के बीमार लोगों की सेवा के लिए भारत की रेल पटरियों पर संचालित होता है। लाइफ लाइन सेवा में डाक्टरों का एक दल तथा रोगों के इलाज हेतु जरूरी उपकरणों तक किट की व्यवस्था है। यह चिकित्सा रेलगाड़ी अच्छी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था से रहित क्षेत्रों के लिए संचालित हो रही है।
(**स्रोत - यूथ सामान्य ज्ञान, 50,000**)

**141. Given below is a diary of disasters involving hazardous chemicals. Which one of the following is correctly matched?**
**नीचे खतरनाक रसायनों से हुई विपदाओं की एक वर्षवार सूची है। निम्नलिखित में से कौन सी विपदा का विवरण सही सुमेलित है?**

| | |
|---|---|
| (a) 1959, Minamata/ Nigiata, Japan<br>1959, मिनामाता/ निगाता, जापान | Leakage at pesticide plant.<br>कीटनाशक संयंत्र में रिसाव |
| (b) 1976, Sevesor Italy<br>1976, सेवेसो, इटली | Mercury discharged into water ways<br>जलमार्गों में पारे का विसर्जन |
| (c) 1984, Bhopal, India<br>1984, भोपाल, भारत | Leakage of dioxin<br>डाइऑक्सीन का रिसाव |
| (d) 1987, Kotka, Finland :<br>1987, कोटका, फिनलैंड | Mono chlorobenzene split in harbor<br>बंदरगाह में मोनोक्लोरोबेंजीन अधिप्लावन |

उत्तर –(d)

**व्याख्या**–खतरनाक रसायनों के उत्सर्जन के फलस्वरूप घटित हुई प्रस्तुत चारों भयंकर आपदाओं में से विकल्प (d) में दी गई आपदा सम्बन्धित खतरनाक रसायन से सुमेलित है। सन् 1987 में कोटका, फिनलैण्ड के बन्दरगाह में मोनोक्लोरोबेंजीन नाम के रसायन के अधिप्लावन से बड़ी जनहानि हुई थी। 1984 में म. प्र. की राजधानी भोपाल में अमरीकी कम्पनी यूनियन कार्बाइड के कारखाने से निकली जहरीली गैस- मिथाइल आइसोसाइनाइट थी जिससे हजारों लोग मारे गए थे।

**142. Among the four pairs given below which one consists of a correct combination of dignitaries who became Vice Presidents after having held diplomatic posts like Ambassadors and High Commissioners?**
**नीचे चार युग्म दिये हैं जिनमें से वह सही युग्म बताइये जिसके दोनों महानुभाव उपराष्ट्रपति बनने से पूर्व राजदूत अथवा उच्चायुक्त के पद पर रहे -**

(a) Dr. S. Radhakrishnan and G.S. Pathak
डॉ. एस. राधाकृष्णन और जी.एस. पाठक
(b) Dr. S. Radhakrishnan and V.V. Giri
डॉ. एस. राधाकृष्णन और वी.वी. गिरि
(c) Dr. Zakir Hussain and K.R. Narayanan
डॉ. जाकिर हुसैन और के. आर. नारायणन
(d) B.D. Jatti and K.R. Narayanan
बी.डी. जत्ती और के.आर. नारायणन

उत्तर –(b)

**व्याख्या**–12 मई, 1952 से 19 मई, 1957 तक भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति के रूप में कार्य करने वाले डॉ. एस. राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति बनने के पूर्व 1949 से 1952 तक सोवियत संघ में राजदूत रहे। ध्यातव्य है कि डॉ. राधाकृष्णन ने 13 मई, 1962 से 13 मई, 1967 तक भारत के राष्ट्रपति के रूप में भी कार्य किया। 6 मई, 1967 से 29 अगस्त, 1969 तक भारत के उपराष्ट्रपति रहे श्री वी. वी. गिरि उपराष्ट्रपति बनने के पूर्व श्रीलंका में राजदूत थे। उल्लेखनीय है कि वी.वी. गिरि भारत के पहले गैर कांग्रेसी (गैर सरकारी) राष्ट्रपति (1967-74) बने। इनके चुनाव में द्वितीय चक्र की मतगणना करनी पड़ी थी। पूर्व राष्ट्रपति के. आर. नारायणन भी राष्ट्रपति बनने के पूर्व म्यान्मार (बर्मा) में राजदूत रह चुके थे।

**143. Which one of the following is a man made" cereal NOT found in nature?**
**निम्नलिखित में से कौन सा 'मानव निर्मित' धान्य है जो प्रकृति में नहीं पाया जाता?**

(a) Dwarf wheat/बौना गेहूँ
(b) Hybrid maize/संकर मक्का
(c) Triticale/टिट्रीकेल
(d) Soya bean/सोयाबीन

उत्तर –(c)

**व्याख्या**–'टिट्रीकेल' गेंहूँ तथा राई को मिलाकर तैयार किया गया मानव निर्मित कृत्रित अनाज है। यह प्रकृति में उपलब्ध नहीं होता। 'टिट्रीकेल' वैज्ञानिकों द्वारा तैयार किया गया प्रथम कृत्रिमधान्य है।

**144. The only landlocked country in Southeast Asia is:**
**दक्षिण पूर्व एशिया में एक मात्र भूआवेष्टित देश है -**

(a) Laos/लाओस (b) Thailand /थाइलैंड
(c) Malaysia/मलेशिया (d) Kampuchea/कम्पूचिया

उत्तर –(a)

**व्याख्या**–'लाओस' एक मात्र दक्षिण-पूर्व एशियाई देश है, जो चारों ओर से भूआवेष्टित है अर्थात् इस देश की सीमाएँ जल या समुद्री क्षेत्र को स्पर्श नहीं करती है। लाओस के चारों ओर स्थित देश वियतनाम, थाइलैण्ड, म्यान्मार, कम्पूचिया तथा चीन हैं। लाओस की राजधानी 'वियेनतिएन' है।

**145. The founder of Boys Scouts and Girl Guides Movement in India was:**
**भारत में बॉय स्काउट (बालचर) और सिविलगाइड आन्दोलन का जन्मदाता था :**

(a) Charles Andrews/चार्ल्स एंड्रुज
(b) Robert Montgomery/रॉबर्ट मॉंटगुमरी
(c) Richard Temple/रिचर्ड टेंपल
(d) Baden Powel/वेडेन पॉवेल

उत्तर –(d)

**व्याख्या**–वेडेन पॉवेल भारत में बॉय स्काउट (वालचर) तथा सिविल गाइड आन्दोलन के जन्मदाता हैं। स्काउट गाइड आन्दोलन युवाओं तथा विद्यार्थियों द्वारा संचालित किया जा रहा अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी तथा स्वसहायता संगठन है।

**146. In many developing countries, three major causes of death and disease are:**
**अनेक विकासशील देशों में मृत्यु और रोगों के तीन प्रमुख कारण हैं :**

(a) Lack of safe drinking water, increasing use of pesticides and thinning of the ozone layer.
सुरक्षित पेयजल का अभाव, कीटनाशियों का बढ़ता हुआ प्रयोग और ओजोन परत का पतला हो जाना
(b) Contaminated food, global warming and industrial chlorofluorocarbons.
संदूषित भोजन, पृथ्वी के गोले का गरमाना और औद्योगिक क्लोरोफ्लुरो कार्बन
(c) Polluted air, greenhouse effect and soil erosion./प्रदूषित वायु, पौधाघरों का प्रभाव और मृदा अपरदन
(d) Dirty water, contaminated food and polluted air./गंदा जल, संदूषित भोजन और प्रदूषित वायु

उत्तर –(d)

**व्याख्या**–विश्व के अनेक विकासशील देशों जिन्हें 'तीसरी दुनियाँ के देश' भी कहा जाता है, में लोगों की मृत्यु एवं रोगों के तीन प्रमुख कारण इन देशों में लोगों को पीने के लिए मिलने वाला गंदा पेयजल, संदूषित भोजन तथा प्रदूषित वायु हैं।

**147. Match List I with List II and select the correct answer by using the codes given below the lists:**
**सूची I का सूची II से सुमेल कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूटों का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :**

| List I<br>सूची I | List II<br>सूची II |
|---|---|
| A. Gro Harlem Brundtland<br>ग्रो हारलेन ब्रंडलैंड | 1. Prime Minister Slovakia of<br>स्लोवाकिया का प्रधानमंत्री |
| B. Stephen Hawking<br>स्टीफेन हॉकिंग | 2. Prime Minister of Russia<br>रूस का प्रधानमंत्री |
| C. Vladimir Meciar<br>व्लादिमीर मिज़ेर | 3. Environmentalist and Prime Minister of Norway<br>पर्यावरणवादी और नार्वे का प्रधानमंत्री |
| D. Viktor Chernomyrdin<br>विक्टर चैर्नोमिर्दीन | 4. Cosmologist<br>ब्रह्माण्ड विज्ञानी |

**कूट :**
(a) A-4, B-3, C-2, D-1
(b) A-3, B-4, C-2, D-1
(c) A-4, B-3, C-1, D-2
(d) A-3, B-4, C-1, D-2
**उत्तर –(d)**

**व्याख्या**–ग्रो हारलेन ब्रंडलैण्ड पर्यावरणवादी तथा नार्वे के प्रधानमंत्री थे। स्टीफेन हॉकिंग ब्रिटेन के प्रसिद्ध ब्रह्माण्ड वैज्ञानिक थे जो विकलांग थे। ब्लादिमीर मिजेर स्लोवाकिया के राष्ट्रपति थे जबकि विक्टर चैर्नोमिर्दीन रूस के पूर्व प्रधानमंत्री थे।
रूस के इसी प्रधानमंत्री के नाम पर निर्मित चर्नोमिर्दीन परमाणु संयंत्र में परमाणु अवलाप के कारण हुई दुर्घटना के कारण सैकड़ों लोग मारे गये थे।

**148. Which one of the following is the underground army of the African National Congress?**
**निम्नलिखित में से कौन सी अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस की गुप्त सेना है?**
(a) Umkhonto/उमखोंटो
(b) Kwazulu/क्वाजुलु
(c) Xhosa/जोज़ो
(d) Ulundi/उलुन्दी
**उत्तर –(a)**

**व्याख्या**–अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (African National Congress - ANC) दक्षिण अफ्रीका की प्रमुख राजनीतिक पार्टी है। इस पार्टी का गठन वहाँ के अश्वेतों को सामाजिक राजनीतिक अधिकार दिलाने तथा वहां की श्वेत लोगों की पूर्व रंगभेदी सरकार द्वारा काले (अश्वेत) लोगों के विरुद्ध किये जा रहे अत्याचार का विरोध करने के लिए किया गया था। डॉ. नेल्सन मण्डेला अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रसिद्ध नेता थे, जिन्होंने अश्वेतों के अधिकारों के लिए लगभग 30 वर्ष जेल में बिताया। 'अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस' की गुप्त सेना (शाखा) उमखोंटो है। अफ्रीकी भाषा के इस शब्द का अर्थ - The spear of the Nation' होता है।

**149. Which one of the following is correctly matched?**
**निम्नलिखित में से कौन सा सही सुमेलित है?**
(a) Dr. Kurien : Space Science
डॉ. कुरियन : अंतरिक्ष विज्ञान
(b) Dr. Malcom Adiseshiah : Cooperative Movement
डॉ. माल्कम आदिशेषैया : सहकारी आंदोलन
(c) Dr. Abdul Kalam : Development Economics
डॉ. अब्दुल कलाम : विकास अर्थशास्त्र
(d) Dr. Pramod Karan Sethi : Jaipur Foot
डॉ. प्रमोद करण सेठी : जयपुरी कृत्रिम पैर
**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**–राजस्थान की राजधानी नगर जयपुर के निवासी डॉ. प्रमोदकरण सेठी भारत में विकलांगों के लिए कृत्रिम अंगों जैसे - हाथ, पैर आदि बनाने के लिए प्रसिद्ध हैं। डॉ. प्रमोदकरण सेठी द्वारा निर्मित किए गए हल्के कृत्रिम जयपुरी पैरों तथा हाथों से तमाम विकलांगों के लिए चलना तथा अन्य क्रियायें करना संभव हो गया है।
डॉ. वर्गीज कुरियन भारत में सहकारी 'श्वेत (दुग्ध) क्रांति' जिसे 'आपरेशन फ्लड' के नाम से भी जाना जाता है, के प्रणेता हैं। मिसाइलमैन के नाम से प्रसिद्ध डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम भारत में सन् 1983 में प्रारम्भ किए गए एकीकृत प्रक्षेपास्त्र कार्यक्रम के सर्वप्रमुख वैज्ञानिक तथा भारत के राष्ट्रपति थे।
डॉ. मैल्कम आदिशेषैया भारत के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री एवं शिक्षाशास्त्री एवं यूनेस्को के उपमहानिदेशक थे।

**150. Next to Hindi, the language spoken by the largest number of people in the Indian subcontinent is:**
**भारतीय उपमहाद्वीप में बोली जाने वाली भाषाओं में बोलने वालों की सर्वाधिक संख्या के आधार पर हिन्दी के बाद किस का नंबर आता है?**
(a) Urdu/उर्दू
(b) Bengali/बंगला
(c) Telugu तेलुगू
(d) Tamil तमिल
**उत्तर –(b)**

**व्याख्या**–भारतीय उपमहाद्वीप में हिन्दी के पश्चात् सर्वाधिक लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा बंगाली है। बंगाली भाषा भारत के पश्चिमी बंगाल राज्य तथा बांग्लादेश में लगभग 215 मिलियन लोगों द्वारा बोली जाती है। हिन्दी तथा बंगाली के बाद भारतीय उपमहाद्वीप में अधिक लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा उर्दू एवं पंजाबी है, जो भारत तथा पाकिस्तान में बोली जाती हैं। ज्ञातव्य है कि भारत में बोलने वालों की संख्या की दृष्टि से हिन्दी के बाद तेलगू भाषा का दूसरा स्थान है। बंगला तथा मराठी भारत की क्रमशः तीसरी एवं चौथी बड़ी भाषाएँ हैं।

# आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 1994
# सामान्य अध्ययन
### हल प्रश्न-पत्र
### (अध्यायवार विश्लेषण सहित व्याख्या)

## प्राचीन इतिहास

### सैन्धव सभ्यता

**1. The earliest evidence of silver in India is found in the/भारत में चाँदी की उपलब्धता के प्राचीनतम साक्ष्य मिलते हैं–**

(a) Harappan culture/हड़प्पा संस्कृति से
(b) Chalcolithic cultures of Western India पश्चिमी भारत की ताम्रपाषाण संस्कृति में
(c) Vedic texts/वैदिक संहिताओं में
(d) Silver punchmarked coins/चाँदी के आहत सिक्कों में

**उत्तर – (a)**

**व्याख्या** – चाँदी के प्राचीनतम साक्ष्य हड़प्पा सभ्यता से प्राप्त होते हैं। NCERT (प्राचीन भारत) के अनुसार हड़प्पाई स्वर्णकार चाँदी, सोने एवं रत्न के आभूषण बनाते थे। यद्यपि ये चाँदी का आयात अफगानिस्तान से करते थे। चाँदी मुख्यतः राजस्थान के जावर और अजमेर से पाया जाता है।

### सूत्रकाल, महाकाव्य काल, संगम काल एवं पूर्व मौर्यकाल

**2. Which one of the following usages was a post Vedic development?/निम्नलिखित में से कौन-सी प्रथा-चतुष्टय वेदोत्तर काल में प्रचलित हुई?**

(a) Dharma — Artha — Kama — Moksha धर्म - अर्थ - काम - मोक्ष
(b) Brahmana—Kshatriya—Vaishya—Shudra ब्राह्मण - क्षत्रिय - वैश्य - शूद्र
(c) Brahmacharya—Grihastashrama—Vanaprastha — Sanyasa/ब्रह्मचर्य - गृहस्थाश्रम - वानप्रस्थ - संन्यास
(d) Indra — Surya — Rudra — Marut इन्द्र - सूर्य - रुद्र - मरुत्

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – पूर्ववैदिक काल में केवल गृहस्थाश्रम का उल्लेख मिलता है। उत्तर वैदिक ग्रन्थों से केवल तीन आश्रमों का उल्लेख मिलता है। गृहस्थ - यज्ञ, अध्ययन और दान में लीन रहते थे, मुनि - तपस्या करते थे, ब्रह्मचारी - आचार्य या शिक्षक के साथ रहते थे। संन्यास का प्रचलन सूत्रकाल तथा महाकाव्यकाल में होता है।

### बौद्ध, जैन, भागवत एवं शैव धर्म

**3. Which one of the following is the most fundamental difference between Mahayana Buddhism and Hinayana Buddhism?/बौद्ध धर्म के महायान और हीनयान सम्प्रदायों में सर्वाधिक मौलिक अन्तर निम्नलिखित में कौन-सा है?**

(a) Emphasis on ahimsa/अहिंसा पर बल
(b) Casteless society/जातिरहित समाज
(c) Worship of gods and goddesses देवी-देवताओं की पूजा
(d) Worship of stupa/स्तूप पूजा

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – हीनयान सम्प्रदाय में महात्मा बुद्ध को एक महापुरुष माना जाता था, परन्तु महायान सम्प्रदाय में उन्हें देवता माना जाता था तथा उनकी पूजा की जाने लगी थी। इसी के साथ अनेक बोधिसत्वों की पूजा भी प्रारम्भ हुई।

**4. "Live well, as long as you live. Live well even by borrowings, for, once cremated, there is no 'return." This rejection of afterlife is an aphorism of the/' जब तक जीवित रहो, सुख से जीवित रहो, चाहे इसके लिए ऋण ही लेना पड़े, क्योंकि शरीर के भस्मीभूत हो जाने पर पुनरागमन नहीं हो सकता।' पुनर्जन्म का निषेध करने वाली यह उक्ति किसकी है?**

(a) Kapalika sect/कापालिक सम्प्रदाय वालों की
(b) Sunyavada of Nagarjuna/नागार्जुन के शून्यवाद वालों की
(c) Ajivikas/आजीवकों की
(d) Charvakas/चार्वाकों की

**उत्तर – (d)**

**व्याख्या** – चार्वाक भारतीय दर्शन के नास्तिक सम्प्रदाय का अनीश्वरवादी, प्रत्यक्षवादी, भौतिकवादी तथा सुखवादी दर्शन है। चार्वाक-दर्शन आत्मा के अस्तित्व तथा मोक्ष में विश्वास न करते हुए, केवल भौतिक पदार्थ रूपी शरीर को ही परमसत्ता मानता है। चार्वाक के अनुसार 'काम' अर्थात् इच्छाओं की तृप्ति ही मानव जीवन का चरम लक्ष्य है। मनुष्य के सारे कार्य सुख की प्राप्ति के लिए ही होते हैं। चार्वाक के अनुसार – ''यावज्जवेत् सुखं जीवेत् ऋणं कृत्वा घृतं पिवेत्। भस्मीभूतस्य देहस्य पुनरागमनः कुतः।'' अर्थात् जब तक जिएं सुख से जिएं, सुख के लिए ऋण लेकर भी घी पी लेना चाहिए क्योंकि शरीर भस्मीभूत (नष्ट) हो जाने के पश्चात् पुनर्जन्म नहीं हो सकता है।

### मौर्य एवं मौर्योत्तर काल

**5. Vidhushaka, a common character in Sanskrit drama, is invariably a/संस्कृत नाटकों में सामान्य पात्र ''विदूषक'' प्रायः किस वर्ण का होता है?**

(a) Brahmana/ब्राह्मण
(b) Kshatriya/क्षत्रिय
(c) Vaisya/वैश्य
(d) Shudra/शूद्र

**उत्तर – (a)**

**व्याख्या**-संस्कृत नाटकों में विदूषक का उपयोग कालिदास, भास आदि नाटककारों ने किया है। यह प्रायः ब्राह्मण वर्ण का एवं राजा का मित्र होता था।

**6. In the Gandhara sculptures the preaching mudra associated with the Buddha's First Sermon at Sarnath is/गांधार-शैली की मूर्तिकला में बुद्ध का सारनाथ में हुए प्रथम धर्मोपदेश से सम्बद्ध प्रवचन-मुद्रा का नाम है –**

(a) abhaya/अभय
(b) dhyana/ध्यान
(c) dharmachakra/धर्मचक्र
(d) bhumisparsa/भूमिस्पर्श

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – गान्धार शैली में निर्मित बुद्ध की मूर्तियाँ काले स्लेटी पाषाण, चूने तथा पकी मिट्टी से बनी है। इसमें बुद्ध को विभिन्न मुद्राओं में दर्शाया गया है। बुद्ध की मूर्तियाँ ध्यान, पद्मासन, धर्मचक्रप्रवर्तन, वरद तथा अभय आदि मुद्राओं में हैं।

## गुप्तकाल, गुप्तोत्तर काल एवं बर्द्धन वंश

**7. Toramana belonged to the ethnic horde of the/तोरमाण किस जातीय दल का था?**

(a) Scythians/शिथियन (b) Hunas/हूण
(c) Yuechis/यूची (d) Sakas/शक

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – तोरमाण हूण था इसने गुप्तकाल में भारत पर आक्रमण किया था। हूण मध्य एशिया में निवास करने वाली जाति थी। 'यूची' हूणों की एक प्रजाति थी। शिथियन शकों की एक शाखा थी।

**8. The name of the poet Kalidasa is mentioned in the/कवि कालिदास के नाम का उल्लेख किसमें हुआ है?**

(a) Allahabad pillar inscription/इलाहाबाद स्तम्भ लेख में
(b) Aihole inscription/ऐहोल के उत्कीर्ण लेख में
(c) Alapadu grant/अलपादु दानलेख में
(d) Hanumakonda inscription/हनुमकोंडा उत्कीर्ण लेख में

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – कवि कालिदास के नाम का उल्लेख वातापी नरेश पुलकेशिन द्वितीय के ऐहोल अभिलेख में हुआ है, जिसका रचनाकार रविकीर्ति था। 'भारत के नेपोलियन' के उपनाम से प्रसिद्ध गुप्त शासक समुद्रगुप्त के विजय अभियानों का वर्णन उसके दरबारी कवि हरिषेण द्वारा इलाहाबाद स्तम्भ लेख में किया गया है। प्रयाग प्रशस्ति के अन्य नाम से भी अभिहित किया जाने वाला यह स्तम्भ लेख उसी स्तम्भ पर खुदा है, जिस पर मौर्य शासक अशोक महान का अभिलेख उत्कीर्ण है। इसी स्तम्भ लेख में अशोक की रानी कारुवाकी के नाम का उल्लेख है।

## 800-1200 की राजनैतिक सामाजिक स्थिति

**9. The statue of Gomateswara at Sravanabelagola was built by/श्रवणबेलगोला में गोमतेश्वर की मूर्ति का निर्माण किसने करवाया था?**

(a) Chandragupta Maurya/चंद्रगुप्त मौर्य
(b) Kharavela/खारवेल
(c) Amoghavarsha/अमोघवर्ष
(d) Chamundaraya/चामुंडराय

**उत्तर – (d)**

**व्याख्या** – मैसूर (कर्नाटक) के गंगवंशी शासक के एक मंत्री चामुण्ड राय ने कर्नाटक में 'श्रवणबेलगोला' नामक स्थान में 10वीं शताब्दी के मध्य में बाहुबली गोमतेश्वर की विशाल प्रतिमा का निर्माण कराया। यह प्रतिमा जैनियों के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव के पुत्र बाहुबली गोमतेश्वर की है। ज्ञातव्य है कि गोमतेश्वर की प्रतिमा जैन धर्म से सम्बन्धित भारत की सबसे विशाल (17 मी. ऊँची) प्रतिमा है। गोमतेश्वर की प्रतिमा का महामस्तकाभिषेक बड़ी धूमधाम से प्रायोजित किया जाता है। मौर्य वंश का संस्थापक चन्द्रगुप्त मौर्य ने अपना अंतिम समय कर्नाटक के श्रवणबेलगोला में ही बिताया। यहीं पर चन्द्रगुप्त मौर्य ने 298 ई. पू. में 'सल्लेखना' (उपवास) द्वारा मृत्यु का वरण किया था। जैन धर्म को स्वीकार करने वाले प्राचीन भारत के राजा थे - उदयन, नंदराजा, चन्द्रगुप्त मौर्य, कलिंग नरेश खारवेल, राष्ट्रकूट राजा अमोघवर्ष तथा चंदेल शासक धंग।

**10. Which one of the following important trade centres of ancient India was on the trade route connecting Kalyana with Vengi?/प्राचीन भारत का निम्नलिखित में से कौन-सा महत्वपूर्ण व्यापार केंद्र उस व्यापार मार्ग पर था जो कल्याण को वेंगी से जोड़ता था –**

(a) Tagara/तगारा (b) Sripuram/श्रीपुर
(c) Tripuri/त्रिपुरी (d) Tamralipti/ताम्रलिप्ति

**उत्तर – (a)**

**व्याख्या** – प्राचीन भारत में गुप्तोत्तर काल का महत्वपूर्ण व्यापारिक केंद्र 'तगर' चालुक्यों की राजधानी 'कल्याणी' को पूर्वी चालुक्यों की राजधानी 'वेंगी' से जोड़ने वाले मार्ग पर स्थित था। ज्ञातव्य है कि ताम्रलिप्ति, त्रिपुरी, देवल, थाना, खम्भात एवं भड़ौच गुप्तोत्तर काल के अन्य प्रमुख बन्दरगाह थे। गुप्तोत्तर काल में व्यापार वाणिज्य की अवनति तथा भूमि अनुदानों के फलस्वरूप सामंतवाद का उदय हुआ।

**11. The caves and rockcut temples at Ellora are?**/ऐलोरा में गुफाएँ और शैलकृत मंदिर हैं –

(a) Buddhist/बौद्धों के
(b) Buddhist and Jain/बौद्धों और जैनों के
(c) Hindu and Jain/हिन्दुओं और जैनों के
(d) Hindu, Buddhist and Jain/हिन्दुओं, बौद्धों और जैनों के

**उत्तर – (d)**

**व्याख्या** – एलोरा की गुफाएँ महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में वेरून (ऐलोरा) नामक स्थान पर 7वीं से 9वीं शताब्दी के बीच निर्मित की गई। इसमें कुल 34 शैलकृत गुफाओं में, गुफा संख्या 1 से 12 तक बौद्ध धर्म से, गुफा संख्या 13 से 29 तक हिन्दू धर्म से तथा गुफा संख्या 30 से 34 तक की गुफाएँ जैन धर्म से सम्बन्धित हैं। एलोरा की गुफा में 10 चैत्यगृह हैं, जो शिल्प देवता विश्वकर्मा को समर्पित है। ज्ञातव्य है कि एलोरा के गुफा मंदिरों का निर्माण राष्ट्रकूटों के समय में किया गया है। इन गुफा मंदिरों में राष्ट्रकूट नरेश कृष्ण प्रथम द्वारा निर्मित कैलाश गुफा मंदिर सर्वोत्कृष्ट है।

# मध्यकालीन इतिहास

## दिल्ली सल्तनत

**12. Who among the following is said to have witnessed the reigns of eight Delhi Sultans?/निम्नलिखित में से किसने दिल्ली के आठ सुल्तानों का शासन देखा था?**

(a) Ziauddin Barani/जियाउद्दीन बरनी
(b) Shamsi Siraj Afif /शम्स-ई-सिराज अफीक
(c) MinhajusSiraj/मिन्हाज-उस-सिराज
(d) Amir Khusrau/अमीर खुसरो

**उत्तर – (d)**

**व्याख्या** – ऐसा माना जाता है कि अमीर खुसरो (1253-1325) ने दिल्ली सल्तनत के आठ सुल्तानों का शासन देखा था। इसका जन्म उत्तर प्रदेश के एटा जिले के पटियाली गाँव में हुआ था। यह सुल्तान नासिरुद्दीन महमूद के समय दिल्ली आया तथा गयासुद्दीन तुगलक के समय तक रहा। अमीर खुसरो को 'तूती-ए-हिन्द' के नाम से जाना जाता है। अमीर खुसरो खड़ी बोली का प्रवर्तक था। इसने 'आशिका', 'लैला मजनू', 'तुगलकनामा' तथा 'नूह सिपेहर' नामक पुस्तकों की रचना की। जियाउद्दीन बरनी ने 'तारीख-ए-फिरोजशाही', मिनहाज उस सिराज ने 'तबकात-ए-नासिरी' तथा अफीफ ने 'तारीख-ए-फिरोजशाही' नामक पुस्तकों की रचना की।

13. **The first Indian ruler to organize Haj pilgrimage at the expense of the state was/राज्य के खर्च पर हज की व्यवस्था करने वाला पहला भारतीय शासक था –**
(a) Alauddin Khilji/अलाउद्दीन खिलजी
(b) Feroz Tughlaq/फिरोजशाह तुगलक
(c) Akbar/अकबर
(d) Aurangzeb/औरंगजेब
**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – फिरोजशाह तुगलक (1351-1388) सल्तनत काल का कल्याणकारी निरंकुश शासक था। अपने कल्याणकारी कार्यों के अंतर्गत फिरोजशाह तुगलक ने 5 बड़ी नहरें खुदवाईं, 1200 फलों के बाग लगवाए, रोजगार दफ्तर की स्थापना की। मुस्लिम स्त्रियों, विधवाओं एवं लड़कियों की सहायता हेतु 'दीवान-ए-खैरात' नामक नए विभाग की स्थापना की तथा दासों की देखभाल के लिए 'दीवान-ए-बंदगान' नामक नए विभाग की स्थापना की। इसके अतिरिक्त कट्टर सुन्नी मुसलमान फिरोजशाह तुगलक ने सरकारी (राज्य) खर्च पर मुस्लिमों के लिए मक्का-मदीना की हज यात्रा की व्यवस्था करने वाला प्रथम भारतीय शासक था। फिरोज ने हिन्दुओं को 'जिम्मी' (इस्लाम स्वीकार न करने वाले) कहा, तथा हिन्दू ब्राह्मणों पर भी जजिया कर लगा दिया। अकबर महान ने सन् 1882 में 'दीन-ए-इलाही' नामक नए धर्म को प्रवर्तित किया। बीरबल अकबर के दीन-ए-इलाही को स्वीकार करने वाले एकमात्र हिन्दू थे।

## मुगल साम्राज्य

14. **The Mansabdari System introduced by Akbar was borrowed from the system followed in/अकबर ने जिस मनसबदारी प्रणाली को लागू किया वह किस देश में प्रचलित प्रणाली से उधार ली गयी थी?**
(a) Afghanistan/अफगानिस्तान
(b) Turkey/तुर्की
(c) Mongolia/मंगोलिया
(d) Persia/फारस
**उत्तर – (c)**


**व्याख्या** – अकबर (1556 से 1605 ई.) द्वारा लागू की गई सैन्य व्यवस्था को 'मनसबदारी' के नाम जाना जाता है। अकबर द्वारा प्रारम्भ की गई इस मनसबदारी व्यवस्था में उन व्यक्तियों को सम्राट द्वारा एक पद प्रदान किया जाता था, जो शाही सेना में होते थे। दिए जाने वाले पद को 'मनसब' एवं इसे ग्रहण करने वाले को मनसबदार कहा जाता था। अकबर द्वारा लागू की गई मनसबदारी व्यवस्था मंगोल नेता चंगेज खाँ की 'दशमलव प्रणाली' से उधार ली गई थी। मनसबदारी व्यवस्था में 'जात' से व्यक्ति के वेतन और प्रतिष्ठा का तथा 'सवार पद' से घुड़सवार दस्तों की संख्या का ज्ञान होता था। मनसबदारों को वेतन नकद एवं जागीर दोनों रूपों में दिया जाता था। जहाँगीर के समय सवार पद में 'दु-अस्पा' तथा 'सिह अस्पा' की व्यवस्था की गई।

15. **Who among the following ladies wrote a historical account during the Mughal period? मुगलकाल में निम्नलिखित में से किस महिला ने ऐतिहासिक विवरण लिखे?**
(a) Gulbadan Begum/गुलबदन बेगम
(b) Nurjahan Begum/नूरजहाँ बेगम
(c) Jahanara Begum/जहाँआरा बेगम
(d) Zebunnissa Begum/जेबुन्निसा बेगम
**उत्तर – (a)**

**व्याख्या** – मुगल काल की उपरोक्त चारों ही महिलाओं ने उच्च शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में प्रतिष्ठा स्थापित की, किन्तु जहाँ तक ऐतिहासिक विवरण लिखने की बात थी, इसमें गुलबदन बेगम, जो बाबर की पुत्री थी, ने 'हुमायूँनामा' नामक ऐतिहासिक ग्रन्थ लिखा। नूरजहाँ जहाँगीर की पत्नी थी। जिसने नूरजहाँ गुट बनाकर शासन में हिस्सा लिया। जहाँआरा बेगम शाहजहाँ की बड़ी पुत्री थी जिसने उत्तराधिकार के युद्ध में दारा का साथ दिया तथा शाहजहाँ के बंदी जीवन में उसके साथ रही। जेबुनिसा औरंगजेब की पुत्री थी, जिसे विद्रोही शाहजादा अकबर द्वितीय से पत्र व्यवहार करने के कारण औरंगजेब ने निर्वासित कर दिल्ली भेज दिया था।

## मराठा वंश

16. **Consider the map given below:/नीचे दिए गए मानचित्र पर विचार कीजिए –**



**The shaded area in the map shows the kingdom of the /मानचित्र में छायांकित क्षेत्र राज्य दर्शाता है –**
(a) Satavahanas/सातवाहनों का
(b) Chalukyas of Vatapi/वातापी के चालुक्यों का
(c) Rashtrakutas/राष्ट्रकूटों का
(d) Marathas/मराठों का
**उत्तर – (d)**

**व्याख्या** – दिये गये मानचित्रों का छायांकित भाग महाराष्ट्र को दर्शाता है, जो मराठों के राज्य से संबंधित है। 17वीं शताब्दी में मुगल साम्राज्य के विघटन के पश्चात् शिवाजी तथा पेशवाओं के अधीन मराठा शक्ति की स्थापना भारत के वर्तमान महाराष्ट्र, कर्नाटक तथा आन्ध्र प्रदेश व गोवा के कुछ भागों में हुई। दिए गए मानचित्र का छायांकित भाग मराठा आधिपत्य के इन्हीं भागों को प्रदर्शित करता है।

# आधुनिक इतिहास

## मुगल साम्राज्य का विघटन एवं यूरोपीय वाणिज्य का प्रारम्भ

17. **The first Indian ruler who joined the Subsidiary Alliance was/सहायक संधि को स्वीकार करने वाला पहला भारतीय शासक था –**
(a) the Nawab of Oudh/अवध का नवाब
(b) the Nizam of Hyderabad/हैदराबाद का निजाम
(c) Peshwa Baji Rao II/पेशवा बाजीराव द्वितीय
(d) the King of Travancore/ट्रावनकोर का राजा
**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – सहायक संधि स्वीकार करने वाला पहला शासक हैदराबाद का निजाम था। सहायक संधि द्वारा सम्मिलित राज्यों में हैदराबाद का निजाम 1798 में प्रथम था, जबकि मैसूर दूसरा राज्य जिसने 1799 में सहायक संधि स्वीकार किया, तथा अवध के नवाब ने सहायक संधि को 1801 में स्वीकार किया था, इसलिए सही विकल्प (b) है।

**18. The capital of the kingdom of Maharaja Ranjit Singh was/महाराजा रणजीत सिंह के राज्य की राजधानी थी –**

(a) Amritsar/अमृतसर (b) Patiala/पटियाला
(c) Lahore/लाहौर (d) Kapurthala/कपूरथला

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – सिखों की सुकरचकिया मिसल से सम्बन्धित महाराजा रणजीत सिंह का राज्य पंजाब से लाहौर तक विस्तृत था। महाराजा रणजीत सिंह की राजनीतिक राजधानी 'लाहौर' तथा धार्मिक राजधानी अमृतसर थी। जून, 1839 में महाराजा रणजीत सिंह की मृत्यु के पश्चात् 1845-46 ई. में महाराजा दिलीप सिंह तथा अंग्रेज गवर्नर जनरल लार्ड हार्डिंग की सेनाओं के बीच प्रथम आंग्ल-सिक्ख युद्ध हुआ। सन् 1848-49 में लार्ड डलहौजी के समय द्वितीय आंग्ल-सिक्ख हुआ। ज्ञातव्य है कि प्रसिद्ध 'कोहिनूर हीरा' रणजीत सिंह को अफगान शासक शाहशुजा से प्राप्त हुआ था, जिसे नादिरशाह लाल किले से लूटकर ले गया था, और जिसे दिलीप सिंह ने सम्राज्ञी को सौंप दिया था। उल्लेखनीय है कि रणजीत सिंह ने अपनी राजधानी लाहौर में एक तोपखाना खोला था, जिसमें मुस्लिम तोपची नौकरी पर रखे गए थे।

**19. The first to start a joint stock company to trade with India were the/भारत के साथ व्यापार के लिए सर्वप्रथम संयुक्त पूँजी कम्पनी किन लोगों ने आरम्भ की?**

(a) Portuguese/पुर्तगाली (b) Dutch/डच
(c) French/फ्रेंच (d) Danish/डेनिश

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – सन् 1602 में डच (हालैण्ड) संसद द्वारा पारित किए गए प्रस्ताव से एक संयुक्त 'डच ईस्ट इंडिया कम्पनी' की स्थापना हुई। इस कम्पनी को डच संसद द्वारा 21 वर्षों के लिए भारत और पूरब के देशों के साथ व्यापार करने, आक्रमण एवं विजय करने के संबंध में अधिकार पत्र प्राप्त हुआ। डच ईस्ट इंडिया कंपनी का नाम 'वेरिंगदे-ओस्ट इंडिसे कंपनी' था। यह कई कम्पनियों को मिलाकर बनी थी। इस प्रकार यह भारत के साथ व्यापार करने के लिए प्रथम व्यापारिक कम्पनी थी। ब्रिटिश महारानी एलिजाबेथ प्रथम के द्वारा दिए गए 15 वर्षीय व्यापार अधिकार-पत्र से दिसम्बर 1600 ई. में अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कम्पनी की स्थापना की गई। फ्रेंच ईस्ट इंडिया कंपनी (कम्पने देस इण्डिसे ओरियंटलेस) की स्थापना लुई 14वें मंत्री कॉलबर्ट द्वारा 1664 ई. में की गई, तथा डेनिस (डेनमार्क) ईस्ट इंडिया कंपनी सन् 1616 में स्थापित हुई थी।

**(स्रोत-आधुनिक का भारत इतिहास-ग्रोवर एवं यशपाल)**

## 1857 का विद्रोह, 19वीं शताब्दी का जनान्दोलन

**20. Who among the following was the leader of a number of anti-British revolts in Sambalpur?/संबलपुर के अनेक ब्रिटिश-विरोधी विद्रोहों का नेता निम्नलिखित में से कौन था?**

(a) Tirat Singh/तीरत सिंह
(b) Surendra Sai/सुरेन्द्र साईं
(c) Kattabomman/कट्टबोम्मन
(d) Sayyid Ahmad Barelvi/सैय्यद अहमद बरेलवी

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – उड़ीसा के संबलपुर के आंतरिक मामलों में अंग्रेजी सरकार द्वारा किए जा रहे हस्तक्षेपों के कारण वहाँ के नेता सुरेन्द्र साईं (1809-84 ई.) ने अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह कर दिया। अंग्रेजों ने 1849 में सुरेन्द्र साईं को जेल में डाल दिया। जेल से छूटने के बाद सुरेंद्र साईं अंग्रेजों के विरुद्ध पुनः सक्रिय रहे, तथा 1857 ई. के विद्रोह में अंग्रेजों के खिलाफ गुरिल्ला युद्ध लड़ा गया। सन् 1861 में अंग्रेजों ने सुरेन्द्र साईं को आजीवन कारावास की सजा दी। फलस्वरूप 28 फरवरी, 1884 को सुरेन्द्र साईं की जेल में ही मृत्यु हो गई। सरदार तीरत सिंह 1833 ई. के खासी आदिवासी विद्रोह का नेता था।

**21. Which one of the following upheavals took place in Bengal immediately after the Revolt of 1857?/1857 के विद्रोह के ठीक बाद बंगाल में निम्नलिखित में से कौन सा विप्लव हुआ?**

(a) Sanyasi Rebellion/संन्यासी विद्रोह
(b) Santhal Rebellion/संथाल विद्रोह
(c) Indigo Disturbances/नील उपद्रव
(d) Pabna Disturbances/पाबना विद्रोह

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – सन् 1857 के विद्रोह के ठीक पश्चात् बंगाल में सन् 1859-60 ई. में नील कृषकों का सर्वाधिक व्यापक एवं जुझारू आन्दोलन हुआ। सितम्बर 1859 में बंगाल के नादिया जिले में स्थित गोविन्दपुर गांव के किसानों ने स्थानीय नेता दिगम्बर विश्वास एवं विष्णु विश्वास के नेतृत्व में नील की खेती बंद करके, नील बागान मालिकों के उत्पीड़न के खिलाफ विद्रोह कर दिया। यह भारतीय इतिहास की प्रथम किसान हड़ताल थी। 'हिन्दू पैट्रियाट' के सम्पादक हरीशचन्द्र मुखर्जी ने अपने अखबार के माध्यम से नील आन्दोलन का समर्थन किया था। दीनबन्धु मित्र ने अपने नाटक 'नील दर्पण' में नील बागान मालिकों के अत्याचार का खुला चित्रण किया। नील किसानों की एकजुटता के फलस्वरूप 1860 में नील आयोग की नियुक्ति की गई। इस आयोग ने किसानों (रैयतों) को नील की खेती करने की बाध्यता से मुक्त कर दिया। पाबना किसान विद्रोह 1873-76 ई. में ईशानचंद्र राय एवं शंभुपाल के नेतृत्व में हुआ। बंगाल का संन्यासी विद्रोह 1770-80 ई. के बीच तीर्थयात्रा कर के विरुद्ध हुआ। संन्यासी विद्रोह का उल्लेख बंकिम चंद्र चटर्जी ने अपने उपन्यास 'आनन्द मठ' में किया है। संथाल आदिवासी विद्रोह भागलपुर एवं राजमहल में 1855-56 में सिद्धू एवं कान्हू के नेतृत्व में हुआ था।

## प्रमुख संस्थाएँ, सन्धियाँ, आयोग, अधिनियम

**22. The significance of the Bengal Regulation of 1793 lies in the fact that /1793 के बंगाल रेगुलेशन का विशिष्ट लक्षण क्या था?**

(a) it provided for the establishment of the Supreme Court /उसमें सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना का उपबंध था।
(b) it restricted the application of English law to Englishmen only/उससे अंग्रेजी विधि का प्रयोग केवल अंग्रेजों के लिए सीमित हो गया था।
(c) it accommodated the personal laws of Hindus and Muslims/उसमें हिन्दुओं और मुसलमानों की स्वीकृत विधियों को भी स्थान दिया गया था।
(d) it provided for the appointment of the Indian Law Commission/उसमें भारतीय विधि आयोग की नियुक्ति का उपबंध था।

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – सन् 1793 ई. के चार्टर एक्ट द्वारा कम्पनी के व्यापारिक अधिकारों को 20 वर्ष के लिए बढ़ाया गया, तथा गवर्नर जनरल के अधिकार तथा विस्तार बम्बई तथा मद्रास प्रेसीडेन्सियों पर भी कर दिया गया। इस एक्ट द्वारा गवर्नर जनरल की परिषद के सभी सदस्यों को वेतन भारतीय कोष से दिए जाने का प्रावधान किया गया। इसके अतिरिक्त 1793 के इस चार्टर एक्ट का सबसे विशिष्ट तत्व यह था, कि इस एक्ट के द्वारा हिन्दू एवं मुसलमानों की स्वीकृत सामाजिक गतिविधियों को भी मान्यता एवं स्थान प्रदान किया गया। ज्ञातव्य है कि भारत में सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना सन् 1773 के चार्टर एक्ट द्वारा तथा 'विधि आयोग' (Law Commission) और विधि सदस्य की नियुक्ति 1833 के चार्टर एक्ट द्वारा की गई थी।

## स्वतंत्रता संग्राम एवं राष्ट्रीय आन्दोलन

**23. Those who joined Mahatma Gandhi during the Champaran struggle included /चम्पारण संघर्ष में निम्नलिखित में से किसने महात्मा गाँधी का साथ दिया था?**

(a) Vallabhbhai Patel and Vinobha Bhave
वल्लभ भाई पटेल और विनोबा भावे

(b) Jawaharlal Nehru and Rajendra Prasad
जवाहर लाल नेहरू और राजेंद्र प्रसाद

(c) Rajendra Prasad and Anugraha Narayan Sinha
राजेंद्र प्रसाद और अनुग्रह नारायण सिन्हा

(d) Mahadev Desai and Maniben Patel
महादेव देसाई और मणिबेन पटेल

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – महात्मा गाँधी ने अप्रैल, 1917 में राजकुमार शुक्ल के निमंत्रण पर बिहार के चम्पारन जिले के नील कृषकों पर किए जा रहे अत्याचार के विरुद्ध अपने प्रथम सत्याग्रह आन्दोलन का सफल नेतृत्व किया। चम्पारन सत्याग्रह में महात्मा गाँधी के साथ डॉ. राजेंद्र प्रसाद, अनुग्रह नारायण सिन्हा, नरहरि पारिख, मजहरुल हक, जे. बी. कृपलानी, बृज किशोर तथा महादेव देसाई भी थे। गाँधी जी के इस प्रथम सत्याग्रह के परिणामस्वरूप सरकार को अपना आदेश रद्द करना पड़ा तथा किसानों की समस्याओं को दूर करने के लिए सरकार ने एक समिति की नियुक्ति की। जिसके सदस्य गाँधीजी भी थे।

**24. What is common among Madam Bhikaji Cama, M. Barkatulla, V.V.S. Iyer and M.N. Roy ?**
**मदाम भीकाजी कामा, एम. बरकतुल्ला, वी. पी. एस. अय्यर और एम. एन. रॉय में क्या बात समान थी?**

(a) All of them were leading members of the International Communist Movement
सभी अंतर्राष्ट्रीय साम्यवादी आंदोलन में अग्रणी सदस्य थे।

(b) M. Barkatulla was the Prime Minister and the rest were Ministers in the Provisional Government of Free India established by a group of revolutionaries at Kabul /क्रान्तिकारियों के एक दल ने काबुल में स्वतंत्र भारत की जो अस्थायी सरकार बनायी थी, उसमें एम. बरकतुल्ला प्रधानमंत्री थे और शेष सभी मंत्री।

(c) All of them were among the prominent revolutionaries outside India operating in different countries during the Freedom Movement /वे सभी प्रमुख क्रांतिकारी थे, और स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन की अवधि में भारत से बाहर विविध देशों में काम कर रहे थे।

(d) All of them were accused in the case relating to the throwing of a bomb on Lord Hardinge/वे सभी लार्ड डलहौजी पर फेंके जाने वाले बम के मामले में अभियुक्त थे।

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – मदाम भीकाजी कामा, एम. बरकतुल्ला, वी.वी.एस. अय्यर और एम.एन. राय सभी प्रमुख क्रान्तिकारी थे और स्वतंत्रता आन्दोलन की अवधि में भारत से बाहर विविध देशों में काम कर रहे थे।

**25. Which of the following international events influenced the course of the national movement in India before the advent of Mahatma Gandhi ? /महात्मा गाँधी के पदार्पण से पूर्व भारत में राष्ट्रीय आंदोलन की दिशा में निम्नलिखित में से किन अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं ने प्रभावित किया था?**

1. **Italian-Abyssinian War, 1898**
**1898 के इटली-अबीसीनिया युद्ध ने**
2. **Boxer Movement in China**
**चीन के बॉक्सर आंदोलन ने**
3. **Revolutionary Movement in Ireland**
**आयरलैण्ड के क्रान्तिकारी आंदोलन ने**
4. **Victory of Japan in the Russo Japanese War**
**रूस-जापान के युद्ध में जापान की विजय ने**

**Choose the correct answer from the code given below.**

(a) I, II and III only/केवल 1, 2 और 3
(b) I, II and IV only/केवल 1, 2 और 4
(c) III and IV only/केवल 3 और 4
(d) I, II, III and IV/1, 2, 3 और 4


**उत्तर – (d)**

**व्याख्या** – महात्मा गाँधी जनवरी 1915 में दक्षिण अफ्रीका से भारत वापस आये तथा 1917 में सर्वप्रथम चम्पारन (बिहार) से राष्ट्रीय आन्दोलन में पदार्पण किया। महात्मा गाँधी के राष्ट्रीय आन्दोलन में शामिल होने के पूर्व भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन का उग्रवादी चरण में प्रवेश हो गया था, तथा युवा आन्दोलनकारी ताकत के बल पर अंग्रेजी सत्ता को उखाड़ फेंकने की चुनौती दे रहे थे। युवाओं को इस कार्य की प्रेरणा इटली-अबीसीनिया युद्ध (1898), चीन के बाक्सर आन्दोलन, आयरलैण्ड के क्रान्तिकारी आन्दोलन तथा सन् 1905 के रूस-जापान युद्ध में जापानी सेना की विजय की अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं से प्राप्त हो रही थी। भारतीय क्रांतिकारी आन्दोलन को सर्वाधिक प्रभावित जापान जैसे छोटे देश द्वारा रूस की पराजय ने किया।

# भारत का भूगोल

## भौतिक संरचना/अपवाह तंत्र/मानव भूगोल

**26. Consider the map of India given below:**
**नीचे दिये गए भारत के मानचित्र पर विचार कीजिए–**
**The map shows/इस चित्र में दर्शाया गया है–**



(a) an isohyet/एक समवर्षा रेखा
(b) all India water divide/अखिल भारतीय जल विभाजक
(c) a combination of national highways
राष्ट्रीय राजमार्गों का संयोजन
(d) a combination of major railway routes
प्रमुख रेलमार्गों का संयोजन

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या**–प्रश्न में प्रस्तुत भारत के मानचित्र में प्रदर्शित की गई रेखा अखिल भारतीय जल विभाजन को इंगित कर रही है। उल्लेखनीय है, कि भिन्न अपवाह-तंत्र में बहने वाली नदियों के शीर्ष भागों को पृथक् करने वाली सीमा को जल विभाजक कहा जाता है। भारत में हरियाणा के अम्बाला शहर को मुख्य जल विभाजक माना जाता है, क्योंकि इसके पश्चिम की नदियाँ पश्चिम की ओर तथा इसके पूर्व की नदियाँ पूर्व की ओर प्रवाहित होती है। नर्मदा एवं ताप्ती नदियों का उद्गम स्थल मध्य भारत में होने के बावजूद जल विभाजक रेखा के पश्चिम में होने से ये नदियाँ पश्चिम की ओर बहती है। जबकि पश्चिमी घाट से निर्गमित जो नदियाँ जल विभाजक रेखा के पश्चिम में हैं वे पश्चिम की ओर तथा जो रेखा के पूर्व की ओर है वे पूर्व की ओर प्रवाहित होती है। **(स्रोत–भारत का भूगोल–चतुर्भुज मामोरिया)**

**27. Which one of the following types of erosion is responsible for the formation of Chambal Ravines ?/चंबल घाटी के खोह-खड्डों के निर्माण का कारण निम्नलिखित में से किस प्रारूप का अपरदन है?**

(a) Splash/आस्फालवन (b) Sheet/चादरी
(c) Rill/क्षुद्र सरिता (d) Gully/अवनालिका

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**–क्षुद्र सरिता का विकसित रूप ही अवनालिका है। ये अवनालिकाएं U व V अथवा सुरंग अवनालिका का आकार ग्रहण करके मृदा का अपरदन करती हैं। भारत में मालवा के पठार में स्थित चम्बल नदी का बाह्य क्षेत्र अवनालिका अपरदन से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र है। अवनालिका अपरदन के परिणामस्वरूप ही चम्बल घाटी में गहरे खोह एवं खड्डों का निर्माण हो गया है।

**28. In ancient Indian historical geography the name 'Ratnakara' denoted/प्राचीन भारतीय ऐतिहासिक भूगोल में 'रत्नाकर' नाम सूचक था–**

(a) the Arabian Sea/अरब सागर का
(b) the Bay of Bengal/बंगाल की खाड़ी का
(c) the Indian Ocean/हिन्द महासागर का
(d) the confluence of the Ganga, the Yamuna and the mythical Saraswati at Prayaga/प्रयाग में गंगा, यमुना और पौराणिक नदी सरस्वती के संगम का

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**–भारत के प्राचीन ऐतिहासिक भौगोलिक विवरण भारत के प्राचीन वैदिक साहित्य में यत्र-तत्र प्राप्त होते हैं। प्राचीन भारतीय ऐतिहासिक भूगोल में हिन्द महासागर को 'रत्नाकर' नाम से सम्बोधित किया गया था। **(स्रोत–भारत का भूगोल–चतुर्भुज मामोरिया)**

**29. The average elevation of Tibetan Plateau above sea level is/तिब्बत के पठार की समुद्र तल से औसत ऊँचाई है–**

(a) 2 km/2 किमी. (b) 3 km/3 किमी.
(c) 4 km/4 किमी. (d) 5 km/5 किमी.

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**–तिब्बत का पठार हिमालय पर्वत के उत्तर और क्यूनलुन पर्वत के दक्षिण में 4,000 से 5,000 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है। इसके पूर्व में सीकांग और पश्चिम में हिन्दुकुश तथा कराकोरम् की श्रेणियाँ स्थित हैं। **(स्रोत–भारत का भूगोल–चतुर्भुज मामोरिया)**

**30. The only anthropoid ape to be found in India is the /भारत में जो एकमात्र मानवाभ कपि पाया जाता है, वह है–**

(a) hanuman monkey/हनुमान बंदर
(b) liontailed macaque of Western Ghats
पश्चिमी घाट सिंह-पुच्छी मकाक
(c) slow loris of Assam/असम का मन्थर लोरीस
(d) whitebrowed gibbon of Assam
असम की श्वेतभ्रू गिबन

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**– डा. एल.वी.वी. लोके ने सन् 1962 ई. में नए मानव जैसे जीव के निचले जबड़े तथा तालू की (भारत) खोज की। लगभग 140 लाख वर्ष पूर्व कीनिया (अफ्रीका) में निवास करने वाला यह मानवाभ कपि एक हायोमिनाइड प्राइमेट श्वेताभ्रू गिब्बन था। यह भारत में पाया जाने वाला एकमात्र मानवाभ कपि है।
**(स्रोत–भारत का भूगोल–चतुर्भुज मामोरिया)**

**31. The Himalayas are formed of parallel fold ranges, of which the oldest range is /हिमालय की रचना समांतर वलय श्रेणियों में हुई है, जिसमें से प्राचीनतम श्रेणी है–**

(a) the Siwalik Range/शिवालिक श्रेणी
(b) the Lesser Himalayas/निम्न हिमालय श्रेणी
(c) the Great Himalayan Range/वृहत् हिमालय श्रेणी
(d) the Dhaula Dhar Range/धौलाधार श्रेणी

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**–हिमालय पृथ्वी की आंतरिक शक्तियों से धरातल की चट्टानों के मुड़ जाने से निर्मित वलित (fold) पर्वत है। हिमालय प्राचीन 'टेथिस सागर' की विशाल भू-द्रोणी में वलन पड़ने के कारण निर्मित हुआ है। जिसकी विभिन्न श्रेणियों का विकास भिन्न-भिन्न कालों में हुआ हिमालय की सबसे प्राचीनतम पर्वत श्रेणी वृहत् हिमालय श्रेणी है, जबकि निम्न हिमालय, धौलाधार एवं शिवालिक हिमालय परवर्ती काल में निर्मित श्रेणियां हैं। इनमें से शिवालिक श्रेणी हिमालय की सबसे नवीनतम पर्वत श्रेणी है।
**(स्रोत–भारत का भूगोल–चतुर्भुज मामोरिया)**


**32. The hallmark of watershed development in the semiarid regions of India is the /भारत में आर्द्र-शुष्क क्षेत्रों में जल ढाल विकास का प्रमाणक चिह्न है–**

(a) establishment of sheds on large scale, so that the rain water does not evaporate /बड़े पैमाने पर ढालों की स्थापना, ताकि वर्षा के जल का वाष्पन न हो
(b) undertaking of earthworks, soil conservation measures and treeplantation, so as to conserve soil moisture and recharge underground water/मृदा बंध, भू-संरक्षण उपाय और वृक्षारोपण का उपक्रम ताकि मृदा की नमी संरक्षित रहे और अंतर्भौम जल का पुनः पूरण होता रहे।
(c) drilling deep tubewells so as to tap water at the rockstrata level/गहरे नलकूपों की बरमाई, ताकि शैल स्तर से जल का निष्कासन हो सके
(d) setting up a system of tanks by banking water from seasonal rivers /मौसमी नदियों से जल का तटबंधीकरण करके जलाशयों के तंत्र की स्थापना

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या**– दिये गये प्रश्न के अनुसार इसका उपयुक्त उत्तर (b) है। क्योंकि अर्द्ध शुष्क क्षेत्र महाराष्ट्र के कई गांवों में देखा गया है। वहाँ की भूमि में मृदा बंध भू-संरक्षण उपाय और वृक्षारोपण का उपक्रम है ताकि मृदा की नमी संरक्षित रहे और अंतःभौम जल का पुनः पूरण होता रहे। यह एक दीर्घकालिक समाधान है।

33. **Consider the map of India given below :**
**नीचे दिये हुए भारत के मानचित्र पर ध्यान दीजिए :**
**The map, read with the index provided, refers to the distribution of /दिए गए निर्देशों के साथ मानचित्र को देखकर बताएं कि वह किसके वितरण के संदर्भ में है?**




(a) winter rains/शीतकालीन वर्षा
(b) pressure/दाब
(c) annual rainy days/वार्षिक वर्षा के दिनों की संख्या
(d) mean temperature/माध्य तापमान
**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**–प्रश्न में प्रस्तुत भारत के मानचित्र को देखने से स्पष्ट है कि इसमें भारत के माध्य तापमान को इंगित किया गया है। ग्रीष्म ऋतु में देश के पश्चिमी भाग (राजस्थान, गुजरात) में सर्वाधिक तापमान पाया जाता है। शीत ऋतु में देश का तापमान निम्नतम स्तर तक पहुँच जाता है। ग्रीष्म तथा शीत ऋतुओं के बीच (मार्च-अप्रैल) में देश में औसत माध्य तापमान पाया जाता है। जिसके वितरण को मानचित्र में दर्शाया गया है।
**(स्रोत–भारत का भूगोल–चतुर्भुज मामोरिया)**

## मानसून, वन, मिट्टी, सिंचाई परियोजनाएँ, कृषि

34. **नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं, जिनमें से एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है–**
**Assertion (A):** The monsoonal rainfall decreases as one goes towards the west and northwest in the Ganga plain.
**कथन (A) :** गंगा के मैदान में यदि कोई पश्चिम और उत्तर-पश्चिम को चले तो मानसूनी वर्षा घटती हुई मिलेगी।
**Reason (R):** The moisture bearing monsoonal winds go higher up as one moves up in the Ganga plain.
**कारण (R) :** गंगा के मैदान में कोई ज्यों-ज्यों ऊपर को बढ़ता जाएगा, आर्द्रताधारी मानसूनी पवन और ऊँची जाती मिलेगी।
**In the context of the above two statements which one of the following is correct?**
**ऊपर के दोनों वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**
(a) Both A and R are true, and R is the correct explanation of A/A और R दोनों सही हैं और A की सही व्याख्या R करता है
(b) Both A and R are true, but R is not a correct explanation of A /A और R दोनों सही हैं पर A की सही व्याख्या R नहीं करता है
(c) A is true, but R is false/A सही है पर R गलत है
(d) A is false, but R is true/A गलत है पर R सही है
**उत्तर–(a)**

**व्याख्या**– गंगा के मैदान में यदि कोई पश्चिम और उत्तर-पश्चिम को चले तो मानसूनी वर्षा घटती हुई मिलेगी क्योंकि गंगा के मैदान में कोई ज्यों-ज्यों ऊपर को बढ़ता जाएगा, आर्द्रताधारी मानसून पवन और ऊँचाई पर जाती हुई मिलेगी।

35. **If safe storage is to be ensured, the moisture content of foodgrains at the time of harvesting should not be higher than/यदि खाद्यान्नों का सुरक्षित संग्रह सुनिश्चित करना हो, तो कटाई के समय उनका आर्द्रता अंश कितने प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए?**
(a) 14% (b) 16%
(c) 18% (d) 20%
**उत्तर–(a)**

**व्याख्या**– खाद्यान्नों के सुरक्षित भण्डारण को सुनिश्चित करने के लिए फसल की कटाई के समय अनाज के दाने में नमी अर्थात् आर्द्रता की अधिकतम मात्रा 14 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। क्योंकि नमी की प्रतिशत मात्रा इससे अधिक होने पर खाद्यान्नों के सड़ने तथा उसमें हानिकारक कीड़ों के लगने की संभावना बढ़ जाती है। उल्लेखनीय है कि भण्डारों में रखे जाने के पश्चात् खाद्यान्नों में मौजूद 14 प्रतिशत से अधिक आर्द्रता या नमी वाष्पित नहीं हो पाती, जिससे अनाज में कीड़े लगने या सड़ने की आशंका बढ़ जाती है।
**(स्रोत–भारत का भूगोल–चतुर्भुज मामोरिया)**

36. **The highest milk producing breed of goat in India is/भारत में सर्वाधिक दूध देने वाली बकरी की नस्ल है–**
(a) Barbari/बरबरी
(b) Jamunapari /जमुनापारी
(c) Black Bengal/काली बंगाली
(d) Beetal/बीतल
**उत्तर–(b)**

**व्याख्या**–वर्तमान में संख्या की दृष्टि से भारत में विश्व की सर्वाधिक बकरियां पाई जाती हैं। 'निर्धनों की कामधेनु' बकरी के दूध में आयरन एवं पोटैशियम की प्रचुर मात्रा रहती है, जिससे इसका दूध तपेदिक (T.B.), अल्सर एवं अतिसार के मरीजों के लिए बहुत लाभदायक होता है। भारत में बकरी की सबसे बड़ी संख्या द्विकाजी नस्ल 'जमुनापारी' है। जो न केवल सर्वाधिक दूध देती है, बल्कि माँस के लिए भी उत्तम नस्ल मानी जाती है। भारत की दुधारू बकरियों की नस्लें-जमुनापारी, बरबरी, बीतल तथा झकराना है। ज्ञातव्य है कि देश में सर्वाधिक बकरियां राजस्थान में पायी जाती है। केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान मख्दूम (मथुरा) में स्थित है।
**(स्रोत–भारत का भूगोल–चतुर्भुज मामोरिया)**

37. **Farm land tends to erode most rapidly when planted with /कृषि भूमि में किसके पौधे उगाने से भूमि का अपरदन अधिकतम तीव्रता से होता है?**
(a) sorghum/सोर्घम (b) potato/आलू
(c) wheat/गेहूँ (d) clover/क्लोवर
**उत्तर–(a)**

**व्याख्या**–मृदा अपरदन (क्षरण) एक भौतिक क्रिया है, जिसके द्वारा मृदा पदार्थ एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचा दिए जाते हैं मृदा की ऊपरी परत मुख्यतः वायु तथा जल के माध्यम से स्थानान्तरित हो जाती है। इसी को मृदा क्षरण (Soil Erosion) कहते हैं कृषि भूमि में सोर्घम अर्थात् ज्वार के पौधों की जड़ों द्वारा मृदा के आंतरिक संगठन को ढीला कर दिया जाता है। फलस्वरूप भूमि का अपरदन अधिक तीव्रता के साथ होने लगता है। मृदा अपरदन को रोकने के लिए फसलों को बदल-बदल कर बोना (शस्यावर्तन) चाहिए।

38. **Which of the following fish are bred exclusively in the cold regions of India?/निम्नलिखित में से कौन-कौन सी मछलियों का भारत के केवल ठंडे क्षेत्रों में ही प्रजनन होता है?**

1. Catla/कतला
2. Tinca/तिनका
3. Bhekti/भेकती
4. Trout/ट्राउट

**Choose the correct answer from the codes given below./नीचे दिए हुए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए–**

(a) 1 and 2 /1 और 2 (b) 1 and 4 /1 और 4
(c) 2 and 4 /2 और 4 (d) 3 and 4/ 3 और 4

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**–भारत की प्रसिद्ध 'तिनका' तथा 'ट्राउट' मछलियों का प्रजनन, भारत के ठंडे क्षेत्रों में होता है। जबकि कतला, भेकती, रोहू तथा झींगा मछलियाँ भारत के सभी क्षेत्रों में पायी जाती है। तमिलनाडु तथा केरल का समुद्रतटीय क्षेत्र झींगा मछली के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। मछलियाँ भारत के समुद्री निर्यात की प्रमुख मद हैं।
**(स्रोत–भारत का भूगोल–चतुर्भुज मामोरिया)**

39. **Which one of the following soil types of India is rendered infertile by the presence of excess iron ? भारत में निम्नलिखित में से कौन सा मृदा प्रारूप लोहे का अतिरेक होने के कारण अनुर्वर होता जा रहा है?**

(a) Desert sand/मरुस्थलीय बालू (b) Alluvial/जलोढ़
(c) Podzolic/पोडजोलिक (d) Lateritic/लैटेराइटिक

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**–लैटेराइट स्थानबद्ध मिट्टी है, जो भारत में लगभग 1.26 लाख वर्ग किमी. में विस्तृत है। इस मिट्टी का निर्माण आर्द्र एवं शुष्क मौसम के क्रमिक परिवर्तन के कारण 'निक्षालन की प्रक्रिया' (लीचिंग) के द्वारा होता है। निक्षालन की क्रिया के कारण सिलिका एवं चूने का अंश रिसकर नीचे चला जाता है तथा मृदा में लोहा तथा एल्यूमीनियम के यौगिक ही शेष बचते हैं। लैटेराइट मिट्टी में चूना, नाइट्रोजन, पोटाश एवं फास्फोरस की कमी होती है। चूने की कमी के कारण यह मिट्टी अम्लीय होती है। कम उर्वरा शक्ति वाली यह मिट्टी भारत के पूर्वी व पश्चिमी घाट, राजमहल की पहाड़ी, केरल, कर्नाटक के कुछ भागों तथा उड़ीसा एवं मेघालय के पठारी क्षेत्रों में पायी जाती है। लैटेराइट मिट्टी में चाय, कहवा, रबर, काजू, सिनकोना आदि की बागानी कृषि की जाती है। ज्ञातव्य है कि जलोढ़ मृदा में पोटाश व चूना की अधिकता तथा नाइट्रोजन, फास्फोरस व जीवांश तथा अभाव पाया जाता है। मरुस्थलीय मृदा में लवण व फास्फोरस की अधिकता तथा जीवांश व नाइट्रोजन की कमी पायी जाती है। **(स्रोत–भारत का भूगोल–चतुर्भुज मामोरिया)**

40. **चावल की खेती के लिए आदर्श जलवायु परिस्थितियां हैं–**

(a) rainfall above 100 cm, temperature above 25°C
100 सेमी. से ऊपर वर्षा और $25^0$ C से ऊपर ताप
(b) cool and moist climate for the entire crop period
फसल की पूरी अवधि के लिए ठंडी और नम जलवायु
(c) rainfall below 100 cm, temperature below 25°C/100 सेमी. से कम वर्षा $25^0$C से कम ताप
(d) warm and dry climate during the entire crop period/पूरी फसल अवधि में कुछ गरम और शुष्क जलवायु

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या**–चावल उष्ण आर्द्र कटिबन्ध का पौधा होने के कारण गर्म और आर्द्र प्रदेशों में विशेषकर उगाया जाता है। इसके लिए तापमान कम से कम $20^0$ सेल्सियस से $27^0$ सेल्सियस के बीच में होना चाहिए। वर्षा की मात्रा से 200 सेमी. होनी चाहिए।

# विश्व का भूगोल

## ब्रह्माण्ड एवं सौरमण्डल

41. **The colour of a star is an indication of its तारे का रंग सूचक है–**

(a) distance from the sun/सूर्य से दूरी का
(b) luminosity/उसकी ज्योति का
(c) distance from the earth/उसकी पृथ्वी से दूरी का
(d) temperature/उसके ताप का

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**–तारों के नियमित 'वर्णक्रम (Spectrum) अर्थात् उसकी तरंग दैर्ध्य की विकिरण की तीव्रता के आधार पर तारों के रंग को निर्धारित किया जाता है। किसी भी तारे का रंग उसके तापमान का सूचक होता है। सूर्य (एक तारा है) की सतह का तापमान $5500^0$C से $6000^0$ C होता है। सूर्य का रंग पीला होता है। तारों में नाभिकीय संलयन की क्रिया से ऊष्मा उत्पन्न होती है।
**(स्रोत–विश्व का भूगोल–सुरेश प्रसाद)**

42. **The time taken by the sun to revolve around the centre of our galaxy is /हमारी आकाश गंगा के केंद्र की परिक्रमा करने में सूर्य को समय लगता है–**

(a) 25 million years/2.5 करोड़ वर्ष
(b) 100 million years/10 करोड़ वर्ष
(c) 250 million years/25 करोड़ वर्ष
(a) 500 million years/50 करोड़ वर्ष

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**–आकाश गंगा असंख्य तारों का विशाल पुंज है। जिनमें अधिकांश तारे आँखों द्वारा दिखाई नहीं पड़ते। रात्रि को स्वच्छ आकाश में एक चमकदार मेहराब (Arch) दिखाई पड़ती है। भारत में इसे आकाश गंगा, यूरोप में मिल्की -वे तथा यूनान में इसे गैलेक्सी (Galaxy) कहते हैं। आकाश गंगा के केन्द्र की परिक्रमा करने में सूर्य को लगभग 25 करोड़ वर्ष का समय लगता है।
**(स्रोत–विश्व का भूगोल–सुरेश प्रसाद)**

43. **The length of its day and the tilt of its axis are almost identical to those of the earth'. This is true of/'एक ग्रह के दिन का मान और उसके अक्ष का झुकाव लगभग पृथ्वी के दिन मान और झुकाव के समतुल्य है।'**


(a) Uranus/यूरेनस के विषय में
(b) Neptune/नेपच्यून के विषय में
(c) Saturn/शनि के विषय में
(d) Mars/मंगल के विषय में

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**–मंगल ग्रह में पृथ्वी के समान ही दो ध्रुव (Poles) हैं। यह अपनी अक्ष पर $20^o$ के कोण पर झुका है, जिसकी वजह से यहाँ पृथ्वी की तरह ही ऋतु परिवर्तन होता है।
**(स्रोत–विश्व का भूगोल–सुरेश प्रसाद)**

## स्थल मण्डल

**44. Consider the map given below :**
**नीचे दिए हुए मानचित्र पर ध्यान दीजिए–**




**The numbers marked 1, 2, 3 and 4 respectively indicate the islands of /1, 2, 3 और 4 अंकित स्थान क्रमशः निम्नलिखित द्वीपों के द्योतक हैं–**

(a) the Bahamas, Azores, Falkland and Cape Verde
बहामा, एजोर, फॉकलैंड और वर्दे अंतरीप
(b) the Bahamas, Azores, Cape Verde and Falkland
बहामा, एजोर, वर्दे अंतरीप और फॉकलैंड
(c) Azores, Cape Verde, the Bahamas and Falkland
एजोर, वर्दे अंतरीप, बहमा और फॉकलैंड
(d) Cape Verde, the Bahamas, Falkland and Azores
वर्दे अंतरीप, बहामा, फॉकलैंड और एजोर

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**–प्रश्न में प्रस्तुत किए गए विश्व मानचित्र में 1, 2, 3, तथा 4 अंकों से अंकित किए गए स्थान क्रमशः (1) एजोर (2) वर्दे अन्तरीप (3) बहामा और (4) फॉकलैण्ड द्वीपों को प्रदर्शित करते हैं।

**45. The greatest diversity of animal and plant species occurs in /प्राणियों और पादपों की जातियों में अधिकतम विविधता मिलती है–**

(a) temperate deciduous forests/शीतोष्ण पर्णपाती वनों में
(b) tropical moist forests/उष्णकटिबंध के आर्द्र वनों में
(c) heavily polluted rivers/अत्यधिक प्रदूषित नदियों में
(d) deserts and savannas/मरुस्थलों और सवाना मैदानों में

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या**–विषुवत रेखा के दोनों और $10^o$ उत्तरी तथा $10^o$ दक्षिणी अक्षांशों के बीच ऊष्ण कटिबंधीय आर्द्र वन पाए जाते हैं यहाँ वर्ष भर उच्च औसत तापमान (लगभग $27^oC$) पाया जाता है, तथा साल भर वर्षा होती रहती है। उच्च तापमान तथा उच्च आर्द्रता (औसत वार्षिक वर्षा 200 सेमी) के कारण ये वन सदाबाहर सघन तथा पूर्ण हरित होते हैं। यहाँ पर महोगनी, ताड़, एबोनी, रोजवुड आदि के लम्बे वृक्ष पाए जाते हैं। ये वन प्रदेश द. अमेरिका के अमेजन बेसिन, अफ्रीका के कांगों बेसिन तथा एशिया में मलेशिया व इण्डोनेशिया में पाए जाते हैं। इस वन प्रदेश में प्राणियों की सर्वाधिक विविधता पायी जाती है।

**46. The acceleration due to gravity of a catastrophic earthquake will be /विनाशकारी भूकंप के गुरुत्व के कारण त्वरण होगा–**

(a) > 550 $cm/sec^2$/> 550 सेमी./से.2
(b) > 750 $cm/sec^2$/> 750 सेमी./से.2
(c) > 950 cm/sec2/> 950 सेमी./से.2
(d) > 980 $cm/sec^2$/> 980 सेमी./से.2

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**– विनाशकारी भूकम्प के गुरुत्व के कारण त्वरण का मान 980 $cm/sec^2$ या 9.8 $m/sec^2$ से अधिक होगा।

**47. When it is noon along 82° 30' E longitude along what degree of longitude it will be at 6.30 am?/जब $82^o$ 30' पू. देशान्तर पर मध्यान्ह हो तब प्रातः के 6.30 किस देशान्तर अंश पर बजेंगे?**

(a) along 165° E /$165^o$ पू. पर
(b) along 67°30' W/$67^o$ 30' प. पर
(c) 0° E or W/$0^o$ पू. या प. पर
(d) along 82° 30' W/$82^o$ 30' प. पर

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**–जब $82^o$30' पूर्वी देशान्तर जिसे भारत का मानक समय (Standard Time) माना जाता है, में मध्यान्ह अर्थात् ठीक 12 बजे होंगे, तब प्रातः के 6.30 बजने में लगा समय= 12-6.30=5.30 घण्टे होगा। अब 4 मिनट का समय 1 देशान्तर रेखा को पार करने में लगता है। इसलिए 5.30 घण्टे में प्राप्त देशान्तर होंगे -5×60 +30/4 = $82^o$30' देशान्तर। स्पष्ट है कि यह देशान्तर रेखा $0^o$ मध्यान्ह रेखा पर स्थित होगा। उल्लेखनीय है कि $0^o$ देशान्तर 'ग्रीनविच रेखा $0^o$ मध्यान्ह रेखा पर स्थित होगा। उल्लेखनीय है कि $0^o$ देशान्तर 'ग्रीनविच देशान्तर रेखा' है। जो लन्दन (इंग्लैंड) के पास से होकर गुजरती है। यह $0^o$ पूर्व अथवा पश्चिम दोनों ही होगा। इसे विश्व का 'ग्रीनविच मीन टाइम' कहा जाता है **(स्रोत–विश्व का भूगोल–सुरेश प्रसाद)**

**48. The first bird is believed to have appeared on the surface of the earth /पृथ्वी के तल पर प्रथम पक्षी का प्रादुर्भाव कब हुआ माना जाता है?**

(a) 300 million years ago/30 करोड़ वर्ष पूर्व
(b) 200 million years ago/20 करोड़ वर्ष पूर्व
(c) 150 million years ago/15 करोड़ वर्ष पूर्व
(d) 100 million years ago/10 करोड़ वर्ष पूर्व

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**–पृथ्वी के विभिन्न भागों से प्राप्त प्राचीन जीवाश्मों की जीव वैज्ञानिकों ने कार्बन डेटिंग द्वारा जो तिथि निर्धारित की है उसके आधार पर तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर पृथ्वी के तल पर सर्वप्रथम पक्षियों के प्रादुर्भाव की तिथि लगभग 13.5 करोड़ वर्ष पूर्व निश्चित की गई है। इस तथ्य के आधार पर प्रश्न का विकल्प (c) निकटतम सही उत्तर है **(स्रोत–विश्व का भूगोल–सुरेश प्रसाद)**

**49. An aeroplane takes off from 30° North Latitude, 50° East Longitude, and lands at the opposite end of the earth. Where does it land ?/एक विमान $30^o$ उत्तरी अक्षांश, $50^o$ पूर्वी देशान्तर से उड़ान भरता है और पृथ्वी पर विपरीत सिरे पर नीचे उतरता है वह कहाँ उतरेगा?**

(a) 30° North Lat., 50° West Long
$30^o$ उत्तरी अक्षांश, $50^o$ पश्चिमी देशान्तर
(b) 30° South Lat., 50° West Long
$30^o$ दक्षिणी अक्षांश, $50^o$ पश्चिमी देशान्तर
(c) 50° North Lat., 30° West Long
$50^o$ उत्तरी अक्षांश, $30^o$ पश्चिमी देशान्तर
(d) 30° South Lat., 130° West Long
$30^o$ दक्षिणी अक्षांश, $130^o$ पश्चिमी देशान्तर

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**– विकल्पों के अनुसार, एक विमान $30^o$ उत्तरी अक्षांश, $50^o$ पूर्वी देशांतर से उड़ान भरता है और पृथ्वी के विपरीत सिरे पर नीचे उतरता है। अतः वह $30^o$ दक्षिणी अक्षांश तथा (180-50) =$130^o$ पश्चिम देशांतर में उतरेगा। इस प्रकार विकल्प (d) सही है।

## आर्थिक भूगोल

**50. Match List I with List II and select the correct answer from the codes given below the lists :/सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए हुए कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए–**

| List I (Crops) सूची-I (फसलें) | List II(Crop Pests) सूची II (फसल नाशक जीव) |
|---|---|
| A. Rice/चावल | 1. Aphid/एफिड |
| B. Wheat/गेहूँ | 2. Gundhi bug/घुंडी मत्कुण |
| C. Sugarcane गन्ना | 3. Greasy cutworm 3. तेलिया कर्तन शलभ |
| D. Gram चना | 4. Top shoot borer moth 4. शीर्ष प्ररोह वेधक शलभ |
| | 5. Bollworm/गोलक शलभ |

(a) A-2, B-3, C-4 D-5 (b) A-3, B-1 C-2 D-4
(c) A-2, B-1 C-4 D-3 (d) A-5, B-4, C-1 D-3

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**–चावल जून-जुलाई में बोयी जाने वाली स्वपरागित फसल है। ग्रेमिनी कुल से चावल के पौधे का वानस्पतिक नाम 'ओराइजा सेटाइवा' है। धान (चावल) के पौधे का फसलनाशी कीट 'घुंडी मत्कुण' है। नवम्बर-दिसम्बर में बोई जाने वाली फसल गेहूँ क्षेत्रफल तथा उत्पादन दोनों ही दृष्टियों से धान के बाद विश्व की दूसरी महत्वपूर्ण खाद्यान्न फसल है। गेहूँ की फसल में एफिड नामक फसलनाशी कीट लगता है। दलहनी फसल चना को नुकसान पहुँचाने वाला कीट 'तेलिया कर्तन शलभ' है। चीनी उद्योग की आधारभूत नकदी फसल गन्ना का फसलनाशी कीट शीर्ष प्ररोह वेधक शलभ है। ज्ञातव्य है कि धान की फसल में 'भूरापर्ण चित्ती रोग' एवं 'खैरा रोग', गेहूँ में 'कन्डुआ' एवं 'रस्ट रोग', चना में 'उकठा रोग' तथा गन्ने की फसल में लाल सड़न (Red Rot) तथा 'कंड' (Smut) रोग प्रमुख रूप से लगते हैं। **(स्रोत–विश्व का भूगोल–सुरेश प्रसाद)**

**51. Which of the following is/are used as biofertilizers ?/निम्नलिखित में से किस/किन का उपयोग जैव-उर्वरक के रूप में किया जाता है?**

1. Azolla/अज़ोला
2. Bluegreen algae/नील हरित शैवाल
3. Alfalfa/एल्फैल्फा

**Select the correct answer using the codes given below./नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए–**

**Codes:**

(a) 2 alone/केवल 2 (b) 1 and 2/1 और 2
(c) 1 and 3/1 और 3 (d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या**–ऐसे जीवाणु जो अपनी शक्ति से वातावरणीय नाइट्रोजन का स्थिरीकरण करके तथा भूमि में स्थित फास्फोरस को पौधों को उपलब्ध कराकर पौधों की वृद्धि एवं विकास में सहायता के साथ-साथ मृदा की भौतिक अवस्था में भी सुधार करते हैं, जैव-उर्वरक कहलाते हैं। विभिन्न प्रकार की मृदा स्थिति तथा फसलों की प्रकृति के आधार पर जैव उर्वरकों को निम्नलिखित श्रेणियों में बांटा गया है–(1) नील हरित शैवाल और अजोला (2) एजोटोबैक्टर तथा एजोस्पाइरिलस (3) राइजोबियम। नील हरित शैवाल तथा अजोला धान के खेतों में नाइट्रोजन स्थिरीकरण में, एजोटोबैक्टर खाद्यन्न, तिलहन, नकदी फसलों, बागवानी फलों में, एजोस्पाइरिलस सूर्यमुखी तथा बाजरा की फसल में तथा राइजोबियम दलहनी फसलों में जैव उर्वरक के रूप में उपयोग में लाया जाता है

## जनसंख्या एवं नगरीकरण

**52. Which one of the following regions of Asia is experiencing the highest annual growth rate of population ?/एशिया के निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में जनसंख्या की वार्षिक वृद्धि दर अधिकतम है?**

(a) South Asia/दक्षिण एशिया
(b) South East Asia/दक्षिण-पूर्व एशिया
(c) Central Asia/मध्य एशिया
(d) West Asia/पश्चिमी एशिया

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – मध्य एशिया क्षेत्र की जनसंख्या की वार्षिक दर 2000-05 के दौरान 2.5% से अधिक और 2005-10 के दौरान 0.3% रही है। अतः प्रश्नकाल के दौरान विकल्प (c) सही उत्तर था।

## भारतीय संविधान एवं राजव्यवस्था

## नागरिकता, मूल अधिकार, मूल कर्त्तव्य, राज्य के नीति निदेशक तत्व

**53. The basic structure theory of the Constitution of India implies that /भारतीय संविधान की आधारभूत संरचना के सिद्धान्त का तात्पर्य है कि –**

(a) certain features of the Constitution are so essential to it that they cannot be abrogated संविधान के कुछ लक्षण ऐसे अनिवार्य हैं, कि उनका निराकरण नहीं किया जा सकता
(b) fundamental rights cannot be abridged or taken away /मूल अधिकारों को न कम किया जा सकता है, न उनको छीना जा सकता है
(c) the Constitution cannot be amended except in accordance with the procedure prescribed in Art, 368/संविधान का संशोधन केवल अनुच्छेद 368 में विहित प्रक्रिया से ही किया जा सकता है
(d) the Preamble of the Constitution cannot be amended for it is not a part of the Constitution and at the same time represents its real spirit/संविधान की उद्देशिका का संशोधन नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह संविधान का भाग नहीं है और साथ ही वह संविधान की आत्मा को प्रतिबिम्बित करती है

**उत्तर – (a)**

**व्याख्या** – यह शब्द सर्वोच्च न्यायालय ने केशवानन्द भारती बनाम भारत संघ के मामले में प्रयोग किया था। न्यायालय ने इसमें कहा था कि यद्यपि अनुच्छेद 368 के अधीन संसद की संशोधन शक्ति विस्तृत है, किन्तु असीमित नहीं है। संविधान के कुछ ऐसे अनिवार्य लक्षण हैं जिन्हें निराकृत कर वह आधारभूत ढाँचे को नष्ट नही कर सकती। अतः विकल्प (a) सही है।

**54. Freedom of the Press in India/भारत में समाचार पत्रों का स्वातंत्र्य –**

(a) is specifically provided in Article 19 (1)(a) of the Constitution/संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (a) में विशेष रूप से उपबंधित है।
(b) is implied in the wider freedom of expression guaranteed by Article 19(1)(a) of the Constitution/संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (a) में प्रत्याभूत अभिव्यक्ति के व्यापक स्वातंत्र्य में निहित है।

(c) is guaranteed under the provisions of Article 361 A of the Constitution /संविधान के अनुच्छेद 361 क के उपबंधों द्वारा प्रत्याभूत है।
(d) emanates from the operation of the Rule of Law In the country/देश में विधि के शासन के प्रवर्तन से ही उद्भूत होता है।

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – भारत के संविधान में समाचार-पत्रों एवं प्रेस की स्वतंत्रता का अलग से किसी भी अनुच्छेद में उल्लेख नहीं किया गया। परन्तु प्रेस की स्वतंत्रता संविधान के भाग-3 के अंतर्गत अनुच्छेद-19 (1) (क) द्वारा प्रत्याभूत विचार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के व्यापक परिप्रेक्ष्य में सम्मिलित है।

## संघ एवं राज्य की कार्यपालिका, आपात उपबन्ध

**55. Who among the following are appointed by the President of India?/निम्नलिखित में से किनकी नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है?**

1. **The Chairman, Finance Commission. वित्त आयोग का अध्यक्ष**
2. **The Deputy Chairman, Planning Commission योजना आयोग का उपाध्यक्ष**
3. **The Deputy Chairman, Planning Commission संघ राज्य-क्षेत्र का मुख्यमंत्री**

**Choose the correct answer from the codes given below./नीचे दिए हुए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 2 and 3 only/केवल 2 और 3

**उत्तर– (c)**

**व्याख्या** – भारतीय संविधान के अनुच्छेद-280 में एक वित्त आयोग की स्थापना का प्रावधान है। संविधान के अनुसार वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं चार सदस्यों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा पाँच वर्ष के लिए की जाती है। वित्त आयोग का कार्य केंद्रीय कर-राजस्व तथा केंद्रीय सहायता अनुदान में राज्यों के हिस्से का निर्धारण करना है। वित्त आयोग के अध्यक्ष तथा सदस्यों की भाँति ऐसे संघ राज्य क्षेत्र जहाँ पर विधानसभा का अस्तित्व है, के मुख्यमंत्रियों की भी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। ज्ञातव्य है कि दिल्ली तथा पांडिचेरी ऐसे केंद्र शासित क्षेत्र हैं जहाँ पर विधानसभा के गठन का प्रावधान है। इन दोनों संघ राज्यों के मुख्यमंत्री की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा ही की जाती है। प्रधानमंत्री योजना आयोग का पदेन अध्यक्ष होता है। योजना आयोग के उपाध्यक्ष की नियुक्ति प्रधानमंत्री द्वारा ही की जाती है।

## विधान-मण्डल : मंत्रिपरिषद

**56. नीचे दो वक्तव्य दिए हैं। जिनमें से एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है –**

**Assertion (A): In India, the political parties which formed the governments represented the majority of seats secured in the elections to the House of the People at the Centre and the Legislative Assemblies in the States but not the majority of votes.**

**कथन (A) :** भारत में केंद्रीय लोकसभा और राज्यों की विधान सभाओं के निर्वाचन में सदस्यों के बहुमत पाने वाले राजनैतिक दल ही सरकार बनाते रहे हैं न कि मतों का बहुमत पाने वाले।

**Reason (R):** The elections based on the majority vote system decide the result on the basis of relative majority of votes secured.

**कारण (R) :** बहुमत प्रणाली पर आधारित निर्वाचनों में प्राप्त मतों की आपेक्षिक बहुलता के आधार पर ही परिणाम का निर्णय होता है।

**In the context of the above statements, which one of the following is correct?/ऊपर के दो वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौनसा सही है?**

(a) Both A and R are true, and R is the correct explanation of A /A और R दोनों सही हैं तथा A की सही व्याख्या R करता है
(b) Both A and R are true, but R is not a correct explanation of A /A और R दोनों सही हैं पर A की सही व्याख्या R नहीं करता
(c) A is true, but R is false/A सही है पर R गलत है
(d) A is false, but R is true/A गलत है पर R सही है

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – भारत की लोकसभा (संसद का निम्न सदन) तथा राज्य विधान सभाओं के चुनाव में निर्धारित कुल सीटों में से सदस्यों का आधे से अधिक का बहुमत प्राप्त करने वाले राजनीतिक दल या गठबंधन ही सरकार बनाते हैं। चुनाव में पड़े कुल मतों के बहुमत प्राप्त करने वाले राजनीतिक दल को बिना सीटों का बहुमत प्राप्त किए सरकार बनाने का अधिकार नहीं मिलता। बहुमत प्रणाली पर आधारित चुनावों में सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाला प्रत्याशी ही विजयी होता है। मतों की आपेक्षिक बहुलता के आधार पर प्रत्याशियों की हार-जीत निश्चित होती है।

**57. Which one of the following statements is correct निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

(a) All the members of the Rajya Sabha are elected by State Legislative Assemblies /राज्य सभा के सभी सदस्यों का निर्वाचन राज्यों की विधान सभाएं करती हैं।
(b) As the Vice-President is the exofficio Chairman of the Rajya Sabha, only a member of the Rajya Sabha can contest for the office of the Vice-President /उपराष्ट्रपति राज्य सभा का पदेन सभापति होता है, अतः राज्य सभा का कोई सदस्य ही उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ सकता है।
(c) A point of difference between the Lok Sabha and the Rajya Sabha is that while a candidate to the Lok Sabha can contest from any State in India, a candidate to the Rajya Sabha should ordinarily be are resident of the State from where he is contesting/लोकसभा और राज्य सभा में एक बात में अंतर है कि लोकसभा का निर्वाचन तो कोई प्रत्याशी भारत के किसी भी राज्य से लड़ सकता है, पर राज्य सभा का प्रत्याशी सामान्यतः वहीं का होना चाहिए, जहाँ से वह प्रत्याशी बन रहा है।
(d) The Constitution of India explicitly prohibits the appointment of a nominated member of Rajya Sabha to the post of a minister /भारत के संविधान में राज्य सभा के नामित सदस्य की मंत्रिपद पर नियुक्ति का स्पष्ट शब्दों में निषेध है।

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – इस प्रश्न के हल के लिए हमें सभी विकल्पों पर विचार करना होगा। विकल्प (a) का परीक्षण करने पर हम पाते हैं कि राज्यसभा में 12 मनोनीत सदस्य भी होते हैं। विकल्प (b) में उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के लिए यह आवश्यक है कि वह राज्य

सभा का सदस्य बनने की योग्यता रखता हो न कि राज्यसभा का सदस्य हो। भारतीय संविधान में राज्य सभा सदस्य की मंत्री पद पर नियुक्ति का निषेध नहीं है।
**नोट–**प्रश्नकाल के दौरान विकल्प c सही था परन्तु वर्ष 2003 में संशोधन कर सरकार ने राज्य सभा के राज्य के निवासी होने की बाध्यता समाप्त कर दी है। अतः वर्तमान परिप्रेक्ष्य में चारों विकल्प गलत हैं।

## संघ एवं राज्य संबंध, प्रशासन, जम्मू-कश्मीर राज्य

**58. Which one of the following determines that the Indian Constitution is Federal?/निम्नलिखित में से किनसे विनिर्धारित होता है, कि भारत का संविधान परिसंघीय है?**

(a) A written and rigid Constitution
संविधान लिखित और अनम्य है
(b) An independent Judiciary/न्यायपालिका स्वतंत्र है
(c) Vesting of residuary powers with the Centre
अवशिष्ट शक्तियों का केंद्र में निहित होना
(d) Distribution of powers between the Centre and the States/केंद्र और राज्यों के बीच शक्तियों का वितरण

**उत्तर – (d)**

**व्याख्या** – भारतीय संघ व्यवस्था पर भली-भाँति दृष्टिपात करने से जो तथ्य सामने आता है, वह यह है कि यद्यपि हमारे संविधान का स्वरूप संघात्मक है तथापि उसकी आत्मा एकात्मक है। दूसरे शब्दों में जहाँ एक तरफ संघात्मक व्यवस्था अपनाने पर भी हमारे संविधान का झुकाव एकात्मक व्यवस्था की ओर अधिक है वहीं दूसरी तरफ केंद्र और राज्यों के बीच शक्तियों के वितरण से स्पष्ट होता है कि भारत का संविधान परिसंघीय है।
एक संघात्मक शासन व्यवस्था के लिए कुछ शर्तों का होना आवश्यक है जैसे- 1. लिखित एवं अनम्य संविधानं 2. शक्तियों का विभाजन 3. स्वतंत्र न्यायपालिका 4. संविधान की सर्वोच्चता आदि। उपर्युक्त विकल्पों में से एक से अधिक विकल्प सही हैं परन्तु सर्वाधिक मान्य विकल्प केन्द्र और राज्यों के बीच शक्तियों का वितरण है।

**59. In which respect have the Centre State relations been specifically termed as "municipal relations"? केंद्र-राज्य सम्बन्धों को विशेष रूप से किस प्रसंग में 'म्यूनिसिपल संबंध' कहा गया है?**

(a) Centre's control of the State in the legislative sphere/विधायन के क्षेत्र में राज्य पर केंद्र के नियंत्रण के प्रसंग में
(b) Centre's control of the State in financial matters
वित्तीय मामलों में राज्य पर केंद्र के नियंत्रण के प्रसंग में
(c) Centre's control of the State in the administrative sector/प्रशासनिक क्षेत्र में राज्य पर केंद्र के नियंत्रण के प्रसंग में
(d) Centre's control of the State in the planning process/योजना प्रक्रम में राज्य पर केंद्र के नियंत्रण के प्रसंग में

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – यह विश्लेषण वित्तीय मामलों में राज्य पर केंद्र के नियंत्रण के प्रसंग में यह कहा जाता है। क्योंकि प्रचलित व्यवस्था के अनुसार करों से प्राप्त होने वाली आय का प्रधान भाग केंद्र के हिस्से में आता है। फलतः राज्यों की योजनायें मूलतः अनुदानों पर ही आश्रित होकर रह गयी हैं। यह बात उस समय विशेष रूप से कही जाती है, जबकि केंद्र व राज्य दोनों में पृथक् राजनीतिक दल की सरकार हो। अतः विकल्प (b) को सही विकल्प कहा जा सकता है।

## न्याय व्यवस्था (संघ एवं राज्य)

**60. Which of the following statements regarding the advisory jurisdiction of the Supreme Court are correct ?/उच्चतम न्यायालय की परामर्शी अधिकारिता के विषय में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?**

**1. It is binding on the Supreme Court to give its opinion on any matter referred to it by the President./उच्चतम न्यायालय के लिए यह बाध्यकारी है, कि वह राष्ट्रपति द्वारा निर्देशित किसी भी मामले में अपना मत व्यक्त करे।**
**2. The full bench of the Supreme Court hears any reference made to it under its power of advisory jurisdiction./परामर्शी अधिकारिता की शक्ति के अधीन प्राप्त किसी निर्देश पर उच्चतम न्यायालय की पूर्ण पीठ सुनवाई करती है।**
**3. The opinion given by the Supreme Court on a reference under advisory jurisdiction is not binding on the government./परामर्शी अधिकारिता के अधीन प्राप्त निर्देश पर व्यक्त किया हुआ उच्चतम न्यायालय का मत सरकार पर बाध्यकारी नहीं होता।**
**4. Not more than one reference at a time can be made to the Supreme Court under its power of advisory jurisdiction./उच्चतम न्यायालय को उसकी परामर्शी अधिकारिता की शक्ति के अधीन एक बार में केवल एक ही निर्देश भेजा जा सकता है।**

**Select the answer from the codes given below:**
**नीचे दिए हुए कूटों की सहायता से उत्तर का चयन कीजिए –**

(a) I and II/1 और 2 (b) I and III/1 और 3
(c) II and III/2 और 3 (d) II and IV/2 और 4

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – अनुच्छेद 143 के अधीन राष्ट्रपति विधि या तथ्य के सारवान् प्रश्न के आधार पर सर्वोच्च न्यायालय से राय प्राप्त कर सकेगा। परन्तु ऐसी माँगी गयी राय पर सर्वोच्च न्यायालय राय देने के लिए बाध्य नहीं है और यदि ऐसी कोई राय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा राष्ट्रपति को दी गई हो तो राष्ट्रपति उस राय को मानने के लिए बाध्य नहीं है अर्थात अनुच्छेद 143 की राय सर्वोच्च न्यायालय तथा राष्ट्रपति दोनों पर बाध्यकारी नहीं है। परन्तु अनुच्छेद 131 के अधीन यदि राष्ट्रपति उच्चतम न्यायालय से राय मांगता है तो सर्वोच्च न्यायालय राय देने के लिए बाध्य होगा। साथ ही परामर्शी अधिकारिता के अधीन राय देने के लिए गठित बेंच में न्यूनतम 5 जजों द्वारा सुनवाई किया जाएगा। (अर्थात् संविधान पीठ द्वारा)

## निर्वाचन आयोग, राजभाषा

**61. Which of the following electoral systems have been adopted for various elections in India?भारत के विविध निर्वाचनों के लिए निम्नलिखित में से कौन-कौन सी निर्वाचन प्रणालियाँ स्वीकृत की गई हैं?**

1. System of direct elections on the basis of adult suffrage./वयस्क मताधिकार के आधार पर प्रत्यक्ष निर्वाचन प्रणाली
2. System of proportional representation by means of the single transferable vote.एकल संक्रमणीय मत के द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व की प्रणाली
3. List system of proportional representation.
आनुपातिक प्रतिनिधित्व की सूची प्रणाली
4. Cumulative system of indirect elections./अप्रत्यक्ष निर्वाचन की संचयी मतदान प्रणाली

**Select the correct answer from the codes given below./नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए–**

(a) 1 and 2/1 और 2 (b) 1 and 3/1 और 3
(c) 1, 2 and 3/1, 2 और 3 (d) 2, 3 and 4/2, 3 और 4

**उत्तर – (a)**

**व्याख्या**– भारत में निर्वाचन की प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों ही निर्वाचन प्रणालियाँ अपनाई गई हैं। लोकसभा तथा राज्य विधानसभाओं के चुनाव वयस्क मताधिकार के आधार पर प्रत्यक्ष ढंग से सम्पन्न होते हैं जबकि राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, राज्यसभा तथा विधान परिषदों के हेतु निर्वाचन एकल संक्रमणीय मत प्रणाली के माध्यम से आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से सम्पन्न होता है।

**62. Given below are voting percentage of a political party secured in three successive elections to the Lok Sabha:/नीचे किसी राजनीतिक दल द्वारा लोकसभा के लगातार तीन निर्वाचनों में प्राप्त मतों की प्रतिशतता दी गयी है –**

| Years/वर्ष | 1984 | 1989 | 1991 |
|---|---|---|---|
| Percent Votes : | 7.4 | 11.4 | 22.4 |
| मतों की प्रतिशतता | 7.4 | 11.4 | 22.4 |

**The party which secured these percentages of votes was/जिस दल ने मतों की उपर्युक्त प्रतिशतता प्राप्त की, वह था–**

(a) Congress (I)/काँग्रेस (ई)
(b) Bahujan Samaj Party/बहुजन समाज पार्टी
(c) Bharatiya Janata Party/भारतीय जनता पार्टी
(d) Communist Party of India (Marxist) भारतीय साम्यवादी दल (मार्क्सवादी)

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – सारणी में दिए गए लोकसभा के लगातार तीन निर्वाचनों में प्राप्त मतों की प्रतिशतता से स्पष्ट होता है, कि भारतीय जनता पार्टी नामक राजनीतिक दल ने पिछले 1984, 1989 तथा 1991 के चुनावों में मतों का यह प्रतिशत प्राप्त किया। भाजपा ने 1984 के लोकसभा चुनाव में कुल 2 सीटें तथा 7.4 प्रतिशत मत, 1989 के लोकसभा चुनाव में 86 सीटें तथा 11.4 प्रतिशत मत तथा 1991 के लोकसभा चुनाव में 119 सीटें तथा 22.4 प्रतिशत मत प्राप्त किया था।

**63. Which one of the following statements regarding 'Exit Poll' is correct ?/'निर्गत मत सर्वेक्षण' के विषय में कौन सा कथन सही है?**

(a) 'Exit Poll' is a term used to denote a post-election survey of voters regarding the candidate in whose favour they had exercised their franchise /'निर्गत मत सर्वेक्षण' अभिव्यक्ति का प्रयोग मतदाताओं के उस निर्वाचनोत्तर सर्वेक्षण को व्यक्त करता है, जिससे यह पता चले कि मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किस प्रत्याशी के पक्ष में किया।
(b) 'Exit Poll' and 'Opinion Poll' are one and the same /'निर्गत मत सर्वेक्षण' और 'जनमत सर्वेक्षण' एक ही बात है।
(c) 'Exit Poll' is a device through which results of voting can be most exactly predicted /'निर्गत मत सर्वेक्षण' वह युक्ति है, जिससे मतदान के परिणामों के विषय में अधिकतम सही पूर्वानुमान किया जा सकता है।
(d) 'Exit Poll' is an administrative device made recently by the Chief Election Commissioner to prevent impersonation /'निर्गत मत सर्वेक्षण' हाल ही में मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा निकाली गयी प्रशासनिक युक्ति है, जिससे पररूपधारण करके मतदान रोका जा सकता है।

**उत्तर – (a)**

**व्याख्या**– निर्गत मत सर्वेक्षण (Exit Poll Servey) मीडिया द्वारा किसी भी चुनाव के समय मतदान करके निकलने वाले मतदाताओं द्वारा विविध पार्टियों, प्रत्याशियों के पक्ष में किए गए मतदान के अध्ययन एवं विश्लेषण पर आधारित युक्ति है, जिसके द्वारा मतगणना के परिणामों के घोषित होने के पूर्व ही परिणामों के बारे में सही पूर्वानुमान लगाने का प्रयास किया जाता है।

**64. Which of the following is/are among the functions of the Election Commission of India ?/भारत के निर्वाचन आयोग के निम्नलिखित में से कौन से कृत्य हैं?**

1. Conduct of election for the posts of the Speaker and the Deputy Speaker, Lok Sabha and the Deputy Chairman, Rajya Sabha./लोकसभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष तथा राज्य सभा के सभापति पदों के लिए निर्वाचन करवाना
2. Conduct of election to the Corporations and Municipalities./नगरपालिकाओं और नगर-निगमों के लिए निर्वाचन करवाना
3. Deciding on all doubts and disputes arising out of the elections. /निर्वाचनों से उत्पन्न सभी संदेहों और विवादों का निर्णय

**Select the correct answer from the codes given below./नीचे दिए हुए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए**

(a) 1 and 2 /1 और 2 (b) 1 and 3 /1 और 3
(c) 2 and 3/ 2 और 3 (d) None of these /कोई नहीं

**उत्तर – (d)**

**व्याख्या** – उपरोक्त प्रश्न में संकेत (1) का कार्य सदस्य स्वयं करते हैं। संकेत (2) का कार्य राज्य निर्वाचन आयोग का है जबकि संकेत (3) के लिए न्यायालय है। अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

# अर्थव्यवस्था

## आर्थिक नियोजन एवं राष्ट्रीय आय/बजट

**65. A major shift in the 8th FiveYear Plan from its preceding ones is/पूर्ववर्ती योजनाओं की तुलना में आठवीं पंचवर्षीय योजना में मुख्य परिवर्तन है –**

(a) the significant reduction in pubic sector outlays लोक क्षेत्रक के परिव्यय में प्रभूत कमी
(b) the concentration of pubic investment in infrastructural sectors /अवसंरचनात्मक क्षेत्रकों में लोक निवेशों का संकेंद्रण
(c) major investment in agriculture with a view to promote exports/निर्यात के संवर्द्धन की दृष्टि से कृषि में प्रमुख निवेश
(d) major investment in sectors in which industrial sickness has been a chronic problem/उन क्षेत्रकों में प्रमुख निवेश जिनमें औद्योगिक रुग्णता चिरंतन समस्या है

**उत्तर – (a)**

**व्याख्या** – प्रश्नकाल के दौरान आठवीं पंचवर्षीय योजना में यह प्रस्ताव किया गया था कि सार्वजनिक क्षेत्र में 45 प्रतिशत विनियोग किया जाएगा और निजी क्षेत्र द्वारा विनियोग में 55 प्रतिशत का योगदान किया जाएगा। स्पष्टतया सार्वजनिक क्षेत्र के प्रति हमारे दृष्टिकोण में परिवर्तन के कारण कुल विनियोग में निजी क्षेत्र में विनियोग की ओर अधिक झुकाव हुआ है। तुलना की दृष्टि से यह उल्लेख करना रुचिकर होगा कि पांचवीं योजना के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र में विनियोग का भाग लगभग 58 प्रतिशत था जो छठीं योजना में 59 प्रतिशत, सातवीं योजना में लगभग 48 प्रतिशत था। परन्तु आठवीं योजना में केवल 45 प्रतिशत ही परिकल्पित किया गया।

**66. The principal reason why national, economic planning is still being pursued inspite of embracing a market economy since 1991 is that यद्यपि 1991 से बाजार अर्थव्यवस्था स्वीकृत कर ली गई है, फिर भी राष्ट्रीय आर्थिक योजना अभी चालू है। इसका मुख्य कारण क्या है?**

(a) it is a Constitutional requirement
यह सांविधानिक अपेक्षा है
(b) the vast quantity of capital already deployed in the public sector needs to be nurtured/लोक क्षेत्रक में पहले से लगायी गयी भारी मात्रा की पूँजी की देखभाल आवश्यक है
(c) Five Year Plans can continue to provide a long term perspective to the economy in market friendly fashions/पंचवर्षीय योजनाएं बाजार समर्थक रीति से अर्थव्यवस्था को दीर्घावधि परिप्रेक्ष्य प्रदान करती रह सकती है
(d) the market economy is mainly confined to industry and commerce and central planning in agriculture is necessary /बाजार अर्थव्यवस्था मुख्यतः उद्योग और वाणिज्य तक सीमित है और कृषि में केंद्रीय योजना आवश्यक है

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या** – भारत में 1991 ई. अर्थव्यवस्था के उदारीकरण तथा सार्वभौमीकरण की नीति को स्वीकार करके बाजार अर्थव्यवस्था को लागू किया गया, परन्तु बाजार व्यवस्था को लागू किए जाने के बाद भी राष्ट्रीय आर्थिक योजना तथा सार्वजनिक आर्थिक नियोजन अब भी अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है। इसका मुख्य कारण यह है कि पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से बाजार समर्थक रीति से अर्थव्यवस्था को दीर्घकालीन परिप्रेक्ष्य प्रदान किया जा सकता है। इस प्रकार विकल्प (c) सही है।

**67. Fiscal deficit in the Union Budget means संघीय बजट में राजकोषीय घाटे का अर्थ है –**

(a) the sum of budgetary deficit and net increase in internal and external borrowings/बजट घाटे और आंतरिक तथा बाह्य ऋणादान में निवल वृद्धि का योग
(b) the difference between current expenditure and current revenue/चालू व्यय और चालू राजस्व का अंतर
(c) the sum of monetized deficit and budgetary deficit/मुद्रीकृत घाटे और बजट घाटे का योग
(d) net increase in Union Government's borrowing from the Reserve Bank of India/भारतीय रिजर्व बैंक से संघ सरकार द्वारा किए गए ऋणादान में हुई निवल वृद्धि

**उत्तर – (a)**

**व्याख्या** – राजकोषीय घाटा = बजट व्यय (राजस्व व्यय + पूँजीगत व्यय) – उधार छोड़कर बजट प्राप्तियाँ (राजस्व प्राप्तियाँ + उधार छोड़कर पूँजीगत प्राप्तियाँ) राजकोषीय घाटा कहलाता है। राजकोषीय घाटे की वृद्धि आन्तरिक तथा बाह्य आर्थिक स्थिरता को प्रभावित करती है, अर्थव्यवस्था को ऋण जाल की ओर ले जाती है तथा पूँजी बाजार से संसाधनों को क्राउड आउट करती है।

## कृषि, उद्योग एवं व्यापार

**68. 'Self sufficiency' in food. In the true sense freedom from hunger, has not been achieved in India in spite of a more than threefold rise in food grains production over 1950-1990. Which of the following are the reasons for it?**
**1950-90 की अवधि में भारत में खाद्यान्नों का उत्पादन बढ़कर तीन गुने से अधिक हो गया है, फिर भी सही अर्थ में आत्मनिर्भरता, जिसका तात्पर्य है भूख से मुक्ति, नहीं प्राप्त की जा सकी है। इसके निम्नलिखित में से कौन से कारण हैं?**

1. The green revolution has been restricted to small pockets of the country./हरित क्रान्ति देश के छोटे-छोटे खंडों तक सीमित रही है।
2. The cost of food is too high compared to the earnings of the poor./गरीबों की कमाई की तुलना में खाद्य के भाव बहुत अधिक हैं।
3. Too much emphasis is laid on wheat and paddy compared to the coarse grains./मोटे अनाजों की तुलना में गेहूँ और धान पर अत्यधिक बल दिया गया है।
4. The gains of the green revolution have largely accrued to the cash crop rather than food crops./हरित क्रान्ति के अधिकांश लाभ नकदी फसलों को ही मिले हैं, खाद्य फसलों को नहीं।

**Select the correct answer from the codes given below./निम्नलिखित कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए**

**Codes :**

(a) 1, 2 and 3/1, 2 और 3 (b) 1, 2 and 4/1, 2 और 4
(c) 1, 3 and 4/1, 3 और 4 (d) 2, 3 and 4/ 2, 3 और 4

**उत्तर – (a)**

**व्याख्या** – यह सत्य है कि हरित क्रान्ति के अधिकांश लाभ देश के छोटे-छोटे सीमित खण्डों तक ही सिमट कर रह गए हैं। साथ ही साथ खाद्यान्नों के भाव में अत्यधिक वृद्धि से बड़े किसानों का लाभ तो बढ़ा किन्तु छोटे किसानों को कोई राहत न मिली। हरित क्रान्ति का प्रभाव कुछेक फसलों मसलन गेहूँ और धान तक ही अत्यधिक कारगर साबित हुआ। मोटे अनाजों पर इसका प्रभाव नगण्य या अत्यन्त कम रहा।

**69. Which of the following statements about the Dunkel draft is/are correct?/डंकल प्रस्तावों के विषय में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**

1. It is mandatory for the Government of India to accept all its proposals in all the sectors./भारत सरकार के लिए उसके सभी प्रस्तावों को सभी क्षेत्रकों के लिए स्वीकार करना अनिवार्य है।
2. In the field of agriculture, the main proposal is to cut agricultural subsidies./कृषि के क्षेत्र में मुख्य प्रस्ताव है - कृषि संबंधी उपदानों की समाप्ति।
3. In the field of textiles, it reiterates the operation of the multi fibre agreement./वस्त्र के क्षेत्र में वह बहुतंतु करार के प्रवर्तन को दोहराता है।
4. The proposals have already been accepted by the Parliament./प्रस्तावों को संसद पहले ही स्वीकार कर चुकी है।

**Select the correct answer from the codes given below./नीचे दिए हुए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए**

**Codes :**

(a) 1 only /केवल 1
(b) 1 and 2 only /केवल 1 और 2
(c) 1, 2 and 4only/केवल 1, 2 और 4
(d) 3 and 4 only/केवल 3 और 4

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – आर्थर डंकेल ने 20 सितम्बर, 1991 को 108 सदस्यीय देशों की नई विश्व व्यापार व्यवस्था बनाने हेतु 500 पृष्ठीय प्रस्ताव पेश किया। यह प्रस्ताव अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से सम्बन्धित विभिन्न तथ्यों का परीक्षण करता था। इसके अंतर्गत तटकर तथा गैर-तटकर अवरोध और बचाव, कृषि-सब्सिडी, व्यापार से सम्बन्धित बौद्धिक सम्पदा अधिकार (ट्रिप्स), व्यापार से सम्बन्धित निवेश उपाय (ट्रिम्स) आदि तथ्यों पर चर्चा की गई है। वास्तव में प्रस्ताव का मूल उद्देश्य विकासशील देशों के निजी पेटेंट कानूनों को समाप्त करना है, क्योंकि इन देशों के पेटेंट कानून बहुराष्ट्रीय निगमों, जो कि अधिकांशतः अमेरिका और उसके साथी देशों के हैं, के हित के विरुद्ध है। इस प्रस्ताव का सबसे विवादास्पद मुद्दा कृषि क्षेत्र की सब्सिडी का है।

**70. Which of the following are correctly matched?/निम्नलिखित में कौन से सही सुमेलित हैं?**

| A<br>Establishment of Manufacturing Industries<br>विनिर्माण उद्योगों की स्थापना | B<br>Year<br>वर्ष | C<br>Place<br>स्थान |
|---|---|---|
| 1. Setting up of the first cotton mill | 1854 | Bombay |
| 1. प्रथम सूती मिल की स्थापना | 1854 | बम्बई |
| 2. Manufacture of the first machine made paper | 1870 | Near Culcutta |
| प्रथम मशीन निर्मित कागज का | 1870 | कलकत्ते के पास |
| 3. Setting up of the first cement factory | 1904 | Madras |
| 3. प्रथम सीमेंट फैक्ट्री की स्थापना | 1904 | मद्रास |

**Choose the correct answer from the codes given below:/नीचे दिए हुए कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए –**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(c) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – प्रथम मशीन निर्मित कागज का विनिर्माण 1832 में रिसरा (प. बंगाल) में हुआ था। प्रथम एकल सूती मिल की स्थापना 1854 में बम्बई के पास तथा प्रथम सीमेंट फैक्ट्री की स्थापना 1904 में मद्रास के पास की गई थी।

**71. The density of cattle population per 100 hectares of gross cropped area is the highest in /प्रति 100 हेक्टेयर सकल कृष्य क्षेत्र में मवेशियों की संख्या का घनत्व सबसे अधिक है –**

(a) Bihar/बिहार में
(b) Haryana/हरियाणा में
(b) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश में
(d) Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश में

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – प्रति 100 हेक्टेयर सकल कृषि क्षेत्र में मवेशियों की संख्या का सर्वाधिक घनत्व हरियाणा राज्य में है। उल्लेखनीय है कि हिसार (हरियाणा) में ही 'केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान' की स्थापना की गई है। सन् 1998 से भारत विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है। प्रमुख उत्पादक राज्य निम्नलिखित हैं – उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान तथा आंध्र प्रदेश। पशुधन के विकास के लिए प्रथम पंचवर्षीय योजना में मूल-ग्राम योजना, 1964-65 में सघन पशु विकास कार्यक्रम तथा 1970 में भारतीय डेयरी निगम एवं श्वेत क्रान्ति (ऑपरेशन फ्लड) योजना संचालित की गई।

**72. Even though the Railways are the most pervasive mode of transport in India, it is the road transport which received the maximum impetus in most of the post-independence period. Which of the following are the reasons for this?/यद्यपि रेलवे भारत में सबसे अधिक व्यापक परिवहन साधन है, पर स्वतंत्रता के बाद की अधिकांश अवधि में सड़क परिवहन को सर्वाधिक प्रोत्साहन मिला है। इसके निम्नलिखित में से कौन से कारण हैं?**

1. Railways are cheap to operate but the associated capital costs are very high./रेल परिवहन परिचालन में सस्ता है पर उसकी संबद्ध पूँजी लागत बहुत अधिक है।
2. Given the geographic spread of the human settlements, it is unrealistic that the railways alone can serve the needs of transport./मानव बस्तियों का भौगोलिक विस्तार इतना अधिक है कि केवल रेलवे से ही परिवहन की सारी आवश्यकताओं की पूर्ति की आशा करना अवास्तविक है।
3. The per unit (tonne/km) cost of transport is cheaper in road compared to rail transport./रेल परिवहन की तुलना में सड़क परिवहन की प्रति एकक (मीटरी टन/किमी.) लागत सस्ती है।
4. Given the indivisible nature of the Railways, it is not always convenient for the population to avail it with the same ease as private cars, buses or two wheelers./रेलवे का स्वरूप अविभाज्य होने के कारण जनता के लिए प्रायः इसका लाभ उठाना उतना सुविधाजनक नहीं होता जितना निजी कारों, बसों तथा दुपहिया वाहनों से लाभ उठाना होता है।

**Select the correct answer from the codes given below/नीचे दिए हुए कूटों से सही उत्तर चयन कीजिए –**

**Codes:**

(a) 1, 2 and 3/1, 2 और 3 (b) 1, 2 and 4/1, 2 और 4
(c) 1, 3 and 4/1, 3 और 4 (d) 2, 3 and 4/2, 3 और 4

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – रेलवे भारत में परिवहन का सबसे बड़ा साधन तथा सबसे बड़ा नियोक्ता संस्थान है। भारतीय रेलवे विश्व का दूसरा सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क है। इसके बावजूद स्वतंत्रता के पश्चात् रेलवे की अपेक्षा सड़क परिवहन को अधिक प्रोत्साहन मिला है। सड़क परिवहन की अधिकता का कारण – (1) रेल परिवहन के परिचालन के सस्ते होने पर भी उसकी सम्बद्ध पूँजी लागत का अधिक होना, (2) व्यापक भौगोलिक क्षेत्र में विस्तृत मानव बस्तियों की परिवहन आवश्यकताओं की पूर्ति करने में रेल परिवहन की असमर्थता तथा (3) रेलवे का अविभाज्य स्वरूप के कारण जनता के लिए निजी वाहनों की अपेक्षा रेल सेवाओं को प्राप्त करने में होने वाली असुविधा प्रमुख है।

**73. Which of the following are the purposes to which the National Renewal Fund has been set up ? निम्नलिखित में से किन प्रयोजनों के लिए राष्ट्रीय नवीकरण निधि की स्थापना की गयी है?**

1. To restructure sick small scale industries./रुग्ण लघु उद्योगों की पुनः संरचना के लिए
2. To help workers likely to be displaced due to retrenchment in the process of industrial restructuring./औद्योगिक पुनः संरचना के प्रक्रम में छंटने के फलस्वरूप विस्थापित होने वाले कामगारों की सहायता के लिए
3. To modernise existing industrial units. विद्यमान औद्योगिक इकाई के आधुनिकीकरण के लिए